CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :30°C
न्यूनतम: 20°C

लखनऊ, बुधवार 11 मार्च 2026 लखनऊ संस्करण: वर्ष 17 अंक 124 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | फाल्गुन कृष्ण पक्ष 6 विक्रमी सम्वत् 2082 | 21 रमज़ान 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



मिडिल ईस्ट में युद्ध की धमक वेस्ट यूपी तक पहुंची पेज 2



आईसीसी आचार संहिता के उल्लंघन में अर्शदीप पर लगा जुर्माना खेल टाइम्स



परिसीमन 2026 : लोकतंत्र का संतुलन या राजनीति की नई जंग सम्पादकीय



ईरान जंग का असर: 9 एशियाई देशों में तेल संकट गहराया पेज 12

## 21वां रोज़ा

### दोजख से निजात का अशरा



इक्कीसवें रोज़े से तीसवें रोजे तक के दस दिन/दस रातें रमजान माह का आखिरी अशरा कहलाती हैं। चूंकि आखिरी अशरे में ही लैलतुल कद्र/शबे-कद्र जिसमें रात जागकर अल्लाह का जिक्र किया जाता है तथा जिस रात को बहुत अज्र की रात माना जाता है। क्योंकि शबे-कद्र से कुरआन का नुजूल शुरू हुआ था, इसलिए इसे दोजख से निजात का अशरा भी कहा जाता है। शरई तरीके से रखा गया रोज़ा दोजख से निजात दिलाता है। कुरआने-पाक में इरशाद फरमाया- आप (सल्ल.)कह दीजिए कि अल्लाह ही तुमको उनसे निजात देता है। मतलब यह हुआ कि लोगों को अल्लाह ही हर रंजो-गम और दोजख से निजात देता है। सवाल यह उठता है कि अल्लाह तक पहुंचने और निजात को पाने का रास्ता और तरीका क्या है? इसका जवाब है कि सब्र और सदाकत के साथ रखा गया रोज़ा ही अल्लाह तक पहुंचने और दोज़ख से निजात पाने का रास्ता और तरीका है।

# जल्द समाप्त होगा ईरान से युद्ध : अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प

### कहा: युद्ध लगभग पूरा हो चुका, अमेरिका अपने निर्धारित समय से काफी आगे चल रहा

**वाशिंगटन/फ्लोरिडा।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान के साथ जारी सैन्य संघर्ष पर कई महत्वपूर्ण लेकिन अलग तरह के बयान देते हुए कहा है कि युद्ध लगभग पूरा हो चुका है और अमेरिका अपने निर्धारित समय से काफी आगे चल रहा है।

ट्रम्प ने फ्लोरिडा के डोराल में मीडिया को संबोधित करते हुए दावा किया है कि 28 फरवरी को युद्ध शुरू होने के बाद से अब तक अमेरिका और इजरायल ने ईरान के पांच हजार ठिकानों पर हमले किए हैं। युद्ध को लगभग पूरा हो जाने की बात बताने के कुछ घंटों बाद फ्लोरिडा में फिर से ईरान के विषय पर बोलते हुए राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा कि हमने एक छोटी यात्रा की क्योंकि हमें लगा कि कुछ बुराई को खत्म करने के लिए ऐसा करना जरूरी था। उन्होंने आगे कहा कि मुझे लगता है कि आप देखेंगे कि यह एक बहुत ही कम समय की यात्रा होने जा रही है। राष्ट्रपति ने अपने संबोधन में कहा कि हमने पहले ही कई मायनों में जीत हासिल कर ली है, लेकिन हमने अभी पर्याप्त जीत हासिल नहीं की है। उन्होंने संकल्प जताते हुए कहा कि हम इस लंबे समय से चले आ रहे खतरे को हमेशा के लिए समाप्त करने और अंतिम जीत हासिल करने के लिए पहले से कहीं अधिक दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ रहे हैं। अपनी औपचारिक प्रेस वार्ता के दौरान ट्रम्प ने दोहराया कि ईरान में सैन्य अभियान एक जबरदस्त सफलता रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि वह यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि ईरान आने वाले लंबे समय तक परमाणु हथियार विकसित न कर सके। अमेरिका के पास अभी भी ईरान में कुछ लक्ष्य हैं, जिन्हें महज एक दिन में नष्ट किया जा सकता है। इसके बावजूद राष्ट्रपति ने आश्वासन दिया कि युद्ध बहुत जल्द समाप्त हो जाएगा।



## ट्रम्प के ऐलान से गिरे कच्चे तेल के दाम

**तेहरान/तेल अवीव / वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के उस बयान के बाद अंतर्राष्ट्रीय बाजार में 100 डॉलर को पार कर चुकी कच्चे तेल की कीमतें गिरकर 90 डॉलर के नीचे आ गई हैं, जिसमें दावा किया गया है कि ईरान के खिलाफ अभियान 'लगभग पूरा' हो चुका है और युद्ध जल्द समाप्त होगा। ट्रम्प ने ईरान के साथ जारी सैन्य संघर्ष पर कई महत्वपूर्ण लेकिन अलग तरह के बयान देते हुए कहा है कि युद्ध लगभग पूरा हो चुका है और अमेरिका अपने निर्धारित समय से काफी आगे चल रहा है। उन्होंने दावा किया है कि 28 फरवरी को युद्ध शुरू होने के बाद से अब तक अमेरिका और इजरायल ने ईरान के पांच हजार ठिकानों पर हमले किए हैं। श्री ट्रम्प के ईरान के साथ युद्ध जल्द समाप्त होने के बयान के बाद अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल में करीब पांच प्रतिशत की गिरावट रही और यह 100 डॉलर प्रति बैरल के नीचे आ गया। कच्चे तेल का मानक लंदन का ब्रेंट क्रूड वायदा 4.1 प्रतिशत टूटकर 94.20 डॉलर प्रति बैरल पर रहा।




## BCCI भारतीय टीम को 131 करोड़ का इनाम देगा

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने टी-20 विश्व कप खिताब का सफलतापूर्वक बचाव करने वाली भारतीय टीम के लिए 131 करोड़ रुपये के नकद इनाम की घोषणा की है। बीसीसीआई ने एक बयान जारी करते हुए कहा कि बीसीसीआई खिलाड़ियों, सपोर्ट स्टाफ और चयनकर्ताओं को इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए एक बार फिर बधाई देता है और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है। रविवार को हुए फाइनल में भारत ने न्यूजीलैंड को 96 रन से हराया था। भारत ने रिकॉर्ड तीसरी बार टी-20 विश्व कप जीता।

# देश में UCC लागू करने का समय आ गया: SC

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि देश में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने का समय आ गया है। इस पर फैसला करना कोर्ट के बजाय संसद का काम है। सुप्रीम कोर्ट शरीयत कानून 1937 की कुछ धाराओं को रद्द करने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई कर रहा था। इन धाराओं से मुस्लिम महिलाओं के साथ भेदभाव का आरोप था।

सीजेआई सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्य बागची और जस्टिस आर महादेवन की बेंच ने कहा कि शरीयत कानून की धाराएं रद्द कर दी गईं तो मुस्लिम समुदाय में संपत्ति के बंटवारे को लेकर कोई स्पष्ट कानून नहीं बचेगा। इससे कानूनी खालीपन पैदा हो सकता है। सुप्रीम कोर्ट पहले भी कई बार सरकार से समान नागरिक संहिता लागू करने को कह चुका है। अलग-अलग समुदायों के लिए अलग नियम हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि हम सीधे किसी कानून को असंवैधानिक घोषित कर दें। याचिकाकर्ता के वकील प्रशांत भूषण ने कहा कि कोर्ट यह घोषित कर सकती है कि मुस्लिम महिलाओं को भी पुरुषों के बराबर संपत्ति में अधिकार मिलना चाहिए, अगर शरीयत कानून की कुछ धाराएं रद्द होती हैं, तो ऐसे मामलों में भारतीय उत्तराधिकार कानून लागू किया जा सकता है। इस पर बेंच ने कहा कि इस मुद्दे का स्थायी समाधान समान नागरिक संहिता ही है, लेकिन इसे लागू करने का फैसला संसद को लेना होगा। यह नीतिगत मामला है, और कानून बनाना संसद का अधिकार है। शरीयत कानून 1937, जिसे मुस्लिम पर्सनल ला (शरीयत) एप्लीकेशन एक्ट कहा जाता है, ब्रिटिश शासन के समय बनाया गया एक कानून है। इसका उद्देश्य यह तय करना था कि भारत में मुसलमानों के निजी और पारिवारिक मामलों में इस्लामी कानून यानी शरीयत लागू होगा।

### कहा: संसद फैसला करे, शरीयत कानून में सुधार की जल्दबाजी न करें, इससे नुकसान की संभावना



## एसआईआर पर न्यायिक अधिकारियों के काम में बाधा न हो

**नई दिल्ली।** प. बंगाल में चल रही विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने अहम निर्देश जारी किए हैं। अदालत ने राज्य सरकार व चुनाव आयोग से कहा है कि न्यायिक अधिकारियों को अपना काम सुचारू रूप से करने के लिए उचित और निर्बाध परिस्थितियां उपलब्ध कराई जाएं। तीन जजों की पीठ ने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया में तैनात न्यायिक अधिकारियों ने अब तक मतदाता सूची से हटाए जाने के खतरे का सामना कर रहे लोगों की 10.16 लाख आपत्तियों और दावों पर सुनवाई की है।

## उप्र में कर्मचारियों की संपत्ति की वार्षिक घोषणा अनिवार्य हुई

**लखनऊ (ब्यूरो)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में 30 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई।

इनमें सरकारी कर्मचारियों की संपत्ति और निवेश पर सख्ती, प्रॉपर्टी रजिस्ट्री में पारदर्शिता, ग्रामीण परिवहन सेवा का विस्तार तथा आवास योजनाओं से जुड़े कई अहम निर्णय शामिल हैं। कैबिनेट बैठक के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में मंत्रियों ने फैसलों की जानकारी देते हुए बताया कि सरकार ने सरकारी कर्मचारियों और अधिकारियों की चल-अचल संपत्ति की वार्षिक घोषणा अनिवार्य कर दी है। अब सभी कर्मचारियों को हर वर्ष अपनी संपत्ति का विवरण देना होगा। इसके साथ ही यदि कोई कर्मचारी अपने छह महीने के मूल वेतन से अधिक राशि शेयर या स्टॉक मार्केट में निवेश करता है, तो उसे इसकी जानकारी देनी होगी। ऐसे मामलों में जांच अनिवार्य होगी और दोषी पाए जाने पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी। सरकार का कहना है कि इस कदम से पारदर्शिता बढ़ेगी और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगेगा। स्टाम्प एवं पंजीयन मंत्री रवीन्द्र जायसवाल ने बताया कि अब प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री से पहले विक्रेता की पहचान और मिल्कियत की पूरी जांच खतौनी के आधार पर की जाएगी। बिना खतौनी सत्यापन के रजिस्ट्री नहीं होगी। विक्रेता के लिए अपनी मिल्कियत खतौनी में दर्ज कराना अनिवार्य होगा।




## संक्षिप्त समाचार

### विवादित अध्याय पर एनसीईआरटी ने मांगी बिना शर्त माफी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) के निदेशक और सदस्यों ने कक्षा 8 की सामाजिक विज्ञान की पुस्तक समाज की खोज: भारत और उससे आगे के एक विवादित अध्याय को लेकर मंगलवार को बिना शर्त और बिना किसी योग्यता के सार्वजनिक माफी मांगी है। विवाद पुस्तक के अध्याय-4 हमारे समाज में न्यायपालिका की भूमिका को लेकर हुआ, जिसमें न्यायपालिका में कथित भ्रष्टाचार से जुड़े संदर्भों का उल्लेख किया गया था। एनसीईआरटी ने कहा है कि यह पूरी पुस्तक अब वापस ले ली गई है और फिलहाल उपलब्ध नहीं है। एनसीईआरटी की ओर से जारी बयान में कहा गया कि असुविधा के लिए हमें गहरा खेद है और हम सभी हितधारकों की समझदारी की सराहना करते हैं। एनसीईआरटी शैक्षणिक सामग्री में सटीकता, संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के उच्चतम मानकों को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है।

# केंद्र सरकार ने प्राकृतिक गैस पर लगाया एस्मा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सरकार ने वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में आई बाधाओं को देखते हुए देश में रसोई गैस (एलपीजी) का उत्पादन बढ़ाने के उद्देश्य से प्राकृतिक गैस की आपूर्ति पर आवश्यक वस्तु अधिनियम (एस्मा) लगा दिया है।

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा जारी प्राकृतिक गैस (आपूर्ति विनियमन) आदेश, 2026 के अनुसार, घरेलू पीएनजी (पाइप्ड नेचुरल गैस) की आपूर्ति, परिवहन के लिए सीएनजी की आपूर्ति, एलपीजी उत्पादन, और पाइपलाइन कॉम्प्रेशर फ्यूल तथा अन्य अनिवार्य पाइपलाइन परिचालन जरूरतों को प्राथमिकता सेक्टर-1 में रखा गया है। इन उपभोक्ताओं को पिछले छह महीने की औसत के बराबर गैस की आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। वहीं अन्य क्षेत्रों के लिए आपूर्ति में कटौती की जाएगी। इस संबंध में जारी गजट अधिसूचना में कहा गया है कि 'पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष' के मद्देनजर वितरण में समानता और प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के लिए सतत उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह आदेश जारी किया गया है। उर्वरक संयंत्रों को प्राथमिकता सेक्टर-2 में रखा गया है।



### देश में रसोई गैस का उत्पादन बढ़ाने की कवायद, उद्योगों को आपूर्ति में होगी कटौती

## उत्तराखंड में पहचान छिपाकर शादी करने वालों को अब होगी जेल

**गैरसैंण (ब्यूरो)।** समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को और अधिक प्रभावी और सख्त बनाने की दिशा में धामी सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। बजट सत्र में पेश होने के बाद अब प्रदेश में समान नागरिक संहिता, उत्तराखंड (संशोधन) अध्यादेश, 2026 लागू हो गया है। उत्तराखंड में अब पहचान छिपाकर शादी करने वालों को जेल होगी। वहीं, लिव-इन के नियम भी कड़े हो गए हैं। प्रदेश में समान नागरिक संहिता, उत्तराखंड (संशोधन) अध्यादेश, 2026 लागू हो गया है। यूसीसी को और अधिक प्रभावी और सख्त बनाने की दिशा में धामी सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेवानिवृत्त) ने समान नागरिक संहिता संशोधन अध्यादेश को मंजूरी के साथ ही राज्य में विवाह, पंजीकरण और लिव-इन रिलेशनशिप से जुड़े नियमों में महत्वपूर्ण बदलाव लागू हो गए हैं।



## संक्षिप्त समाचार

### ईरान-इजरायल युद्ध की आंच में तपा संगमरमर उद्योग

**आगरा।** मध्य पूर्व में जारी ईरान-इजरायल युद्ध का असर अब आगरा के संगमरमर हथकरघा उद्योग पर भी पड़ने लगा है। मध्य-पूर्वी देशों के ग्राहकों ने करोड़ों रुपये के ऑर्डर फिलहाल रोक दिए हैं, जिससे आगरा का मार्बल हैंडीक्राफ्ट कारोबार लगभग ठप पड़ गया है। कारोबारियों के अनुसार फैक्ट्रियों में काम बंद होने की स्थिति बन गई है और हजारों कारीगरों व मजदूरों को काम मिलना बंद हो गया है। आगरा से हर साल करोड़ों रुपये का मार्बल हैंडीक्राफ्ट माल निर्यात किया जाता है, जिसका बड़ा बाजार मध्य-पूर्वी देशों में रहा है। व्यापारियों का कहना है कि इन देशों के बड़े कारोबारी आगरा से बड़ी मात्रा में मार्बल हैंडीक्राफ्ट मंगाते रहे हैं, लेकिन युद्ध की स्थिति के कारण नए ऑर्डर मिलने बंद हो गए हैं। साथ ही पहले से मिले कई ऑर्डर भी फिलहाल रोक दिए गए हैं, जिससे अधूरे तैयार माल में कारोबारियों के करोड़ों रुपये फंसे हुए हैं।

### मदुरै एयरपोर्ट को मिलेगा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का दर्जा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने तमिलनाडु के मदुरै एयरपोर्ट को अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का दर्जा देने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में यह फैसला लिया गया। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बैठक के बाद बताया कि चेन्नई, कोयम्बटूर और मदुरै तमिलनाडु के तीन बड़े शहर हैं। लंबे समय से स्थानीय लोग मदुरै एयरपोर्ट को अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का दर्जा देने की मांग कर रहे थे। यह पुराना सांस्कृतिक, धार्मिक, शैक्षणिक केंद्र है। इस फैसले के बाद वहां विकास को और गति मिलेगी।

## लाल बत्तियों के बंदरबांट की अटकलों फिलहाल अभी लगा विराम

# उप्र में अभी और लंबा खिचेगा मंत्रिमंडल विस्तार

**लखनऊ, वार्ता**



**पश्चिम बंगाल, असम और तमिलनाडु समेत पांच राज्यों में विधानसभा चुनावों के बाद ही लिया जाएगा निर्णय**

उत्तर प्रदेश में मंत्रिमंडल विस्तार की अटकलों के बीच फिलहाल इसके लिए थोड़ा इंतजार करना पड़ सकता है। मौजूदा राजनीतिक परिस्थितियां तत्काल विस्तार के पक्ष में नजर नहीं आ रही हैं। ऐसा माना जा रहा है कि पश्चिम बंगाल, असम और तमिलनाडु सहित पांच राज्यों के आगामी विधानसभा चुनावों के बाद ही योगी सरकार मंत्रिमंडल विस्तार पर निर्णय ले सकती है।

सूत्रों के मुताबिक इससे पहले बिहार में नए मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण की प्रक्रिया भी पूरी होनी है। इसके बाद ही उत्तर प्रदेश में टीम योगी में बदलाव या विस्तार की संभावना जताई जा रही है। भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व और संगठन इन राजनीतिक गतिविधियों में व्यस्त है, इसलिए मंत्रिमंडल विस्तार कुछ समय के लिए टल सकता है। गौरतलब है कि वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव से करीब छह महीने पहले 26 सितम्बर 2021 को भी योगी सरकार में मंत्रिमंडल विस्तार किया गया था। उस समय कुल सात मंत्रियों ने शपथ ली थी। इनमें जितिन प्रसाद को कैबिनेट मंत्री बनाया गया था, जबकि पलटू राम, संजय कुमार गोंड, संगीता बलवंत बिंद, धर्मवीर प्रजापति, दिनेश खटीक और छत्रपाल सिंह गंगवार को राज्य मंत्री बनाया गया था। वर्तमान में मुख्यमंत्री सहित योगी सरकार के दूसरे कार्यकाल में कुल 53 मंत्री शपथ ले चुके हैं। इनमें से कैबिनेट मंत्री जितिन प्रसाद अब केंद्र सरकार में मंत्री बन चुके हैं, जबकि राज्य मंत्री अनूप प्रधान वाल्मीकि लोकसभा सदस्य बन गए हैं। इस कारण मंत्रिमंडल में दो पद खाली हो गए हैं। विधायकों की संख्या के आधार पर उत्तर प्रदेश में अधिकतम 60 मंत्री बनाए जा सकते हैं। ऐसे में अभी भी मंत्रिमंडल में नौ पद रिक्त हैं। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि आगामी चुनावी समीकरणों को ध्यान में रखते हुए भाजपा नेतृत्व इन पदों को भरने पर फैसला करेगा। पार्टी के एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने बताया कि मंत्रिमंडल का विस्तार बंगाल चुनाव के बाद ही होने की संभावना है। केंद्रीय नेतृत्व की व्यस्तता के चलते फिलहाल ऐसी स्थितियां बनती नहीं दिख रही हैं। हालाकि पार्टी के कार्यकर्तावों की नजर मंत्रिमंडल विस्तार पर लंबे समय से टिकी हुई है। कार्यकर्ता और पदाधिकारी बड़ी उत्सुकता से लंबे समय से इसका वहीं की राजनीति में ब्राह्मण समाज एक बार फिर चर्चा के केंद्र में आ गया है।

### ब्राह्मण व सवर्ण समाज की नाराजगी अंडरकंट के रूप में उभर सकती है, भाजपा भयभीत

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले ब्राह्मण वोट बैंक और यूजीसी मुद्दे को लेकर सवर्ण समाज की नारा. जगी राज्य की राजनीति में एक अहम अंडरकरंट के रूप में उभर सकता है और इसका खामियाजा सत्तारूढ़ पार्टी को भुगतना पड़ सकता है। प्रदेश की कुल आबादी में लगभग 10 से 12 प्रतिशत हिस्सेदारी रखने वाला ब्राह्मण समाज कई विधानसभा क्षेत्रों में निर्णायक प्रभाव रखता है। ऐसे में सभी प्रमुख राजनीतिक दल इस वर्ग को साधने की रणनीति पर काम कर रहे हैं। हाल के कुछ घटनाक्रमों ने यह बहस तेज कर दी है कि समुदाय के कुछ वर्गों में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी के प्रति असंतोष की भावना है, हालांकि भाजपा नेताओं ने ऐसे दावों को राजनीतिक रूप से प्रेरित बताया है।

# मिडिल ईस्ट में युद्ध की धमक वेस्ट यूपी तक पहुंची

**शाह टाइम्स ब्यूरो**




**मेरठ, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, शामली, बागपत और सहारनपुर में गैस सिलेंडरों की आपूर्ति हो रही प्रभावित**

**मेरठ/ मुजफ्फरनगर।** अमेरिका- इजरायल और ईरान के बीच युद्ध के चलते मेरठ, मुजफ्फरनगर, बागपत, बिजनौर, सहारनपुर और शामली में तेल और गैस की सप्लाई प्रभावित हो रही है। पेट्रोलियम उत्पाद, गैस और कच्चे माल के दाम दोगुना हो गए हैं। ऐसे में घर की रसोई से लेकर इन जिलों के लाखों उद्योग प्रभावित हो रहे हैं।

होटल, रेस्टोरेंट, विवाह आयोजनों में भी गैस की किल्लत बनी हुई है। मेरठ में गृहिणी सुनीता ने बताया कि बुकिंग कराने के बाद भी गैस मिलने में दिक्कत हो रही है। इसके अलावा मेरठ की गढ़ रोड समेत कई एजेंसियों पर गैस के लिए लोग परेशान दिखे। ब्रेवुरा होटल के संचालक शेखर भल्ला ने बताया कि जिन होटलों में पीएनजी है, वहां भी लाइव स्टाल लगाने के लिए सिलेंडर नहीं हैं। होटल, रेस्टोरेंट के अलावा सर्वाधिक दिक्कत कैटरिंग वालों के सामने आ रही है। मेरठ होटेलियर्स एंड रेस्टूरेंट एसोसिएशन के महामंत्री विपुल सिंघल ने बताया कि सिलेंडर की कमी के चलते पकौड़ी की दुकान से लेकर बड़े होटलों तक में दिक्कत हो रही है। सरकार ने घरेलू गैस सिलिंडर के दाम तो बढ़ा दिए हैं, इसके साथ ही कमर्शियल सिलिंडर के दाम भी बढ़े हैं। सहारनपुर में होटल एवं रेस्टोरेंट में पाइप के जरिए सप्लाई होने वाली गैस आपूर्ति को बंद कर दिया गया है। बता दें, कि जिले में 8.33 लाख गैस उपभोक्ता हैं। हर दिन औसतन 17 हजार गैस सिलिंडर की बुकिंग की जाती है। जनपद में गैस एजेंसी की 61 शाखाएं हैं। सरकार ने 21 दिन की अवधि को बढ़ाकर 25 दिन कर दिया है। अब गैस उपभोक्ताओं को गैस बुकिंग के लिए 25 दोनों का इंतजार करना होगा। इसके बाद ही सिलेंडरों की आपूर्ति की जाएगी। इसके अलावा कई उपभोक्ताओं ने बताया कि गैस बुकिंग करने के चार से पांच दिन बाद भी सिलिंडर की डिलीवरी घर पर नहीं हो पा रही है। शामली में व्यावसायिक गैस सिलिंडरों की आपूर्ति तीन दिन से प्रभावित है। इससे होटल, रेस्टोरेंट और मिठाई की दुकान करने वालों के सामने संकट खड़ा हो गया है। कुछ के पास पुराना स्टाक बचा है, जबकि कुछ का खत्म हो चुका है। उत्तर प्रदेश व्यापार प्रतिनिधि मंडल के मंडल अध्यक्ष धनश्याम दास गर्ग ने मामले को लेकर जिलाधिकारी से मिलने की बात कही है।

मुजफ्फरनगर जिले में करीब छह लाख घरेलू गैस उपभोक्ता हैं। फिलहाल गैस आपूर्ति की कोई दिक्कत नहीं है। आईजीएल की ओर से पीएनजी सप्लाई की जाती है, लेकिन यह सप्लाई भीच ल रही है। बागपत में कामर्शियल गैस सिलिंडर की आपूर्ति रोक दी गई है। घरेलू गैस सिलिंडर की आपूर्ति सामान्य रखने के लिए ऐसा किया गया है। जिले में हर महीने कामर्शियल दो हज़ार सिलिंडर की आपूर्ति है। इसके अलावा सिलिंडर बुक करने का समय निर्धारित करने के कारण अब एजेंसी पर सिलिंडर की गाड़ी रोज़ाना की जगह एक दिन बाद आ रही है। बिजनौर में घरेलू गैस सिलिंडर की डिमांड बढ़ गई है और लोग आने वाले दिनों में समस्या को देखते हुए अतिरिक्त सिलिंडर की व्यवस्था करने में लगे हैं।

# ट्रम्प के सामने नतमस्तक हैं पीएम मोदी: केजरीवाल

**नई दिल्ली, वार्ता**



आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि वह अपनी किसी मजबूरी के कारण अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के सामने नतमस्तक हैं और देश उसी की सजा भुगत रहा है।

केजरीवाल ने सोशल मीडिया एक्स पर मंगलवार को कहा कि देश भर में, शैक्षणिक संस्थानों और अस्पतालों को छोड़कर बाकी सभी व्यावसायिक संस्थानों को एलपीजी गैस की सप्लाई बंद कर दी गई है। केवल घरेलू उपयोग के लिए गैस दी जाएगी। आने वाले दिनों में गैस और तेल की स्थिति और खराब होने के आसार हैं। आप संयोजक ने कहा कि मोदी अपनी किन्हीं मजबूरियों के कारण ट्रम्प के सामने नतमस्तक हैं। क्या आज देश उसी की सजा भुगत रहा है? दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि चार दिन पहले तक 'सरकारी सूत्र' कह रहे थे- देश में एलपीजी की कोई कमी नहीं। आज सरकार आवश्यक वस्तु अधिनियम लगाकर गैस कंट्रोल कर रही है। रिफाइनरियों को गैस डायवर्ट करने के आदेश दे रही है और घरेलू सिलेंडर की बुकिंग भी 25 दिन कर दी गई है। उन्होंने सवाल उठाया कि सूत्र झूठ बोल रहे थे या सरकार? पश्चिम एशिया का युद्ध अब भारत की रसोई और रोजगार तक पहुंच चुका है। आज ढाबे, होटल, छोटे रेस्टोरेंट और लाखों छोटे कारोबार कमर्शियल गैस की कमी से जूझ रहे हैं।

# भाजपा सरकार में किसानों को कृषि लागत भी नहीं मिल रही: अखिलेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**भाजपा के नेता चुनाव प्रचार के लिए तो उपलब्ध रहते हैं, लेकिन किसानों की परेशानी और दिक्कतों के लिए उनके पास समय नहीं है**



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बाजार में आलू के गिरते दाम को लेकर भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि आलू के दाम गिरने से किसान बर्बादी के कगार पर पहुंच गए हैं, लेकिन किसान और खेती विरोधी भाजपा सरकार पूरी तरह लाप. रवाह होकर बैठी है और किसानों की मांगों की अनदेखी कर रही है।

यादव ने मंगलवार को एक्स पर लिखा, भाजपा को सिर्फ अपनी राजनीतिक सत्ता से मतलब है। भाजपा के नेता चुनाव प्रचार के लिए तो उपलब्ध रहते हैं, लेकिन किसानों की परेशानी और दिक्कतों के लिए उनके पास समय नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा का पूरा खेल ही यही है कि पैदावार के दाम इतने कम करवा दो कि किसानों की लागत तक न निकले। वो थक-हार कर खेतीबाड़ी का काम ही छोड़ दें और अपनी जमीनें भाजपा के समर्थक अमीरों को कौड़ियों के दाम बेचने पर मजबूर हो जाएं।

फिर ए भाजपाई पैसेवाले, किसान को उसके अपने खेत में ही मालिक से मजदूर बना दें। सपा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपाइयों की साजशि ही ये है कि वो किसानों की जमीन हड़प कर बड़े स्तर पर खेती करके खाद्यान्न और फसलों की पैदावार को अपने हाथों में ले लें और फिर मनमानी क़ीमत जनता से वसूलें। इसीलिए भाजपा कभी भू-अधिग्रहण बिल लाती है, कभी तीन कृषि काले क़ानून या फिर भारत की खेती-कारोबार के लिए प्राणघातक अमेरिकी डील करती है। अखिलेश यादव ने कहा कि यही हाल रहा तो वो दिन दूर नहीं जब कि आज के खेत का मालिक किसान, कल को अपने ही खेत की पैदावार को खरीदने पर मजबूर हो जाएगा। भाजपा दल नहीं दलाल है।

**काम कोर्स उदास क्यों?**
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

## अर्थ व्यापार



सेंसेक्स 78205.98
निफ्टी 24261.60



सोना 159409
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)



चांदी रु. 263210
प्रति किलो




# गिरावट से उबरे शेयर बाजार सेंसेक्स 640 अंक मजबूत

**मुंबई, वार्ता**

घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को तेजी लौट आई और बीएसई का संसेक्स 639.82 अंक (0.82 फीसदी) चढ़कर 78,205.98 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 233.55 अंक यानी 0.97 प्रतिशत ऊपर 24,261.60 अंक पर पहुंच गया। गत 26 फरवरी के बाद छह कारोबारी दिवस में दोनों प्रमुख सूचकांक 5.7 प्रतिशत टूट गए थे। इस दौरान सिर्फ एक दिन बाजार में तेजी रही थी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के ईरान युद्ध जल्द समाप्त होने संबंधी बयान के बाद वैश्विक स्तर पर सभी शेयर बाजारों में तेजी देखी गई।

घरेलू शेयर बाजारों पर भी इसका असर दिखा। मझौली और छोटी कंपनियों में ज्यादा लिवाली रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.60 प्रतिशत और स्मॉलकैप.100 सूचकांक 2.12 प्रतिशत की बढ़त में रहा। आईटी और तेल एवं गैस को छोड़कर अन्य सभी सेक्टरों में तेजी रही। ऑटो, वित्त, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, बैंकिग, रियलिटी, फार्मा, धातु, मीडिया और रसायन समूहों में लिवाली ज्यादा रही। महिंद्रा एंड महिंद्रा और इंडिगो के शेयर साढ़े तीन प्रतिशत के आसपास मजबूत हुए। मारुति सुजुकी, आईसीआईसीआई बैंक, एशियन पेंट्स, अल्ट्राटेक सीमेंट, टाटा स्टील और एक्सिस बैंक के शेयर दो से तीन प्रतिशत के बीच चढ़े। कोटक महिंद्रा बैंक, टाइटन, बजाज फिनसर्व, बीईएल, भारतीय स्टेट बैंक, एचडीएफसी बैंक और पावर ग्रिड के शेयर एक प्रतिशत से अधिक की बढ़त में रहे। आईटीसी, एलएंडटी, ट्रेंट और सन फार्मा के शेयर भी हरे निशान में रहे। इटरनल और इंफोसिस के शेयर करीब डेढ़ फीसदी टूट गए। रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर भी एक प्रतिशत से अधिक गिर गए। भारती एयरटेल और टीसीएस में भी गिरावट रही।



# कच्चा तेल टूटा 100 डॉलर प्रति बैरल से नीचे पहुंचा

**नई दिल्ली।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के ईरान के साथ युद्ध जल्द समाप्त होने के बयान के बाद अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल में करीब पांच प्रतिशत की गिरावट रही और यह 100 डॉलर प्रति बैरल के नीचे आ गया। कच्चे तेल का मानक लंदन का ब्रेंट क्रूड वायदा 4.1 प्रतिशत टूटकर 94.20 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। अमेरिकी वेस्ट टेक्सस क्रूड 4.89 प्रतिशत उतरकर 90.3 डॉलर प्रति बैरल बोला गया।

इससे पहले सोमवार को कच्चे तेल में जबरदस्त तेजी देखी गई थी और एक समय यह 119 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गया था। अमे. रिका और इजरायल द्वारा 28 फरवरी को एक संयुक्त सैन्य अभियान में ईरान पर किए गए हमले के बाद अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तेजी देखी जा रही है। ईरान पर हमले और उसकी जवाबी प्रतिक्रिया के कारण पश्चिमी एशिया में इन दोनों गंभीर भू राजनीतिक संकट पैदा हो गया है। इससे कच्चे तेल और गैस की आपूर्ति और उत्पादन दोनों बाधित हुए हैं।

# चावल नरम, गेहूं मजबूत, दालों और खाद्य तेलों में रही घट-बढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**



घरेलू थोक जिंस बाजारों में मंगलवार को चावल के औसत भाव टूट गए। वहीं गेहूं में तेजी रही। चीनी के भाव कमोबेश स्थिर रहे, जबकि दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत नौ रुपये घटकर 3,847 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। गेहूं तीन रुपये महंगा हुआ और 2,813 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा।

आटे के भाव में टिकाव रहा। दाल-दलहनों में तुअर दाल औसतन 32 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। मसूर दाल की कीमत 22 रुपये और चना दाल की 20 रुपये घट गई। मूंग दाल में नौ रुपये की गिरावट रही। वहीं उड़द दाल दो रुपये प्रति क्विंटल मजबूत हुई। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा 139 रिंगिट फिसलकर 4,428 रिंगिट प्रति टन रह गया। मई का अमे. रिकी सोया तेल वायदा 0.12 प्रतिशत की बढ़त में 66.18 सेंट प्रति पौंड बोला गया। स्थानीय बाजारों में सूरजमुखी तेल 73 रुपये और पाम ऑयल 63 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ।

मूंगफली तेल की कीमत 39 रुपये बढ़ी। सरसों तेल और सोया तेल आठ-आठ रुपये मजबूत हुए। वनस्पति 16 रुपये प्रति क्विंटल फिसल गया। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव सात रुपये प्रति क्विंटल टूट गया। चीनी की कीमत कमोब. ेश अपरिवर्तित रही।

**स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है**
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

**Cipzer**
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# आईजीआरएस रिपोर्ट में रामपुर अव्वल शाहजहांपुर-बाराबंकी दूसरे स्थान पर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में शिकायतों के त्वरित निस्तारण और विकास कार्यों की निगरानी के लिए लागू एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली (आईजीआरएस) की फरवरी माह की रिपोर्ट में रामपुर जिले ने शत-प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है। शाहजहांपुर और बारा. बंकी ने बराबर अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से दूसरा स्थान प्राप्त किया है, जबकि जालौन तीसरे स्थान पर है। आईजीआरएस के माध्यम से प्रदेश के जिलों में जन शिकायतों, राजस्व मामलों और विकास कार्यों की नियमित निगरानी की जाती है।

हर माह 49 विभागों के 109 कार्यक्रमों की विभिन्न मानकों के आधार पर समीक्षा कर जिलों की रैंकिंग जारी की जाती है। फरवरी की रिपोर्ट में रामपुर ने निर्धारित 140 में से पूरे 140 अंक हासिल कर शीर्ष स्थान प्राप्त किया। रामपुर के जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने बताया कि आईजीआरएस रिपोर्ट प्रशासनिक दक्षता, विकास कार्यों की गुणवत्ता और राजस्व प्रबंधन के आधार पर जिलों के प्रदर्शन का आकलन करती है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप जिले में विकास कार्यों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा किया जा रहा है, जिसके परिणामस्वरूप रामपुर को आईजीआरएस और सीएम डैशबोर्ड दोनों में पहला स्थान मिला है। शाहजहांपुर के जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि जिले में विकास परियोजनाओं की नियमित समीक्षा की जाती है और जन शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता के संतुष्टिपूर्ण फीडबैक के आधार पर ही आईजीआरएस रिपोर्ट तैयार होती है, जिससे प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता और जवाबदेही बनी रहती है। रिपोर्ट के अनुसार शाहजहांपुर और बारा. बंकी ने 137-137 अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि जालौन ने 136 अंक के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। बरेली, श्रावस्ती और हाथरस ने 135-135 अंक हासिल कर चौथा स्थान प्राप्त किया। वहीं बलिया, आजमगढ़ और भदोही ने 134 अंक प्राप्त कर पांचवें स्थान पर जगह बनाई। टॉप-10 जिलों में अंबेडकरनगर, प्रयागराज, कन्नौज, पीलीभीत और हमीरपुर भी शामिल हैं। प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार आईजीआरएस की नियमित निगरानी से विकास कार्यों में तेजी आई है और जन शिकायतों के निस्तारण की प्रक्रिया अधिक प्रभावी और पारदर्शी हुई है।

# राजनीतिक रोटी सेंकने को लाया गया अविश्वास प्रस्ताव: रिजिजू

**नई दिल्ली, वार्ता**



संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव को राजनीतिक रोटी सेंकने का प्रयास बताते हुए कहा कि सदन के अंदर के क्रियाकलापों के लिए हर सदस्य श्री बिरला को धन्यवाद देता रहेगा, क्योंकि उन्होंने सभी को समान मौका दिया है।

रिजिजू ने विपक्ष की ओर से सदन में पेश अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के विरोध में अपनी बात रखते हुए कहा कि संसदीय कार्य मंत्री सिर्फ सत्तारूढ़ दल का नहीं होता है। कांग्रेस के साठ साल के इतिहास को देखना चाहिए। संसदीय कार्य मंत्री पर टिप्पणी करने से पहले अपना इतिहास देखना चाहिए। सदन के संचालन का पूरा अधिकार अध्यक्ष का है। अध्यक्ष के निर्णय को कहीं भी चुनौती नहीं दी जा सकती है। अध्यक्ष का निर्णय अंतिम होता है। अध्यक्ष के निर्णय को किसी ने आज तक चुनौती नहीं दी है लेकिन विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा था कि सदन में बोलने के लिए उन्हें किसी से अनुमति लेने की आवश्यकता नहीं है। उन्हें पता होना चाहिए कि सदन में अध्यक्ष की अनुमति के बिना नहीं बोल सकते हैं। उन्होंने कहा कि चाहे वह प्रधानमंत्री हों, विपक्ष के नेता हों या कोई अन्य सांसद, लेकिन अध्यक्ष की अनुमति के बिना सदन में कोई नहीं बोल सकता है। उन्होंने कहा कि अध्यक्ष किसी को कभी भी बोलने की अनुमति दे सकता है यह उनका अधिकार है। अध्यक्ष के पास कुछ शक्तियां ऐसी है, जो कार्यसूची में शामिल नहीं है। संसदीय परंपरा में कई चीजें पहली बार होती है तब भी अध्यक्ष को निर्णय लेना होता है। अध्यक्ष की भूमिका भी विपक्ष तय करना चाहते हैं, यह कैसे हो सकता है। उन्होंने कहा कि जो नियम में शामिल नहीं है, तो उस पर निर्णय करने की शक्ति भी अध्यक्ष के पास होता है। संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि भाजपा के नेताओं ने कभी कागज फाड़कर आसन की तरफ नहीं फेंका है। 1951 के बाद भाजपा के किसी सदस्य ने आसन की तरफ कागज फाड़कर नहीं फेंका है, लेकिन विपक्ष आज सारी सीमाओं का लांघने का काम कर रहा है।

# बंगाल में एसआईआर के मुद्दे पर रास में हंगामा

**चर्चा नहीं किए जाने पर विपक्ष का बहिर्गमन**

**नई दिल्ली।** विपक्षी दलों ने राज्यसभा में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में अनियमित. ताओं का मुद्दा एक बार फिर उठाते हुए मंगलवार को जोरदार हंगामा किया और इस पर चर्चा करने की मांग नहीं माने जाने पर सदन से बहिर्गमन किया।

तृणमूल कांग्रेस के डेरेक ओब्रायन ने व्यवस्था का प्रश्न उठाते हुए कहा कि नेता सदन जगत प्रकाश नड्डा ने सोमवार को विपक्ष का नाम लेकर सदन में एसआईआर का मुद्दा उठाया था। तृणमूल सदस्य ने कहा कि पश्चिम बंगाल में अभी जो एसआईआर की प्रक्रिया चल रही है वह सही नहीं है और इसमें हो रही अनियमितताओं पर सदन में चर्चा कराई जानी चाहिए। नेता विपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भी श्री ओ'ब्रायन का समर्थन करते हुए कहा कि सदस्य ने महत्वपूर्ण विषय उठाया है और राज्यों में एसआईआर की जो प्रक्रिया चल रही है वह सही नहीं है। उन्होंने भी इस मुद्दे पर सदन में चर्चा करने की मांग की।

सभापति ने कहा कि वह विपक्ष के सदस्यों को कई बार इस विषय पर बात करने का अवसर दे चुके हैं लेकिन विपक्ष के सदस्यों ने इसका फायदा नहीं उठाया है। सदस्यों के नियम 267 के तहत उठाए गए मुद्दों पर उन्होंने कहा कि इस संदर्भ में कई बार आसन की ओर से व्यवस्था पहले ही दी जा चुकी है। इस बीच कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस सहित विपक्ष के अनेक सदस्य आसन के निकट आकर एसआईआर के मुद्दे पर चर्चा के लिए नारेबाजी करते रहे।

# योगी को प्रस्तुत किया गया नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का एयरोड्रम लाइसेंस



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर भारत सरकार की ओर से जारी एयरोड्रम लाइसेंस प्रस्तुत किया। इसके साथ ही जेवर स्थित नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के संचालन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम पूरा हो गया है। इस लाइसेंस के बाद अब एयरपोर्ट के उद्घाटन और वाणिज्यिक उड़ानों की शुरुआत की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी। एयरपोर्ट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी क्रिस्टोफ श्नेलमैन समेत वरिष्ठ अधिकारियों के प्रतिनिधिमंडल ने इस मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री को परियोजना की प्रगति और आगामी चरणों की जानकारी भी दी। अधिकारियों के अनुसार एयरोड्रम लाइसेंस मिलने के बाद अब नियामकीय स्वीकृतियों की अंतिम प्रक्रिया जारी है।

एयरपोर्ट का एयरोड्रम सिक्योरिटी प्रोग्राम इस समय ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी के पास समीक्षा के लिए लंबित है। सुरक्षा से जुड़ी यह मंजूरी मिलते ही एयरपोर्ट प्रबंधन सभी संबंधित एजेंसियों के साथ समन्वय कर औपचारिक उद्घाटन और वाणिज्यिक संचालन की तिथि तय करेगा। गौतमबुद्ध नगर के जेवर में विकसित हो रहा नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और पश्चिमी उत्तर प्रदेश को देश और दुनिया के प्रमुख शहरों से जोड़ने वाला एक महत्वपूर्ण ग्रीनफील्ड हवाई अड्डा है।

इस एयरपोर्ट को विश्वस्तरीय सुविधाओं के साथ विकसित किया जा रहा है, जहां स्विस दक्षता और भारतीय आतिथ्य का समन्वय देखने को मिलेगा। एयरपोर्ट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी क्रिस्टोफ श्नेलमैन हैं। एयरपोर्ट का विकास चार चरणों में किया जा रहा है।

पहले चरण में एक रनवे और एक यात्री टर्मिनल भवन बनाया गया है, जिसकी क्षमता प्रतिवर्ष लगभग 1 करोड़ 20 लाख यात्रियों की होगी। दूसरे चरण में क्षमता बढ़ाकर 3 करोड़ यात्रियों तक पहुंचाई जाएगी। तीसरे और चौथे चरण में विस्तार के बाद कुल क्षमता 7 करोड़ यात्रियों तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। पहले चरण में टर्मिनल भवन का क्षेत्रफल लगभग 1.38 लाख वर्गमीटर है, जिसमें 48 चेक इन काउंटर, 9 सुरक्षा जांच लेन और 9 इमिग्रेशन काउंटर बनाए गए हैं। यात्रियों की सुविधा के लिए घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय लाउंज भी विकसित किए जा रहे हैं। इसके अलावा यहां 10 एयरोब्रिज और 28 विमान पार्किंग स्टैंड की व्यवस्था की गई है।

रनवे पर प्रति घंटे लगभग 30 उड़ानों के संचालन की क्षमता विकसित की गई है। एयरपोर्ट परिसर में आधुनिक कार्गो और लॉजिस्टिक्स हब भी तैयार किया जा रहा है। प्रारंभिक चरण में इसकी क्षमता लगभग 2.5 लाख टन कार्गो प्रतिवर्ष होगी, जिसे आगे चलकर 15 लाख टन तक बढ़ाया जाएगा। तकनीकी दृष्टि से भी यह एयरपोर्ट अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगा। यहां डिजीयात्रा आधारित बायोमेट्रिक प्रणाली, सेल्फ बैगेज ड्रॉप और डिजिटल पैसेंजर प्रोसेसिंग सिस्टम जैसी व्यवस्थाएं लागू की जा रहीं हैं ताकि यात्रियों को तेज और सहज यात्रा का अनुभव मिल सके। सतत विकास को ध्यान में रखते हुए एयरपोर्ट को नेट जीरो उत्सर्जन के लक्ष्य के साथ विकसित किया जा रहा है। परिसर में सौर ऊर्जा, वर्षा जल संचयन और इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग जैसी सुविधाएं भी विकसित की जा रहीं हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के शुरू होने से दिल्ली-एनसीआर में हवाई यातायात का दबाव कम होगा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में निवेश, पर्यटन और रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे।

# उत्तर प्रदेश जल्द बनेगा एडवेंचर टूरिज्म और नव ऊर्जा का केंद्र

## गर्मियों में पर्यटन को नया आयाम देने का प्रयास, उप्र पर्यटन नीति-2022 के तहत एडवेंचर टूरिज्म गतिविधियों के लिए उद्यमियों-संस्थाओं को आमंत्रण

**मुहम्मद जान तुर्की**

**लखनऊ।** गर्मी का मौसम शुरू होते ही लोग छुट्टियों में कुछ नया और रोमांचक तलाशते हैं। इसी बदलती पसंद को ध्यान में रखते हुए उत्तर प्रदेश पर्यटन ने टूरिज्म के नए आयाम गढ़ने की दिशा में एक बड़ा और महत्वाकांक्षी कदम उठाया है।

राज्य को रोमांच, नवाचार और अनुभव आधारित पर्यटन का प्रमुख केंद्र बनाने के लक्ष्य के साथ पर्यटन विभाग ने एडवेंचर टूरिज्म को नई पहचान देने की पहल शुरू की है। उत्तर प्रदेश पर्यटन नीति-2022 के तहत प्रदेशभर में साहसिक पर्यटन परियोजनाओं में निवेश के लिए व्यक्तियों, संस्थाओं और उद्यमियों को आमंत्रित किया है।उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि श्राज्य में पर्यटन को महज दर्शनीय स्थलों तक सीमित न रखते हुए हम उसे रोमांचक अनुभवों से जोड़ने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। एडवेंचर टूरिज्म को बढ़ावा देकर प्रदेश की विविध भौगोलिक और प्राकृतिक संभावनाओं को राष्ट्रीय पहचान दिलाई जाएगी। इस प्रयास में निजी क्षेत्र, उद्यमियों और संस्थाओं की भागीदारी अहम होगी। हमारा लक्ष्य उत्तर प्रदेश को देश के अग्रणी एडवेंचर टूरिज्म गंतव्यों में स्थापित करना है। पर्यटकों की रुचि और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इस महत्वाकांक्षी परियोजना को भूमि आधारित, जल आधारित और वायु आधारित एडवेंचर टूरिज्म इन तीन प्रमुख श्रेणियों में विभाजित किया गया है। इसका उद्देश्य साहसिक गतिविधियों के माध्यम से प्रदेश को एक आकर्षक पर्यटन गंतव्य के रूप में स्थापित किया जा सके। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा रोमांच और उत्साह के नए आयाम खोलते हुए भूमि आधारित साहसिक पर्यटन (लैंड बेस्ड एडवेंचर टूरिज्म) को एक सशक्त पहचान के रूप में विकसित किया जा रहा है। पानी की लहरों पर रोमांच को नया आयाम देने की दिशा में श्जल आधारित एडवेंचर टूरिज्मश (वाटर बेस्ड एडवेंचर टूरिज्म) को पर्यटन विकास की प्रमुख कड़ी के रूप में विकसित किया जा रहा है।

उ0प्र0 पर्यटन नीति-2022 के तहत निवेशकों को आकर्षक प्रोत्साहन दिए जाएंगे। नीति के अनुसार, 10 लाख से 10 करोड़ रुपए तक के निवेश पर 25 प्रतिशत की सब्सिडी (अधिकतम 02 करोड़ रुपए), 50 करोड़ रुपए तक के निवेश पर 20 फीसदी (अधिकतम 7.5 करोड़ रुपए), 200 करोड़ रुपए तक के निवेश पर 15 प्रतिशत (अधिकतम 20 करोड़ रुपए), 500 करोड़ रुपए तक के निवेश पर 10 फीसद (अधिकतम 25 करोड़ रुपए) और 500 करोड़ रुपए से अधिक के निवेश पर भी 10 प्रतिशत सब्सिडी (अधिकतम 40 करोड़ रुपए) दी जाएगी।

इसके अतिरिक्त, 100 प्रतिशत स्टांप शुल्क में छूट और सभी पर्यटन इकाइयों के लिए भूमि परिवर्तन एवं विकास शुल्क में पूर्ण छूट का भी प्रावधान है। इसके अतिरिक्त, अनुसूचित जाति /जनजाति और महिला उद्यमियों को 5 प्रतिशत की अतिरिक्त छूट प्रदान की जाएगी। अपर मुख्य सचिव पर्यटन, संस्कृति एवं धर्मार्थ कार्य अमृत अभिजात ने बताया कि श्एडवेंचर टूरिज्म को विशिष्ट पहचान देने की यह पहल प्रदेश को पारंपरिक पर्यटन से आगे ले जाकर अनुभव आधारित और भविष्य उन्मुख गंतव्य के रूप में स्थापित करेगी।

# यूपी में अब ओला, उबर को भी कराना होगा पंजीकरण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** योगी सरकार ने यात्रियों की सुरक्षा व सुविधा को देखते हुए परिवहन से जुड़ा बड़ा फैसला लिया है। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कैबिनेट बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में बताया कि यूपी में अब ओला व उबर को भी पंजीकरण कराना होगा। परिवहन मंत्री ने मोटर व्हीकल एक्ट 1988 की धारा 93 का जिक्र किया और बताया कि भारत सरकार ने 1 जुलाई 2025 को नियमावली में संशोधन किया है। भारत सरकार के नियम को उत्तर प्रदेश भी अपनाएगा। ओला-उबर पर पहले नियंत्रण नहीं था, लेकिन अब इन्हें भी पंजीकरण कराना पड़ेगा। आवेदन, लाइसेंस और रिन्युअल शुल्क भी देना होगा। कौन गाड़ी चला रहा है, यह अभी तक हम नहीं जान पाते थे। इनका ड्राइवर का मेडिकल, पुलिस वेरिफिकेशन तथा फिटनेस टेस्ट आदि भी कराएंगे। परिवहन मंत्री ने बताया कि अब यूपी में बिना पंजीकरण शुल्क, फिटनेस, मेडिकल टेस्ट, पुलिस वेरिफिकेशन के गाड़ी नहीं चला पाएंगे। अधिसूचना जारी होने के बाद यह लागू हो जाएगी। आवेदन की फीस 25 हजार रुपये होगी, जबकि 50-100 या इससे अधिक गाड़ी चलाने वाली कंपनी की लाइसेंसिंग फीस पांच लाख रुपये होगी। रिन्युअल हर पांच साल पर होता रहेगा। रिन्युअल के लिए पांच हजार रुपये देना होगा।

# सपा के रोजा इफ्तार में मुल्क में अमन खुशहाल व तरक्की के लिए की दुआ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय कैसरबाग, लखनऊ पर रोजा इफ्तार कार्यक्रम आयोजित किया गया। रोजा इफ्तार का आयोजन जिला समाजवादी पार्टी, लखनऊ द्वारा किया गया, जो कि जिलाध्यक्ष जयसिंह 'जयन्त' एवं जिला महासचिव शब्बीर अहमद खान की देखरेख में सम्पन्न हुआ। रोज इफ्तार में मुख्य अतिथि के रूप में समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल मौजूद रहे। रोजा इफ्तार में सैकड़ों की तादात में रोजेदारों ने शिरकत की।



अजान होते ही सभी रोजेदारों ने खजूर खाकर एवं पानी पीकर रोजा खोला तथा अल्लाह ताला का शुक्र अदा किया। रोजा इफ्तार में मौलाना लतीफ साहब ने नमाज अदा कराई तथा मुल्क में अमन खुशहाली और तरक्की की दुआ की गई। इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष अल्पसंख्यक सभा शकील नदवी, प्रदेश उपाध्यक्ष सी0एल0 वर्मा, पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष फिदा हुसैन अंसारी, पूर्व मंत्री सलाउद्दीन सिद्दीकी, राष्ट्रीय प्रवक्ता फखरूल हसन चांद, पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी सोनू कनौजिया, राजबाला रावत, पूर्व मंत्री मुनीर, अनीस मंसूरी, साहब, प्रदेश सचिव रंजीत यादव, एस0यू0 खान 'भईया जी', विजय सिंह यादव, रामसागर यादव, ई0 संदीप यादव, महेश सिंह लोधी, अकरम उर्फ बब्लू, पूर्व महानगर अध्यक्ष सुशील दीक्षित, सरवर अली, मनोज यादव, पूर्व चेयरमेन महोना एन0 इशरत बेग, प्रदेष महासचिव अल्पसंख्यक सभा अकरम सिद्दीकी, आर0पी0 यादव, जैनुल्ला खान 'कल्लन', जिला उपाध्यक्ष टी0बी0 सिंह, अनिल पासी, बचान सिंह यादव, ललिता राजपूत, इब्राहीम मंसूरी, रितु अग्रवाल, हलीम खान, अरविन्द गौतम, शयान अख्तर अल्वी, यशवीर लोधी, पार्षद शफीकुर्रहमान 'चचा', पार्षद कामरान बेग, हामिद भाई, ताज खान, वरिष्ठ नेता कुलदीप यादव, शाह आलम, अराफात खान, लुकमान मंसूरी, इश्तियाक अहमद, वरिष्ठ नेता भारत यादव, रामप्रकाश यादव, दुर्गेश यादव 'सोनू', रामसमुझ रावत, सरोजनी नगर विधानसभा अध्यक्ष चन्द्रशेखर यादव, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड नागेन्द्र सिंह, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष छात्र सभा महेन्द्र कुमार यादव, प्रदेश अध्यक्ष अधिवक्ता सभा सिकन्दर यादव, फन्टल जिलध्यक्ष हारून अजीज, सालिम काकोरी, शिवकुमार टाइगर, अंजनी प्रकाश, राजकुमार यादव 'गुड्डन' मनोज कुमार पाल, विजय सिंह यादव, संजय यादव, मुन्नी पाल, शिवेन्द्र यादव 'हनी' मो0 वसीम 'चांद भाई', शगीर खान 'अंगूर', अजमल मिर्जा, हसीन गाजी, चेयरमेन मो0 वाहिद, चौधरी मोहसीन, कमर खान, एन0 इषरत बेग, शहीम खान, मो0 शफीक, मो0 ताजुद्दीन खान 'तज्जू', मो0 चांद, मो0 उसमान, रेशब खान, शकील, आरिफ खान, खुर्रम आशिफ, मोनिस खान, मेनाज खान, मुसीर बेग, बदरे आलम, जावेद खान, अखिलेश भार्गव, फारूख प्रधान, फिरोज खान, एड0 रामनाथ रावत, शकील अहमद, मतीन सिद्दीकी, विजयश्री गौतम, फरहाना खान, नदीम बुखारी, शरीन खान, जी0एच0 जैदी, शिवम यादव 'गोलू', खुर्शीद आलम, अनवर अंसारी, फारूख जहां, इमरान खान 'सिसेण्डी', मोईन खान, रईश अहमद 'एडवोकेट', मो0 असलम, शौकत अली, एड0 फरहान सिद्दीकी, शुएब सिद्दीकी, इस्लाम अली, इस्लाम 'एडवोकेट', सतीश यादव, अमान खान, हामिद अली, धर्मवीर पासवान, इशरार अली, आरिफ कुरैशी, मो0 मोईन के साथ हजारों की संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# शहीद अजमेर अली की पत्नी को चालीस साल बाद भी नहीं मिली पेंशन

## 18 हजार फीट की ऊंचाई पर शहादत, फिर भी पत्नी को नहीं मिला पूरा सम्मान: विजय

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** अधिवक्ता विजय कुमार पाण्डेय ने जानकारी देते हुए बताया कि, देश की रक्षा करते हुए सीमा पर अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीद वीर सैनिक अजमेर अली की पत्नी अबरीशा खातून को लिबरलाइज्ड पेंशन नहीं मिलने से वह आफिसों के चक्कर लगाने के लिए मजबूर है,

22 मार्च 1987 को शहीद सैनिक विश्व के सर्वाधिक ऊंचाई वाले दर्रों में से एक लद्दाख क्षेत्र के खारदुंगला पास पर लेह-चलुंका रोड पर तैनात था, जो समुद्र तल से लगभग 18,000 फीट की ऊंचाई पर स्थित है, जहां तापमान सामान्य से नीचे और ऑक्सीजन इतनी कमी होती है कि सांस लेना मुश्किल होता है, विजय कुमार पाण्डेय ने बताया कि, ऐसी चुनौती पूर्ण स्थिति में बंगाल इंजीनियर ग्रुप के जांबाज शहीद सैनिक अजमेर अली तैनात थे, अचानक मौसम परिवर्तन से भारी बर्फबारी होने लगी, लेह-चलुंका रोड पूरी तरह बंद हो गया सेना की आवाजाही और रसद आपूर्ति का सामरिक मार्ग बंद हो गया। शहीद की पत्नी अबरीशा खातून ने कहा कि, देश के लिए कुर्बानी देने वाले शहीद वीरता और कर्तव्यनिष्ठा को को स्वीकार करते हुए भारत के महामहिम राष्ट्रपति आर वेंकेटरमण द्वारा सन 1989 में मरणोपरांत 'कीर्ति चक्र' से सम्मानित किया गया था, जो देश का दूसरा सर्वोच्च शांतिकालीन वीरता पुरस्कार है। इसके बावजूद आज तक उनकी शहादत को बैटल कैजुअल्टी (फेटल) घोषित नहीं किया गया, उदारीकृत पारिवारिक पेंशन प्रदान नहीं की गई। इधर-उधर दफ्तरों के चक्कर लगाने के लिए मजबूर किया जा रहा है स अबरीशा खातून ने कहा यह मामला केवल एक परिवार का नहीं, बल्कि उन सभी सैनिक परिवारों के सम्मान से जुड़ा है।

# सुलतानपुर में बोलेरो की टक्कर से बुजुर्ग की मौत

**सुलतानपुर।** उत्तर प्रदेश में सुलतानपुर जिले के गोसाईगंज थाना क्षेत्र में गढ़वाड़ा के पास सड़क दुर्घटना में एक 80 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गढ़वाड़ा निवासी राम अनुज मिश्रा (80) अपनी मोटरसाइकिल से घर की ओर मुड़ रहे थे। इसी दौरान कटका की ओर से आ रही और अकबरपुर की तरफ जा रही एक बोलेरो ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों की मदद से घायल राम अनुज मिश्रा को अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। पुलिस ने दुर्घटना में शामिल बोलेरो को कब्जे में ले लिया है और मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# ईरान पर अमेरिकी-इजराइली आक्रमण के विरोध में वामपंथी दलों का मार्च

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** ईरान के खिलाफ अमेरिका और इजराइल द्वारा चलाए जा रहे आक्रामक और अवैध युद्ध के विरोध में आज लखनऊ में वामपंथी दलों-भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादीख्रलेनिनवादी) लिबरेशन, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) और ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक ने संयुक्त रूप से एक विरोध मार्च आयोजित किया। यह मार्च परिवर्तन चौक से शुरू होकर जिलाधिकारी कार्यालय तक गया, जहां राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से भेजा गया।



वक्ताओं ने कहा कि वेनेजुएला और ईरान की हालिया घटनाएं इसी साम्राज्यवादी नीति का हिस्सा हैं। इसमें वेनेजुएला के राष्ट्रपति का अवैध अपहरण और ईरान के सर्वोच्च नेता की हत्या जैसी घटनाएं शामिल हैं, जो अंतर्राष्ट्रीय शांति और स्थिरता के लिए गंभीर खतरा हैं। वामपंथी दलों ने इस मुद्दे पर भारत सरकार के मौन समर्थन की भी कड़ी आलोचना की और कहा कि भारत को स्वतंत्र और सिद्धांत आधारित विदेश नीति अपनाते हुए अमेरिकीख्रइजराइली आक्रमण का स्पष्ट विरोध करना चाहिए। भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) लिबरेशन के जिला प्रभारी कॉमरेड रमेश सिंह सेंगर ने कहा अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान के खिलाफ चलाया जा रहा युद्ध साम्राज्यवादी आक्रमण का एक और उदाहरण है।

तेल और प्राख्रतिक संसाधनों पर नियंत्रण के लिए संप्रभु देशों को निशाना बनाया जा रहा है। भारत के लोकतांत्रिक और शांति प्रिय नागरिकों को इस साम्राज्यवादी आक्रमण के खिलाफ आवाज उठानी चाहिए। भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) की जिला सचिव कॉमरेड मधु गर्ग ने कहा, ईरान पर हमला केवल एक देश के खिलाफ युद्ध नहीं है बल्कि यह अंतर्राष्ट्रीय कानून और वैश्विक शांति के लिए गंभीर खतरा है। भारत की कम्युनिस्ट पार्टी के जिला कमेटी सदस्य कॉमरेड रिजवान ने कहा, इराक, लीबिया, वेनेजुएला और अब ईरान साम्राज्यवादी शक्तियों की नीति स्पष्ट है। ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक के नेता उदय नाथ सिंह ने कहा,वामपंथी दल हमेशा से साम्राज्यवाद और युद्ध की राजनीति के खिलाफ खड़े रहे हैं। हम भारत सरकार से मांग करते हैं।

# लिवलॉन्ग ने लखनऊ में नई शाखा खोलकर अपनी मौजूदगी का विस्तार किया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** भारत की अग्रणी बीमा और एकीकृत हेल्थ-टेक प्लेटफॉर्म, लिवलॉन्ग ने लखनऊ में अपनी नई शाखा शुरू करने की घोषणा की है। यह विस्तार सुलभ और हाइपरलोकल स्वास्थ्य सेवा और बीमा समाधान प्रदान करने की उनकी प्रतिबद्धता को और मजबूत करता है। इस नई शाखा के साथ, लिवलॉन्ग का लक्ष्य प्रमुख शहरी क्षेत्रों में अपनी ऑफलाइन उपस्थिति बढ़ाना है, ताकि ग्राहकों को उनके करीब ही स्वास्थ्य सेवाएं और बीमा विकल्प मिल सकें।

लखनऊ शाखा रिटेल हेल्थ इंश्योरेंस, कॉर्पोरेट ओपीडी प्रोग्राम और एसएमई केंद्रित बीमा समाधानों में विकास के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में कार्य करेगी।

लखनऊ के व्यस्त आवासीय क्षेत्रों में से एक में स्थित यह शाखा व्यक्तियों, कॉर्पोरेट घरानों और छोटे व्यवसायों की स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों को पूरा करेगी। इस नई शाखा के साथ, हम अपनी हाइपरलोकल उपस्थिति को मजबूत कर रहे हैं। मोहित भारद्वाज (मुख्य वितरण अधिकारी और सेल्स हेड, लिवलॉन्ग)रू के अनुसार ष्लखनऊ शाखा उत्तर भारत में लिवलॉन्ग के वितरण और पार्टनर इकोसिस्टम को मजबूती प्रदान करेगी। यह पूरे क्षेत्र में हमारे एकीकृत स्वास्थ्य समाधानों की व्यापक पहुंच सुनिश्चित करेगा। डॉ. सौम्य कुमार मिश्रा (नेशनल हेड, इंडसइंड जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड)रूने कहा ष्हम लिवलॉन्ग के लखनऊ विस्तार में उनके साथ जुड़कर खुश हैं। यह नई शाखा अगले दो वर्षों में देश भर में 100 शाखाएं खोलने की लिवलॉन्ग की व्यापक रणनीति का हिस्सा है। दिल्ली, बेंगलुरु, नासिक, कोलकाता, नागपुर और अंधेरी में हाल ही में हुए लॉन्च के बाद, लखनऊ शाखा ओपीडी सेवाओं, स्वास्थ्य बीमा और वेलनेस कार्यक्रमों के लिए भारत का सबसे भरोसेमंद और सुलभ मंच बनने के लिवलॉन्ग के विजन को पुख्ता करती है। सबसे पहले लिवलॉन्ग 365 लखनऊ शाखा का भव्य उद्घाटन मुख्य अतिथिरू डॉ. सौम्य कुमार मिश्रा (नेशनल हेड, इंडसइंड जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड) का उद्घाटन लिवलॉन्ग प्रोटेक्शन एंड वेलनेस सॉल्यूशंस लिमिटेड, ऑफिस नं. 4, दूसरी मंजिल, सेंटर कोर्ट, राधा कृष्ण भवन के पीछे, 3/सी 5-पार्क रोड, लखनऊ में किया गया।

# कानपुर के जूही से दो चोर गिरफ्तार

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश में कानपुर की जूही थाना पुलिस ने चोरी के मामले में वांछित दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लगभग एक लाख रुपये कीमत के हार्डवेयर के सात गत्ते बरामद किए हैं। पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि पुलिस आयुक्त के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत जूही थाना पुलिस ने वांछित अभियुक्त रंजीत (27) निवासी कच्ची बस्ती टायरमंडी और धर्मेंद्र गोस्वामी (24) निवासी गोस्वामी नगर को निर्माणाधीन मेट्रो स्टेशन ट्रांसपोर्ट नगर के पास से गिरफ्तार किया।

# कार ने बाइक और साइकिल सवारों को मारी टक्कर, चार घायल

**वाराणसी।** वाराणसी के बड़ागांव थाना क्षेत्र में मंगलवार को एक तेज रफ्तार कार ने बाइक और साइकिल सवार को जोरदार टक्कर मार दी। इस भीषण दुर्घटना में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। बड़ागांव पुलिस के अनुसार, कार चालक अत्यधिक गति से वाहन चला रहा था। कार जंसा की ओर से एयरपोर्ट की दिशा में जा रही थी। तेज गति के कारण ही यह हादसा हुआ। इस घटना में जंसा निवासी कार चालक इरफान, बाइक सवार मनोज पटेल, सुनील कुमार और साइकिल सवार रिजवान अहमद गंभीर रूप से घायल हो गए। एक घायल को पंडित दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# पूर्व सांसद ने किया मेगा मानसिक स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखीमपुर खीरी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मितौली परिसर में सोमवार को जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम प्रकोष्ठ और सीएचसी मितौली के संयुक्त तत्वावधान में विशाल मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व सांसद माननीय जुगल किशोर ने फीता काटकर किया।



कार्यक्रम के दौरान मनोचिकित्सक डॉ. अखिलेश शुक्ला ने उपस्थित जनसमूह और स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। उन्होंने बताया कि अनिद्रा, अवसाद, चक्कर आना, बेहोशी के दौरे, माइग्रेन, चिंता, घबराहट, तनाव, आत्महत्या की प्रवृत्ति जैसे कई मानसिक रोग समय पर पहचान और उपचार से ठीक हो सकते हैं। उन्होंने समाज में प्रचलित झाड़-फूंक, ऊपरी शक्ति या अंधविश्वास जैसी भ्रांतियों से दूर रहने और बिना झिझक चिकित्सकीय परामर्श लेने की अपील की। शिविर में जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीम ने क्षेत्र से आए लोगों, सीएचओ, आशा, एएनएम, स्टाफ नर्स और अन्य कर्मचारियों को मानसिक रोगों से संबंधित जानकारी देते हुए पंपलेट वितरित किए। शिविर में चिन्हित मरीजों का चिकित्सकीय परीक्षण कर उन्हें आवश्यक दवाएं दी गईं और पुराने मरीजों का फॉलोअप कर परामर्श प्रदान किया गया। साइक्रियाट्रिक सोशल वर्कर अतुल कुमार पांडेय ने मानसिक स्वास्थ्य हेल्पलाइन नंबर 9120984643 तथा टेली मानस टोल फ्री नंबर 14416 (24ग्7) की जानकारी देते हुए किसी भी समस्या की स्थिति में संपर्क करने की अपील की। साथ ही मरीजों को नियमित इलाज के लिए प्रत्येक माह के पहले मंगलवार को सीएचसी मितौली आने की सलाह दी गई। शिविर में कुल 345 मरीजों का पंजीकरण किया गया।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# तेवा एपीआई में मॉकड्रिल का आयोजन

## डीएम के निर्देश पर एसडीएम के नेतृत्व में मोचन बल की टीम रही मौजूद

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स के निर्देशन में औद्योगिक क्षेत्र गजरौला स्थित तेवा एपीआई प्राइवेट लिमिटेड में केमिकल, बायोलॉजिकल, रेडियोलॉजिकल एंड न्यूक्लियर विषय पर एक मॉक ड्रिल कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का नेतृत्व उपजिलाधिकारी धनौरा विभा श्रीवास्तव ने किया।

मंगलवार को आयोजित मॉक ड्रिल में राष्ट्रीय आपदा मोचन बल गाजियाबाद के डिप्टी कमाण्डेन्ट अनिल कुमार के नेतृत्व में टीम कमाण्डर हेमन्त मौर्या की विशेषज्ञ टीम द्वारा आपदा प्रबंधन से संबंधित प्रशिक्षण एवं अभ्यास कराया गया।

### ■ औद्योगिक इकाईयों में ऐसे मॉक ड्रिल जरूरी: एसडीएम

मॉक ड्रिल का मुख्य उद्देश्य औद्योगिक इकाइयों में संभावित केमिकल, बायोलॉजिकल, रेडियोलॉजिकल एवं न्यूक्लियर आपदाओं से निपटने के लिए कर्मचारियों, प्रबंधन एवं संबंधित विभागों को प्रशिक्षित करना तथा आपातकालीन स्थिति में त्वरित एवं समन्वित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करना था। इस दौरान एनडीआरएफ की टीम द्वारा विभिन्न परिदृश्यों का अभ्यास कराया गया, जिसमें रासायनिक रिसाव की स्थिति में त्वरित रेस्क्यू, प्रभावित व्यक्तियों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाना, डीकंटैमिनेशन प्रक्रिया, प्राथमिक उपचार तथा आपदा के समय अपनाए जाने वाले सुरक्षा उपायों का व्यावहारिक प्रदर्शन किया गया। साथ ही कर्मचारियों को आपदा की स्थिति में सुरक्षित निकासी एवं आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई। एसडीएम विभा श्रीवास्तव ने कहा कि औद्योगिक क्षेत्रों में इस प्रकार के मॉक ड्रिल कार्यक्रम अत्यंत आवश्यक हैं। इनके माध्यम से कर्मचारियों को आपदा के समय सही निर्णय लेने एवं त्वरित कार्यवाही करने का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त होता है। तेवा कंपनी के एचआर हेड साकेत शर्मा ने जिला प्रशासन एवं एनडीआरएफ टीम का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर विभिन्न सरकारी विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों सहित तेवा कंपनी के साईट जनरल मैनेज मुनिश्वर सिंह, गन्धम सत्या, राहुल राय आदि मौजूद रहे।



■ गजरौला। तेवा एपीआई लिमिटेड में मॉक ड्रिल करातीं एसडीएम व अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण।

## मकान का ताला तोड़कर नकदी चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता रहरा।** रहरा थाना क्षेत्र के गांव रहरा में चोरों ने शराब के ठेके पर काम करने वाले सेल्समेन के किराए के कमरे का ताला काटकर नगदी चोरी कर ली। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन पीड़ित ने पुलिस के रवैये पर भी सवाल उठाए हैं। जानकारी के अनुसार जनपद हापुड़ के सिंभावली थाना क्षेत्र के रहने वाले सोनू शर्मा रहरा में भारतीय किसान यूनियन के ब्लॉक अध्यक्ष टीटू त्यागी के मकान में किराए का कमरा लेकर रहते हैं। बीती रात जब वह अपने आवास पहुंचे तो उनके कमरे का ताला कटा हुआ था तथा डेढ़ हजार की नगदी गायब थी। पीड़ित ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। पीड़ित सोनू शर्मा का आरोप है कि जब उन्होंने दरोगा से मामले में कार्रवाई करने की बात कही तो दरोगा ने कहा कि इस तरह की घटनाएं होती रहती हैं। पीड़ित का यह भी आरोप है कि दरोगा मौके से कटे हुए ताले को अपने साथ ले गए, लेकिन उन्हें किसी प्रकार की कार्रवाई की जानकारी नहीं दी गई।

# प्रधान मनु यादव राष्ट्रीय मंच पर होंगी सम्मानित

## महिला पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन करेंगी प्रतिनिधित्व

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** विकास खंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत फोलादपुर की ग्राम प्रधान मनु यादव एक बार फिर क्षेत्र का नाम रोशन करने जा रही हैं। अंत. रराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर नई दिल्ली में होने वाले राष्ट्रीय महिला पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन में मनु यादव अमरोहा जनपद का प्रति. निधित्व करेंगी। इस कार्यक्रम में उन्हें उनके अच्छे कार्यों के लिए राष्ट्रीय मंच पर सम्मानित भी किया जाएगा।



पंचायती राज मंत्रालय भारत सरकार की ओर से आयोजित इस सम्मेलन में देश के अलग-अलग राज्यों से चुनी गई महिला जनप्रति. निधि शामिल होंगी। सम्मेलन में पंचायत स्तर पर बेहतर काम करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा और उनके कामों को सबके सामने रखा जाएगा। ग्राम प्रधान मनु यादव ने अपनी पंचायत फोलादपुर में कई अच्छे काम किए हैं। गांव में स्वच्छता, स्वास्थ्य, पोषण, पर्यावरण संरक्षण और महिला सशक्तिकरण को लेकर वह लगातार काम कर रही हैं। ग्रामीणों को शुद्ध और पौष्टिक आटा मिल सके, इसके लिए उन्होंने गांव में पारंपरिक बैलचक्की भी शुरू कराई है, जिससे लोगों को प्राकृतिक तरीके से पिसा हुआ आटा मिल रहा है। उनके इन कार्यों की जानकारी और वीडियोग्राफी पहले ही कार्यक्रम आयोजकों को भेजी जा चुकी है, जिसे सम्मेलन में भी दिखाया जाएगा। मनु यादव को उनके अच्छे कार्यों के लिए मुख्यमंत्री प्रोत्साहन पुरस्कार सहित कई बार राज्य और जिला स्तर पर सम्मान भी मिल चुका है। इससे पहले भी उन्हें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होने का मौका मिला था। अब एक बार फिर दिल्ली में होने वाले इस सम्मेलन में उनका चयन होने से क्षेत्र के लोगों में खुशी का माहौल है और लोग इसे अमरोहा के लिए गर्व की बात बता रहे हैं।

# मां ललिता देवी मंदिर में उमड़े श्रद्धालु

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** नगर के ललिता देवी मंदिर पर चैत्र माह के प्रथम मंगलवार को भव्य मेले का शुभारंभ हो गया। पहले मेले को हजारों श्रद्धालुओं ने अनाज और नारियल चढ़ाकर माता ललिता

### ■ अनाज व नारियल चढ़ाकर मांगा सुख-स्मृद्धि का आशीष

देवी से सुख व स्मृद्धि का आशीर्वाद मांगा। श्रद्धालुओं ने अपने नवजात बच्चों के मुंडन संस्कार भी कराए तो वहीं नवविवाहित दम्पत्ति ने सुखमय जीवन की प्रार्थना की। चैत्र माह में प्रत्येक मंगलवार को नगर के प्राचीन सिद्धपीठ ललिता देवी मंदिर में मेला आयोजन होता है। पहले मंगलवार को मंदिर में पूजा-अर्चना करने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। विधि-विधान संग पूजा-अर्चना कर श्रद्धालुओं ने मां ललिता देवी के दर्शन किए और सुख-समृद्धि की प्रार्थना की। मान्यता है कि ललिता देवी मंदिर में संतान प्राप्ति की मनोकामना पूर्ण होती है। मंदिर के पंडा प्रदीप शर्मा ने बताया कि मां ललिता देवी मंदिर की मान्यता न केवल अमरोहा जनपद बल्कि आसपास के जनपदों के साथ साथ कई प्रदेशों में भी है। चैत्र माह के पांच मंगलवारों को यहां पर भव्य मेला आयोजित होगा और भारी संख्या में श्रद्धालु आएंगे।



# किसी की मोहताज नहीं होती हैं प्रतिभाएं



**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय चकनवाला में वार्षिकोत्सव एवं कैरियर गाइडेन्स कार्यक्रम का धूमधाम से किया गया। मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी धनौरा विभा श्रीवास्तव, विशिष्ट अतिथि महिला थाना प्रभारी गजरौला प्रिया रानी एवं बीईओ प्रकाश-चन्द ने माँ सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया, साथ ही कंप्यूटर लैब का उदघाटन भी किया। एसडीएम ने कहा कि प्रतिभाएँ किसी की मोहताज नहीं होती। कंप्यूटर लैब के माध्यम से बच्चों का डिजिटाइजेशन होगा और देश दुनिया की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में विद्यालय से 7 बच्चों का चयन होने पर सभी बच्चों का सम्मान किया गया। इस मौके पर बीईओ प्रकाश चंद्र, नीरज निमल, मनवीर सिंह, प्रधानाध्यापक सुखदेव सिंह, सत्य प्रकाश गौतम, रोहताश सिहं, सुनील कुमार, फरमान अली, अंजलि त्यागी, दीपेंद्र सिंह, निधि चौधरी, मीनाक्षी, अनिल कुमार, शिक्षा, परवीन सिंह आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### हादसे में दो युवक घायल

**सैदनगली।** ढबारसी-उझारी मार्ग पर गंगा एक्सप्रेसवे के पास तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार दो रिश्तेदार गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को गाजियाबाद के हायर सेंटर रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार थाना आदमपुर क्षेत्र के ग्राम आदमपुर निवासी बब्लू गुप्ता ने सैदनगली थाने में तहरीर दी है। उन्होंने बताया कि उनके मौसा दिवेश कुमार वंसल और मौसेरे भाई मुकेश वंसल (निवासी प्रेमनगर-2 बैहटा हाजीपुर, गाजियाबाद) 5 मार्च को बाइक से सौधन मोहम्मदपुर (संभल) से घर लौट रहे थे। दोपहर करीब एक बजे गंगा एक्सप्रेसवे के पास पीछे से आए एक छोटे हाथी पिकअप चालक ने तेज गति और लापरवाही से बाइक में साइड से टक्कर मार दी, जिससे दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को सकतपुर प्याऊ स्थित निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर उन्हें गाजियाबाद के इंदिरापुरम स्थित यशोदा मेडिसिटी अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### पर्यावरण बचाने को करें वृक्षारोपण



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** अमर सिंह मेमोरियल डिग्री कॉलेज में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर के चौथे दिन मंगलवार को स्वयंसेवियों और महाविद्यालय के स्टाफ ने मिलकर वृक्षारोपण किया। प्रबंधक अशोक सैनी ने कहा कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने और प्रदूषण को रोकने के लिए अधिक से अधिक वृक्ष लगाना हम सबका कर्तव्य है। प्राचार्य डॉ. अशोक कटारिया ने कहा कि स्वस्थ और स्वच्छ पर्यावरण के बिना जीवन की कल्पना करना भी संभव नहीं है। इस मौके पर योगेश त्यागी, डॉ. रूपा, शिवा सैनी, निसार अहमद, समरणल सिंह, जितेंद्र सिंह, रविंद्र सिंह, अर्शी परवील सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### स्वयं सेवियों ने लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** भागीरथी देवी महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के विशेष शिविर के चौथे दिन मोहल्ला महादेव स्थित आनंद धाम आश्रम में पर्यावरण संरक्षण दिवस मनाया गया। इस दौरान वन विभाग की ओर से अनुराग चौहान ने मुख्य अतिथि के रूप में शिविर का निरीक्षण किया। उनके निर्देश पर स्वयंसेवियों ने आश्रम की खाली भूमि पर ए.के. लिपटिस, कनेर, तुलसी और जेड प्लस के पौधे लगाए और उनके संरक्षण की शपथ ली। हिंदी विभाग की प्रवक्ता डॉ. ममता अग्रवाल ने कहा कि वृक्षों के बिना जीवन संभव नहीं है, इसलिए हर व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम दो पौधे अवश्य लगाने चाहिए और उनकी देखभाल करनी चाहिए। समाजशास्त्र की प्रवक्ता डॉ. सुधा रानी ने कहा कि नदियों की सफाई और वाहनों का कम उपयोग करने से भी प्रदूषण कम किया जा सकता है। इस मौके पर कार्यक्रम अधिकारी अवनीश कुमार, रिया, साक्षी, मनोज, सचिन, शगुन, माही, पल्लवी, अर्चना समेत अन्य स्वयंसेवी मौजूद रहे।

# धनौरा के विकास पर की चर्चा

## चेयरमैन ने की आबकारी मंत्री से मुलाकात



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने लखनऊ पहुंचकर उत्तर प्रदेश सरकार के आबकारी एवं मद्य निषेध मंत्री नितिन अग्रवाल तथा भारतीय जनता पार्टी के निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने विभिन्न सामाजिक, संगठनात्मक और विकास से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा की तथा वरिष्ठ नेताओं का मार्गदर्शन प्राप्त किया।

पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने मंत्री नितिन अग्रवाल से मुलाकात के दौरान अग्रवाल समाज के उत्थान, समाज की एकता, युवाओं की शिक्षा और सामाजिक कार्यों को बढ़ावा देने जैसे विषयों पर विचार-विमर्श किया। मंत्री नितिन अग्रवाल ने समाज के लोगों से एकजुट होकर समाज और देश के विकास में योगदान देने का आह्वान किया। साथ ही उन्होंने कहा कि समाज सेवा और जनहित के कार्यों में सदैव सहयोग दिया जाएगा। इसके अलावा प्रवीण अग्रवाल ने भारतीय जनता पार्टी के निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी से भी शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान संगठन से जुड़े विभिन्न विषयों, कार्यकर्ताओं की भूमिका और जनसेवा से संबंधित मुद्दों पर चर्चा हुई। भूपेंद्र चौधरी ने संगठन को मजबूत करने, आम जनता के बीच रहकर उनकी समस्याओं को सुनने और समाधान कराने पर बल दिया। पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने कहा कि वरिष्ठ नेताओं का मार्गदर्शन हमेशा जनसेवा के कार्यों को आगे बढ़ाने में प्रेरणा देता है। उन्होंने दोनों नेताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन से नगर और समाज के हित में और बेहतर कार्य करने की प्रेरणा मिलती है। इस मुलाकात को लेकर क्षेत्र के लोगों में भी सकारात्मक संद. ेश गया है।

# टॉपटेन अपराधियों को करें चिन्हित: एसपी

## त्यौहारों पर नई परम्परा न पड़ने दें

**शाह टाइम्स संवाददाता अमरोहा।** एसपी अमित कुमार आनंद ने पुलिस कार्यालय सभागार में मासिक अपराध गोष्ठी में कानून व्यवस्था एवं अभियानों के साथ ही अपराधों की समीक्षा की। जिम्मेदार अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। मंगलवार को आयोजित गोष्ठी में टॉप-10 अपराधियों और चिन्हित माफियाओं के विरुद्ध की गई कार्रवाई की समीक्षा की। अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण पर जोर दिया। शातिर अपराधियों को चिन्हित कर उनकी हिस्ट्रीशीट खोलने, जिला बदर/गुंडा एक्ट, गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्यवाही करने एवं अनावरण के लिए शेष अभियोगों की समीक्षा, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, पीजीआरयू, जनशिकायत व आईजीआर एस प्रार्थना पत्रों की निष्पक्ष समयबद्ध जांच का निर्देश दिया। एसपी ने वर्ष 2025-26 में गुंडा, गैंगस्टर एक्ट, गैंग पंजीकरण, माफिया घोषित करने और खोली गई हिस्ट्रीशीट की स्थिति की समीक्षा की। चोरी के पंजीकृत अभियोगों और अभियुक्तों के विरुद्ध की गई निरोधात्मक कार्रवाई, पुरस्कार घोषित अपराधियों की गिरफ्तारी, लंबित विवेचनाएं, मिशन शक्ति और महिला संबंधी अपराधों के वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी की थानावार समीक्षा भी कर जरुरी दिशा-निर्देश दिए। वांछित, गैर जमानती वारंटियों और इनामी अपराधियों की तत्काल गिरफ्तारी के निर्देश सभी थाना प्रभारियों को दिए। एसपी ने हिदायत दी कि थाने पर आने वाले प्रत्येक फरियादी को सम्मान देते हुए उनके साथ अच्छा व्यवहार किया जाए। महिलाओं की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए प्राथमिकता के आधार पर उसका समाधान किया जाए। उन्होंने थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केन्द्रों द्वारा महिलाओं व बालिकाओं को प्रदान की जा रही सहायता, परामर्श, त्वरित कार्रवाई की भी समीक्षा की।



# किसान ने दी आत्महत्या की धमकी

## लेखपाल व ब्लाक प्रमुख के खिलाफ कलेक्ट्रेट पहुंचा किसान

**शाह टाइम्स संवाददाता अमरोहा।** किसान ने ब्लॉक प्रमुख व हल्का लेखपाल पर खेत में रास्ता डलवाये जाने का आरोप लगाया है। किसान ने सुनवाई न होने पर आत्महत्या करने की धमकी दी है। थाना आदमपुर क्षेत्र के गांव बागड़पुर छोईयां निवासी प्रिंस जिला अधिकारी को प्रार्थना पत्र दिया है। किसान ने बताया कि गंगेश्वरी ब्लॉक प्रमुख व हल्का लेखपाल पर हमसाज होकर उसके खेत में अवैध रूप से रास्ता डलवा दिया है। जबकि नक्शे में रास्ता दूसरे स्थान पर है। किसान ने बताया कि वह कई बार अधिकारियों से इसकी शिकायत कर चुका है। लेकिन उसे पर कोई सुनवाई नहीं हो रही है। उसने कहा कि उसे पर दबाव भी बनाया जा रहा है। अब उसके सामने केवल आत्महत्या करने का ही रास्ता बचा है। अधिकारियों ने हम साज होकर झूठी रिपोर्ट लगा दी है। किसान प्रिंस के हाथ में सुसाइड नोट भी मौजूद था। किसान ने बताया कि सारा सिस्टम एक हो चुका है और गरीब की कोई सुनवाई नहीं हो रही है।



# आईएएस बनने पर सुरभि को अशफाक ने दी बधाई

## शाल ओढ़ाकर किया सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** आईएएस परीक्षा में 14वीं रैंक हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन करने वाली सुरभि यादव को पूर्व विधायक अशफाक अली खां ने फूल माला पहनाकर व शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया तथा उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

बताते चलें कि नौगावां सादात क्षेत्र के ग्राम नसीर नगला में आईएएस परीक्षा में 14वीं रैंक हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन करने वाली सुरभि यादव को बधाइयों का सिलसिला लगातार जारी है। सोमवार पूर्व विधायक अशफाक अली खां ने सुरभि यादव के पिता व परिवार के अन्य सदस्यों को भी बधाई दी और कहा कि सुरभि की इस सफलता से पूरे क्षेत्र का मान बढ़ा है। कठिन परिश्रम और लगन से किसी भी मुकाम को हासिल किया जा सकता है और सुरभि यादव इसकी बेहत. रीन मिसाल हैं। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. जितेंद्र यादव, रिटायर्ड मेजर कैलाश सिंह यादव, ओमकार सिंह यादव, अशोक जीत राज सिंह, भावेश यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



## सावित्रिबाई फूले की पुण्यतिथि मनाई

**शाह टाइम्स संवाददाता अमरोहा।** सैनी सभा की बैठक में यूजीसी कानून को पास करने तथा फूले दम्पति पर बनी फिल्म को टैक्स फ्री करने की मांग की गयी। गांव नन्हेड़ा अल्यारपुर में चन्द्रपाल सैनी की अध्यक्षता में आल इंडिया सैनी सभा की बैठक हुई। जिसमें सावित्रिबाई फूले की पुण्यतिथि मनायी गयी। इस दौरान वक्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। वक्ताओं ने मांग करते कहा कि भारत की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्रिबाफूले को भारत रत्न से सम्मानित किया जाये, उनके नाम से योजनाएं चालू की जायें एवं उनके साहित्य को पाठ्यक्रम में शामिल किया जाये। जबकि फूले दम्पति पर बनी फिल्म को टैक्स फ्री किया जाये। बैठक में कृपाल सिंह, शेर सिंह, नीरज सैनी, हरपाल सिंह, नेपाल सिंह, वीर सिंह सैनी, राजपाल सैनी आदि शामिल रहे।

# जुल्म के आगे नहीं झुके हज़रत अली

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** मोहल्ला जाफरी स्थित इमामबाड़े में आजा ए अमीरूल मोमनीन शीर्षक से मजलिस का आयोजन किया गया। जिसे खिताब करते हुए अलीगढ़ से आए हुए मौलाना डॉ.एजाज कायमी ने हजरत अली के जीवन और उनकी शहादत पर रौशनी डाली। उन्होंने कहा कि हजरत अली का पूरा जीवन मानवता के लिए न्याय, साहस और धैर्य की मिसाल है। उन्होंने मस्जिद में सजदे की हालत में अपनी जान कुर्बान कर दी, लेकिन कभी जुल्म के आगे सिर नहीं झुकाया। मौलाना ने मस्जिद-ए-कूफा में हुए उस हमले का जिक्र किया जब इब्ने मुल्जिम ने जहर में बुझी तलवार से आप पर वार किया था। यह मंजर सुनकर मजलिस में मौजूद मोमिनीन की आंखे नम हो गईं और या अली-या अली की सदाओं से पूरा माहौल गमगीन हो गया। दूसरी तरफ अमरोहा शहर में शिया समुदाय की सभी मस्जिदों में शहादत हजरत अली का जिक्र हुआ, मोहल्ला शफातपोता स्थित अशराफुल मस्जिद में मौलाना डॉ. अहसन अख्तर, मोहल्ला छेवड़ा में मौलाना एजाज हुसैन के साथ अन्य मस्जिद और इमामबाड़ों में मौलाना शादाब, मौलाना अजहर अब्बास ने शहादत का बयान पेश किया।

## पीएम श्री विद्यालय में कम्प्यूटर लैब का उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** ब्लॉक धनौरा के पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय चकनवाला में वार्षिकोत्सव एवं करियर गाइडेंस कार्यक्रम का उत्साहपूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी धनौरा विभा श्रीवास्तव, विशिष्ट अतिथि महिला थाना प्रभारी गजरौला प्रिया रानी और खंड शिक्षा अधिकारी प्रकाश चंद ने मां सरस्वती के चित्र के सामने दीप जलाकर किया। इस दौरान अतिथियों ने विद्यालय में नवनिर्मित कंप्यूटर लैब का भी उद्घाटन किया। एसडीएम विभा श्रीवास्तव ने कहा कि प्रतिभा किसी की मोहताज नहीं होती। ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों में भी आगे बढ़ने की पूरी क्षमता है। कंप्यूटर लैब के माध्यम से बच्चों को डिजिटल शिक्षा मिलेगी और वे देश-दुनिया की जानक. ारी हासिल कर सकेंगे।कार्यक्रम में छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए।

# प्रदेशभर में बिजली कर्मचारियों व इंजीनियरों के विशाल प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** प्रस्तावित इलेक्ट्रिसिटी (संशोधन) बिल 2025 के विरोध में आज उत्तर प्रदेश समेत पूरे देश में बिजली कर्मचारियों और इंजीनियरों ने व्यापक प्रदर्शन, धरना और विरोध सभाएं आयोजित की।

ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन (एआइपीईएफ ) के चेयरमैन व विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उप्र के संयोजक शैलेन्द्र दुबे ने बताया कि ये प्रदर्शन नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी एम्प्लॉइज एंड इंजी. नियर्स (एनसीसीओइइ) के आह्वान पर आयोजित किए गए। उन्होंने बताया कि देश के विभिन्न राज्यों व प्रदेश के विभिन्न जिलों में



बिजलीघरों, ट्रांसमिशन केंद्रों, वितरण कार्यालयों तथा जिला मुख्यालयों पर बिजली कर्मचारी और इंजीनियर बड़ी संख्या में एकत्र हुए और प्रस्तावित कानून की कड़ी निंदा की। प्रदर्शनकारियों ने बिल को किसान विरोधी, उपभोक्ता विरोधी और कर्मचारी विरोधी बताते हुए इसे तत्काल वापस लेने की मांग की।

इस अवसर पर बोलते हुए संघर्ष समिति के संयोजक शैलेन्द्र दुबे ने कहा कि इलेक्ट्रिसिटी (संशोधन) बिल 2025 का मुख्य उद्देश्य बिजली वितरण के क्षेत्र में बड़े पैमाने पर निजीकरण को बढ़ावा देना और सार्वजनिक बिजली व्यवस्था को कमजोर करना है। नए केंद्रीय निकायों के गठन और नियम बनाने की शक्तियों के विस्तार से राज्यों की स्वायत्तता प्रभावित होगी और राज्यों के लिए अपनी स्थानीय जरूरतों के अनुसार बिजली नीति, सब्सिडी और टैरिफ तय करना कठिन हो जाएगा। संघर्ष समिति ने दोहराया कि बिजली एक आवश्यक सार्वजनिक सेवा है और यह सभी नागरिकों को सस्ती, सुलभ और विश्वसनीय रूप से उपलब्ध रहनी चाहिए। संघर्ष समिति ने इलेक्ट्रिसिटी (संशोधन) बिल 2025 को तत्काल वापस लेने तथा बिजली क्षेत्र में किसी भी सुधार से पहले राज्य सरकारों, बिजली कर्मचारियों, इंजीनियरों, किसान संगठनों और उपभोक्ता संगठनों से सार्थक परामर्श करने की मांग की।

## आगरा में एटीएम कार्ड ठग गिरफ्तार, 153 एटीएम कार्ड बरामद

**आगरा।** उत्तर प्रदेश के आगरा में पुलिस ने एटीएम कार्ड बदलकर ठगी करने वाले एक अंतर्राज्ईय गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 153 एटीएम कार्ड बरामद किए हैं। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि थाना शाहगंज क्षेत्र में एक व्यक्ति एटीएम से रुपये निकालने गया था, लेकिन वह किसी कारणवश पैसे नहीं निकाल पाया। इसी दौरान मौके पर मौजूद एक युवक ने मदद के बहाने उसका एटीएम कार्ड बदल लिया और असली कार्ड अपने पास रखकर नकली कार्ड पीड़ित को दे दिया। पुलिस के अनुसार आरोपियों ने पीड़ित का पिन कोड भी देख लिया और बाद में प्वाइंट ऑफ सेल (पीओएस) मशीन के जरिए लगभग 16 लाख रुपये विभिन्न खातों में ट्रांसफर कर लिए। जांच के दौरान पुलिस ने गिरोह के तीन आरोपियों दिल्ली निवासी सोनू, मेरठ निवासी वैभव और मुजफ्फरनगर निवासी वैभव को गिरफ्तार कर लिया।

# शहर की सडकों पर छुट्टा पशुओं का बोलबाला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** शहर की सडकों पर सुरक्षित चलना मुश्किल होता जा रहा है। इसका मुख्य कारण है छुट्टा और आवारा पशुओं का बढता वर्चस्व।

इसे लेकर कई बार लोगों ने जिला प्रशासन को अवगत कराते हुए समस्या के समुचित समाधान की गुहार भी लगाई, पर समस्या निस्तारण की दिशा में कोई ठोस पहल संबंधित विभागों के द्वारा नहीं की जा रही है। शहर के महात्मागांधी मार्ग, कस्तुरबा गांधी मार्ग, सरोजनी नायडु मार्ग, एलगिन रोड, कमला नेहरू रोड सहित इसी के समस्त प्रमुख मार्गो पर छुट्टा और आवारा जानवरों का बोलबाला बढता जा रहा है।

इसके चलते आये दिन राहगीरों



और वाहन चालकों को सडक हादसे का शिकार होना पडता है। इसे लेकर लोगों में शासन प्रशासन के प्रति नाराजगी बढती जा रही हैं। समस्या निस्तारण के लिए कई बार लिखित और मौखित शिकायतें की गई, पर कोरे आश्वासनों के अलावे शहर वासियों को कुछ नहीं मिला।

## प्रेमी से विवाह की जिद पर युवती हाइटेंशन पोल पर चढ़ी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश में जौनपुर जिले में शाहगंज कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की युवती ने प्रेमी से विवाह की जिद पर मंगलवार को हाईटेंशन विद्युत पोल पर चढ़कर हंगामा खड़ा कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने समझा-बुझाकर उसे सुरक्षित नीचे उतार लिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार 19 वर्षीय युवती का आजमगढ़ जिले के दीदारगंज थाना क्षेत्र के नंदाव गांव निवासी युवक से काफी समय से प्रेम संबंध था।

इस संबंध की जानकारी होने पर युवती के परिजनों ने करीब तीन महीने पहले इसका विरोध किया था, जिसके बाद युवती अपने प्रेमी के साथ घर से चली गई थी। पुलिस ने जनवरी में दोनों को बरामद कर लिया था।

युवती के परिजनों की तहरीर पर प्रेमी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय भेज दिया गया था। बताया गया कि हाल ही में युवक के जमानत पर रिहा होने की सूचना मिलने पर युवती ने उससे विवाह करने की जिद शुरू कर दी। परि. जनों द्वारा दोनों के अलग समुदाय से होने का हवाला देकर विरोध किए जाने से नाराज युवती आजमगढ़ जिले की सीमा से सटे बैरकडीह गांव के पास हाईटेंशन विद्युत पोल पर चढ़ गई और प्रेमी से शादी कराने की मांग करने लगी।

# व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने जिलाधिकारी से की मुलाकात

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने आज सुबह कलेक्ट्रेट में जिला. धिकारी लखनऊ विशाख जी से मुलाकात की तथा उन्हें मिलकर मिठाई , कैटरिंग ,रेस्टोरेंट, होटल व्यापारियों को व्यवसायिक गैस सिलेंडर मिलने में आ रही परेशानियों से अवगत कराया उसके बाद उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल का प्रति. निधि मंडल अपर जिलाधिकारी खाद्य एवं आपूर्ति ज्योति गौतम से मिला।

अपर जिलाधिकारी खाद्य एवं आपूर्ति ज्योति गौतम ने व्यापारियों से इस विषय पर सहयोग की अपील की उन्होंने व्यापारियों को जानकारी



देते हुए बताया इंडियन ऑयल , हिंदुस्तान पेट्रोलियम एवं भारत पैट्रोलियम कंपनियों से बात करके शीघ्र ही उचित समाधान निकाला जाएगा उन्होंने कहा घरेलू गैस सिलेंडर में किसी भी प्रकार की कोई समस्या नहीं है व्यावसायिक में थोड़ा सा सबको संयम बरतना होगा फूड सेक्टर को सप्लाई में प्राथमिकता देने का प्रयास है अपर जिला अधिकारी ने आदर्श व्यापार मंडल के पदा. धिकारियो के प्रतिनिधि मंडल को बताया भारत सरकार की पेट्रोलियम एवं प्राक्ृतिक गैस मंत्रालय के दिशा निर्देश के अनुसार व्यावसायिक से संबंधित कुछ गाइडलाइन है जिसके अंतर्गत प्रशासन कार्य कर रहा है वैश्विक कारणो से उत्पन्न इस स्थिति के लिए उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय गुप्ता ने सभी व्यापारियों से सरकार एवं प्रशासन का सहयोग करने की अपील की तथा अफवाहों से बचने की अपील की तथा साथ ही साथ जिला प्रशासन से फूड सेक्टर के व्यापारियों के लिए शीघ्र उचित समाधान निकालने की मांग की उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार के प्रतिनिधि मंडल में प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता के साथ प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष अविनाश त्रिपाठी ,मिठाई एवं रेस्टोरेंट व्यापारी राजेश गुप्ता, फूड व्यवसाय से संबंधित मो.आदिल शामिल थे

## संक्षिप्त समाचार

### दवा पहुंचाने वाली शिपिंग कंपनी को हाईकोर्ट से राहत

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उज्बेकिस्तान में दवा पहुंचाने वाली शिपिंग कंपनी के निदेशक को राहत दी है। धोखाधड़ी व अमानत में खयानत के आरोप में दर्ज मुकदमे की पूरी कार्यवाही पर रोक लगा दी है। इसके साथ ही विपक्षी पक्ष को नोटिस जारी किया है और उन्हें चार सप्ताह के भीतर अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति नंद प्रभा शुक्ला की एकलपीठ ने मुकेश कुमार झा की अर्जी पर दिया है। याची एक शिपिंग कंपनी के निदेशक हैं। शिकायतकर्ता दवा बनाने वाली कंपनी के कर्मचारी विकास शर्मा ने गौतमबुद्ध नगर के बीटा-2 थाने में याची के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। आरोप लगाया है कि याची की कंपनी के साथ दवाइयां उज्बेकिस्तान पहुंचाने के लिए अनुबंध हुआ था। पैसे का भुगतान कर दिया था। इसके बाद भी समय पर दवाइयां नहीं भेजी गईं और दवाइयां खराब हो गईं। ट्रायल कोर्ट ने आरोप पत्र का संज्ञान लेकर समन आदेश जारी किया है। याची ने समन आदेश सहित मुकदमे की पूरी कार्यवाही को रद्द करने की मांग करते हुए हाईकोर्ट में अर्जी दायर की है। याची अधिवक्ता शिवांग ने दलील दी कि याची पर एक ही घटना के लिए भारतीय दंड संहिता की धारा 420 और 406 (नए कानून बीएनएस के तहत धारा 318(4) और 316(2)) के तहत आरोप लगाए गए हैं। कानून के स्थापित सिद्धांतों और सुप्रीम कोर्ट के हालिया फैसलों शिश्दल्ली रेस क्लब बनाम उत्तर प्रदेश राज्यश्श् के अनुसार धोखाधड़ी (धारा 420) और अमानत में खयानत (धारा 406) के आरोप एक ही तथ्यों के आधार पर एक साथ नहीं लगाए जा सकते। कोर्ट ने पक्षों को सुनने बाद मामले की गंभीरता को देखते हुए विपक्षी पक्ष को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। साथ ही ट्रायल कोर्ट में लंबित मुकदमे की पूरी कार्यवाही पर रोक लगा दी है। अगली सुनवाई 17 अप्रैल 2026 को तय की गई है।

### बाइक और ट्रैक्टर भिड़ंत युवक की मौके

**परियर उन्नाव।** सफीपुर कोतवाली के परियर चौकी क्षेत्र में अतहा पावा मार्ग पर मंगलवार दोपहर करीब 2 बजे बाइक के अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर से टकराने पर एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भारी भीड़ लग गई और मिली जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान अतहा गांव निवासी महेश पुत्र नखरु 18वर्ष के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि महेश अपनी बाइक से अपने दो दोस्तों के साथ अतहा से पावा गांव की ओर आ रहा था।इसी दौरान अचानक उसकी बाइक अनियंत्रित होकर दूसरी तरफ से आ रहे ट्रैक्टर से टकरा गई।हादसा इतना भीषण था कि दो युवक गंभीर रूप से घायल जिनका इलाज चल रहा है।और एक की मौके पर ही उसकी मौत हो गई। सड़क पर खून बिखरा देख आसपास के ग्रामीण और राहगीर तुरंत मौके पर पहुंचे। राहगीरों ने तत्काल पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही सफीपुर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।पुलिस का कहना है कि दुर्घटना के सही कारणों का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है। आसपास के लोगों से भी पूछताछ की जा रही है ताकि यह स्पष्ट हो सके कि हादसा किस परिस्थिति में हुआ।कोतवाली प्रभारी सुब्रत नारायण त्रिपाठी ने बताया ट्रैक्टर चालक व मालिक पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### सड़क दुर्घटना में महिला की मौत

**बांगरमऊ ( उन्नाव )।** कोतवाली क्षेत्र के बिल्हौर मार्ग स्थित गंगा नदी पुल पर मंगलवार सुबह तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत हो गई। जबकि उसका पुत्र घायल हो गया। घटना से परि. जनों में कोहराम मच गया। पुलिस में शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के ग्राम सबली खेडा़ निवासी सुनीता (45) पत्नी सूघर लाल यादव अपने छोटे पुत्र आदित्य कुमार के साथ बाइक से बिल्हौर थाना क्षेत्र के एक गांव गई थीं। वहां उनकी पुत्री शशि के हाल ही में बच्चा पैदा हुआ था। जिसे देखने के लिए वह गई थीं। आज मंगलवार सुबह करीब 8 बजे मां-बेटा बाइक से वापस घर लौट रहे थे। रास्ते मे बांगरमऊ - बिल्हौर मार्ग स्थित गंगा नदी पुल पर तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही सुनीता सड़क पर गिरकर ट्रक के नीचे आ गईं, जबकि बाइक चला रहा उसका पुत्र दूसरी ओर जा गिरा। हादसे में सुनीता गंभीर रूप से घायल हो गईं। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तुरंत यहां के सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया ।जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। महिला की मौत से परिवार में कोहराम मच गया है। सुनीता अपने पीछे पुत्र आदित्य कुमार , सत्य कुमार , सौरभ कुमार तथा पुत्री शालिनी ,शशि और सोनम को रोते बिलखते छोड़ गई है

### भाजपा महामंत्री बीएल संतोष से की शिष्टाचार भेंट

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में एनडीए गठबंधन के अंतर्गत निषाद पार्टी द्वारा किए जा रहे संगठनात्मक एवं जनहित कार्यों से अवगत कराया गया। साथ ही निषाद पार्टी के कार्यकर्ताओं के समायोजन तथा मझवार एवं तुरैहा (सभी उपजातियों) को अनुसूचितजाति में परिभाषित किये जाने के विषयों पर भी चर्चा हुई।

## कौशांबी में सड़क हादसा, युवक की मौत तीन घायल

**कौशांबी।** उत्तर प्रदेश में कौशांबी जिले के सैनी थाना क्षेत्र में सोमवार देर रात एक सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस सूत्रों के अनुसार अजमतपुर गांव निवासी नीरज (20) अपने साथी दिलीप और उसके भाई अमरदीप को बाइक से लेकर सिराथू रेलवे स्टेशन से घर लौट रहा था। जैसे ही वे कानपुर.प्रयागराज राष्ट्रीय मार्ग पर लोंहदा मोड़ के पास पहुंचे, उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई। इस हादसे में नीरज की मौके पर ही मृत्यु हो गई, जबकि उसके साथी दिलीप व अमरदीप के अलावा ट्रक चालक सुरेश महतो निवासी झारखंड गंभीर रूप से घायल हो गए।

# 30 प्रस्तावों को मिली मंजूरी, अब खतौनी से होगा नाम का मिलान, हर गांव में पहुंचेगी निगम की बस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में सीएम योगी की अध्यक्षता में कैबिनेट बैठक में 31 में से 30 प्रस्ताव को अपनी मंजूरी दे दी । अब प्रॉपर्टी रजिस्ट्रेशन से पहले खतौनी में नाम का मिलान करना अनिवार्य कर दिया गया। वहीं सीएम ग्राम परियोजना के तहत हजारों ग्राम सभाओं को 28 सीटर बस सेवा से जोड़ने का निर्णय लिया गया है जिससे कि ग्रामीणों को यातायात दौरान होने वाली समस्याओं से अब निजात मिल जाएगी।

मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में कैबिनेट बैठक हुई। 31 प्रस्तावों पर चर्चा हुई, जिनमें से 30 प्रस्तावों को मंजूरी दे दी गई। बैठक में प्रॉपर्टी रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। अब किसी भी संपत्ति को बेचने से पहले विक्रेता का नाम खतौनी में मिलान किया जाएगा। यदि नाम अलग पाया जाता है तो रजिस्ट्रेशन विभाग इसकी जांच करेगा। सरकार ने सर्किल रेट पर एक प्रतिशत शुल्क और विकास शुल्क के दो प्रतिशत अतिरिक्त स्टांप शुल्क से जुड़े प्रावधानों में भी बदलाव किया है।

पहले यह राशि यूसी जारी होने के बाद निकायों को दी जाती थी, जिसे अब छमाही आधार पर जारी किया जाएगा। परिवहन विभाग से जुड़े प्रस्ताव के तहत सीएम ग्राम परिवहन योजना 2026 को स्वीक्ृति दी गई है। योजना के तहत 59,163 ग्राम सभाओं को बस सेवा से जोड़ा जाएगा। जिन 12,200 गांवों में अब तक बस सेवा नहीं थी, वहां भी 28 सीटर बसें चलाई जाएंगी। बस सेवा टैक्स फी होगी और निजी क्षेत्र को भी संचालन की अनुमति दी जाएगी। ग्रामीण बस सेवा योजना के तहत बसों की औसत आयु 15 वर्ष तय की गई है, जबकि संचालन का अनुबंध 10 वर्ष के लिए किया जाएगा। योजना के तहत बस सेवा को पहली बार परमिट, अनुबंध और टैक्स से मुक्त रखा जाएगा। सरकार के अनुसार करीब 5000 ऐसे गांव हैं जहां अब तक कभी बस नहीं पहुंची। शुरुआत में हर रूट पर दो बसें चलाई जाएंगी। वहीं मोटर व्हीकल कानून में संशोधन कर केंद्र सरकार के नियमों को अपनाया जाएगा। इसके तहत व्सं और न्इमत जैसे एग्रीगेटर प्लेटफॉर्म को राज्य में पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। ड्राइवरों की फिटनेस जांच, मेडिकल टेस्ट और पुलिस वेरिफिकेशन भी जरूरी किया जाएगा। एग्रीगेटर के लिए आवेदन शुल्क 25 हजार रुपये और लाइसेंस फीस 5 लाख रुपये तय की गई है। लाइसेंस का नवीनीकरण हर पांच साल में 5 हजार रुपये शुल्क के साथ होगा। सरकार खुद का परिवहन ऐप भी विकसित करेगी, जिसमें ड्राइवरों की पूरी जानकारी उपलब्ध रहेगी और उनकी ट्रेनिंग भी कराई जाए। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत 22 वर्गमीटर तक के आवास की लागत सीमा 6 लाख से बढ़ाकर 9 लाख रुपये कर दी गई है। अब 30 वर्गमीटर तक मकान का निर्माण किया जा सकेगा। इसमें 1 लाख रुपये राज्य सरकार और 1.5 लाख रुपये केंद्र सरकार की ओर से सहायता दी जाएगी।

# एमएलसी को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** गंगा पर बनने वाले पुल को लेकर जवाहरगंज ढरहरिया स्थित मकानों पर लाल चिन्ह लगाए जाने के बाद भवन स्वामियों को घर खाली करने का आदेश मिल गया है। इसे लेकर परेशान लोगों ने एमएलसी डॉ सुरेन्द्र चौधरी को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन सौंपने वालों ने बताया कि विगत कई दशकों से लोग वहां मकान बनाकर रहते हैं। खून पसीने की कमाई लगा चुके ढरहरिया निवासियों को मकान खाली करने को कहा गया है। पर इस बात पर शासन प्रशासन मौन है कि आखिर लोग कहां जाकर बसे।

इस समस्या को लेकर डॉ चौधरी से मुलाकत करके ज्ञापन सौंपा गया। इसके माध्यम से इस पीडितों को आवास मुहैया कराये जाने की मांग की



गई। इस मांग पर उन्होंने लोगों को भरोसा दिलाया कि प्रदेश और केन्द्र सरकार के समक्ष उनकी बात को रखेंगे। साथ ही कहा कि सभी को आवास की सुविधा भी उपलब्ध करायी जाएगी।

## अमेठी में सड़क हादसा, तीन की मौत, चार घायल

**अमेठी।** उत्तर प्रदेश के अमेठी जिले में सोमवार देर शाम एक सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस सूत्रों के अनुसार फुरसतगंज थाना क्षेत्र में रायबरेली-सुल्तानपुर मार्ग पर निगोहा के पास तकनीकी खराबी के कारण ट्रक सड़क किनारे खड़ा था।

इसी दौरान अमेठी से रायबरेली की ओर जा रही दो मोटरसाइकिलें पीछे से खड़े ट्रक से टकरा गईं। दोनों बाइकों पर कुल सात लोग सवार थे। टक्कर इतनी तेज थी कि सभी बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फुरसतगंज पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने हीरालाल (45) निवासी फरीदपुर परवर थाना जायस, अतुल निवासी गांधीनगर थाना जायस तथा उनकी पुत्री दिशा को मृत घोषित कर दिया। इस हादसे में पल्लवी पुत्री हीरालाल, शिवानी पुत्री सत्यनारायण निवासी ओदारी चौराहा थाना जायस, अतुल की पत्नी रानी तथा माही (12) पुत्री जीवनलाल गंभीर रूप से घायल हो गईं।

## रायबरेली में पेड़ से लटका मिला युवक का शव

**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश में रायबरेली जिले के गुरुबक्शगंज थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह एक व्यक्ति का शव पेड़ से लटका मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि गुरुबक्शगंज थाना क्षेत्र के पूरे कोइली मजरे बास निवासी बैनामा लेखक रंजन लोधी के पुत्र राजू उर्फ राघवेंद्र लोधी (45) सोमवार रात करीब 9 से 9:30 बजे रायबरेली से अपने घर के लिए निकले थे,

लेकिन घर नहीं पहुंचे। मंगलवार सुबह करीब 9 से 10 बजे के बीच ग्रामीणों ने गांव के किनारे एक चिलबिल के पेड़ पर रस्सी के फंदे से युवक का शव लटका देखा। इसके बाद ग्रामीणों ने तुरंत इसकी सूचना परिजनों और पुलिस को दी। सूचना मिलने पर गुरुबक्शगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतरवाकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परि. जनों ने युवक की हत्या कर शव को पेड़ से लटकाने की आशंका जताते हुए पुलिस को तहरीर दी है और मामले की गहन जांच की मांग की है। वहीं अमित कुमार सिंह ने बताया कि युवक का शव पेड़ से लटका मिला है। प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, हालांकि मौत के वास्तविक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है।

# नकलविहीन होगी सीधी भर्ती परीक्षा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड, लखनऊ द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस में उप निरीक्षक, नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2025 का आयोजन 14 और 15 मार्च को होना सुनिश्चित है।

नकल विहीन परीक्षा को संपन्न कराये जाने को लेकर जिला पंचायत सभागार में जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में मंगलवार ब्रीफिंग बैठक व प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हु आ। बैठक में जिलाधिकारी ने परीक्षा के सकुशल, नकलविहीन व सुचि. तापूर्ण ढंग से आयोजन के लिए सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेट, केन्द्र व्यवस्थापक, सह



केन्द्र व्यवस्थापक सहित अन्य अधिकारियों को जिम्मेदारी व संवे. दनशीलता के साथ परीक्षा को सम्पन्न कराये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु नियुक्त सेक्टर मजिस्ट्रेटों को गोपनीय सामग्री को स्टैटिक मजिस्ट्रेट व केन्द्र व्यवस्थापक की उपस्थिति में सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में ही प्राप्त कराने तथा परीक्षा अवधि के दौरान अपने सेक्टर के परीक्षा केन्द्रों पर भ्रमणशील रहकर परीक्षा को सम्पन्न कराने एवं परीक्षा के समाप्ति के उपरांत गोपनीय सामग्री को निर्धारित रूट से ही पुलिस अभिरक्षा में डबल लॉक में जमा कराना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने परीक्षा केन्द्रों पर नियुक्त स्टैटिक मजिस्ट्रेटों को पुलिस भर्ती बोर्ड द्वारा निर्गत निर्देशों के अनुसार परीक्षा केन्द्रों पर सभी आवश्यक व्यवस्थायें एवं अपेक्षित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता क्षम्य नहीं है। उन्होंने कहा कि परीक्षा की शुचिता में किसी भी प्रकार का व्यवधान डालने वालो के विरू) कठोर कार्रवाई की जायेगी। बैठक में अपर जिलाधिकारी नगर सत्यम मिश्र, डीसीपी पंकज पाण्डेय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार, डॉ0 प्रभाकर त्रिपाठी सहित अन्य सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

**सूचना**

प्रयागराज ( इलाहाबाद ) में समाचार व विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-

**अश्वनी कुमार श्रीवास्तव**

( प्रयागराज जोन प्रभारी/जिला प्रभारी/ब्यूरो चीफ )

मो. 9415351850

कार्यालय पता:- 99 ए/1, अशोक नगर ( नवादा ), प्रयागराज

email-shahtimesprayagrajjashwani@gmail.com

# पुलिस ने फर्जी रिक्रूटमेंट सेंटर का किया पर्दाफाश

- चार महिलाओं समेत छह गिरफ्तार
- 30-40 हजार रुपये की ठगी करते थे





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** नोएडा पुलिस ने विद. ेशों में नौकरी दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले एक अंत. रराष्ट्रीय गिरोह का भंडाफोड़ किया है। थाना 113 पुलिस ने सेक्टर-73 स्थित श्एंथूरियम बिजनेस पार्कश में छापेमारी कर दो पुरुषों और चार महिलाओं सहित कुल छह आरो. पियों को गिरफ्तार किया है।

यह गिरोह सोशल मीडिया पर आकर्षक विज्ञापन देकर बेरोजगार युवाओं को अपना शिकार बनाता था। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान सरीम खान, शोएब खान, रितिका, मन्तसा अब्बासी, फातिमा और खुशी उर्फ खुशबू के रूप में हुई है। एडिशनल डीसीपी मनीषा सिंह ने बताया कि पुलिस ने चेकिंग के दौरान सरीम खान और शोएब खान को हिरासत में लिया, जिनसे पूछताछ में M/S RECRUITE SERVICE नाम की फर्जी कंपनी चलाने का खुलासा हुआ। यह गिरोह फेसबुक और इंस्टाग्राम पर "WE ARE HIRING" के नाम से पेड विज्ञापन चलाता था। वे विदेश में, खासकर क्रूज शिप पर नौकरी दिलाने का झांसा देकर युवाओं को फंसाते थे।

एडिशनल डीसीपी ने बताया कि गैंग सोशल मीडिया विज्ञापनों के जरिए लोगों का डेटा इकट्ठा करता था। पीड़ितों को कॉल कर उनसे 30 से 40 हजार रुपये तक वसूल किए जाते थे। विश्वास जीतने के लिए ईमेल के जरिए फर्जी जॉइनिंग लेटर भेजे जाते थे और फिर ऑफिस बदलकर गायब हो जाते थे। इस तरह ठगी कर मुनाफा आपस में बांट लिया जाता था। इस काम के लिए गैंग ने एंथूरियम बिजनेस पार्क, सेक्टर 73 में एक ऑफिस किराए पर ले रखा था। छापेमारी के दौरान पुलिस ने 07 मोबाइल फोन, 01 लैपटॉप, 05 मॉनिटर, 05 सीपीयू (4 बड़े, 1 छोटा), 05 की-बोर्ड, 04 माउस, 01 राउटर, 02 बैंक पासबुक, 01 एटीएम कार्ड, 20 डायरियां (नोटपैड), 02 मोहरें और 44 फोटोस्टेट दस्तावेज बरामद किए हैं।

# दो दिन की जांच में 12 करोड़ रुपये की हेराफेरी पकड़ी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा में दो स्थानों स्थित अग्रवाल स्वीट्स की दुकानों पर आयकर विभाग नोएडा की जांच पूरी हो गई। आयकर सूत्रों का दावा है कि दो दिन की जांच में करीब 12 करोड़ रुपये की वास्तविक बिक्री का रिकॉर्ड छिपाने की जानकारी पकड़ी गई। सर्वे होने के कारण यह कार्रवाई महज दो दिन चली है।आयकर सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक नोएडा, गाजियाबाद, बुलंदशहर और लखनऊ समेत अन्य स्थानों मिठाई, रेस्टोरेंट और खानपान से संबंधित अन्य स्थानों पर अलग-अलग हिस्सों में सर्वे की कार्रवाई शुरू की गई थी, जो बीते साल नवंबर में फूड एंड बेवरेज क्षेत्र में कर चोरी के पैटर्न की जांच से मिले साक्ष्यों और संकेतों के आधार पर की गई।

नवंबर में शुरू की जांच में पता चला कि कई रेस्टोरेंट बड़ी संख्या में बिल डिलीट कर रहे थे और बिक्री कम दिखाने के लिए रिकॉर्ड में बदलाव कर रहे थे। विभाग ने रेस्टोरेंट की ट्रांजेक्शन डाटा का एआई आधारित टूल्स की मदद से विश्लेषण किया। इसमें पेट-पूजा नाम के एक इलेक्ट्रानिक एप्लिकेशन का उपयोग किया जा रहा था। आयकर सूत्रों के अनुसार करीब चार से पांच वर्ष से यह गड़बड़ी की जा रही थी। इनसे अब टैक्स वसूलने के अलावा जुर्माना और कानूनी प्रक्रिया भी की जाएगी। टैक्स और जुर्माने का आंकलन किया जा रहा है। अलग-अलग वर्षों का टैक्स और जुर्माना अलग निर्धारित होगा।आयकर विभाग के अनुसार वह स्वैच्छिक अनुपालन और भरोसे पर आधारित व्यवस्था को बढ़ावा दे रहा है। इसी के तहत सक्षम नज अभियान शुरू किया गया है, जिसके माध्यम से करदाताओं को अपनी गलतियां सुधारने की सलाह दी जा रही है। इसके तहत रेस्टोरेंट 31 मार्च 2026 से पहले अपने आयकर रिटर्न को अपडेट कर दें। सक्षम नज अभियान करदाताओं को एआई-आधारित डाटा विश्लेषण के जरिए पकड़ी गई आय कम दिखाने या गलत डिडक्शन की गलतियों को स्वेच्छा से सुधारने का मौका दे रहा है। इसके लिए अभियान के पहले चरण में देशभर के करीब 63 हजार रेस्टोरेंट को ई-मेल और संदेश भेजे जाएंगे।

ऐप बनाने वाली कंपनी की ओर से नहीं मिली गड़बड़ीआयकर सूत्रों के अनुसार कंपनी पेट पूजा ऐप बनाकर कारोबारियों को दे देती थी। इसमें गड़बड़ी कारोबारी अपने स्तर पर करते थे। इसमें ऐप बनाने वाली कंपनी की ओर से गड़बड़ी नहीं मिली। जैसे ही एक माह पूरा होता था, वित्तीय लेनदेन का रिकॉर्ड हटा दिया जाता था।

## विधवा हत्याकांड में आरोपी को बड़ा झटका

**नोएडा।** घर में घुसकर विधवा महिला की हत्या से जुड़े मामले में नामजद सह-आरोपी रफीक मोहम्मद की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज कर दी। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि आरोप गंभीर प्रकृति के हैं। मामला थाना जारचा से जुड़ा है। अभियोजन पक्ष के अनुसार 17 नवंबर 2024 को थाने में राहिल की तहरीर पर प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

शिकायत में कहा गया था कि घटना की रात उसकी बेटी नरगिस और नातिन नाजिश घर में सो रही थीं। रात करीब एक बजे पड़ोसी शाहरूख घर में घुस आया और नरगिस को बाल पकड़कर कमरे में ले गया और चाकू से हमला किया। उसने पेट, हाथ और गर्दन पर वार किए। शोर सुनकर परिजन बचाने पहुंचे, लेकिन तब तक आरोपी मौके से फरार हो गया। घायल नरगिस को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# एसटीएफ के हत्थे चढ़ा 50 हजार का इनामी गो-तस्कर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) नोएडा यूनिट ने गो-तस्करी के एक मामले में वांछित 50 हजार रुपये के इनामी आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान आरिफ हुसैन निवासी मुरादाबाद के रूप में हुई है। आरोपी चंदौली में दर्ज मुकदमे में वांछित चल रहा था।

एसटीएफ नोएडा के अपर पुलिस अधीक्षक राज कुमार मिश्र का कहना है कि सोमवार को टीम को सूचना मिली कि गो-तस्करी के मामले में वांछित 50 हजार रुपये का इनामी अपराधी आरिफ हरियाणा के सोनीपत औद्योगिक क्षेत्र में छिपा हुआ है। सूचना के बाद एसटीएफ की टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को हिरासत में लिया और पूछताछ के लिए उसे ग्रेटर नोएडा सूरजपुर स्थित एसटीएफ नोएडा कार्यालय लाया गया। यहां पर्याप्त साक्ष्य मिलने के बाद आरोपी को औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी लंबे समय से गो-तस्करी के संगठित गिरोह से जुड़ा हुआ था। उसके खिलाफ कई सूचनाएं मिल रही थीं। आरोपी के खिलाफ चंदौली के थाना कोतवाली में उत्तर प्रदेश गोहत्या निवारण अधिनियम और पशु क्रूरता निवारण अधिनियम की धारा के अंतर्गत मामला दर्ज है। आरोपी के नेटवर्क और उसके अन्य साथियों के बारे में भी जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस यह भी पता लगाने का प्रयास कर रही है कि गो-तस्करी का यह गिरोह किन-किन राज्यों में सक्रिय था और इस अवैध कारोबार में और कौन-कौन लोग शामिल हैं। गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश की जा रही है। जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार किया जाएगा।



**कंटेनर से गोवंशीय पशुओं की तस्करी कराने का आरोप:** पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसके मोहल्ले का रहने वाला हसीब नाम का व्यक्ति पहले से ही गो-तस्करी का काम करता था। उसी के संपर्क में आने के बाद उसने भी इस अवैध कारोबार में कदम रखा। आरिफ ने इस काम को व्यवस्थित तरीके से चलाने के लिए अपने नाम से एक कंटेनर खरीदा था। इसी कंटेनर में गोवंश को भरकर विभिन्न राज्यों में तस्करी के लिए भेजा जाता था।

25 मई 2024 को आरोपी ने अपने कंटेनर में कानपुर क्षेत्र के जंगलों से गोवंश को लोड कराकर अपने गैंग के सदस्यों के जरिए बिहार के रास्ते पश्चिम बंगाल भेजने की योजना बनाई थी। हालांकि रास्ते में ही चंदौली पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उसके गिरोह के कुछ सदस्यों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। इस कार्रवाई के बाद से ही आरिफ फरार चल रहा था और पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। मामले में पुलिस ने उसके ऊपर 50 हजार रुपये का इनाम घोषित कर रखा था। लगातार फरारी के बावजूद वह पुलिस की पकड़ से बचता रहा और हरियाणा में छिपकर रह रहा था।

## एक नजर

### यमुना एक्सप्रेसवे पर वाहन से टकराकर टेंपो चालक की मौत

**यमुना सिटी ( शाह टाइम्स )।** यमुना एक्सप्रेसवे पर आगे चल रहे अज्ञात वाहन से टेंपो टकरा गया। हादसे में टेंपो चालक की मौत हो गई। उसके पिता ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज करवाया है। मूलरूप से अलीगढ़ के रहने वाले मोहन सिंह ने पुलिस से शिकायत की कि उसका 28 वर्षीय बेटा नीरज टेंपो चलाता था। वह 12 फरवरी को ग्वालियर से टेंपो में कुछ सामान लेकर दिल्ली की गाजीपुर मंडी आ रहा था। वह यमुना एक्सप्रेसवे पर सेक्टर ईकोटेक-1 कोतवाली क्षेत्र में पहुंचा तो आगे चल रहे अज्ञात वाहन के चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिए। इस बीच नीरज का टेंपो वाहन से टकरा गया। हादसे में गंभीर रूप से घायल नीरज को दिल्ली के अस्पताल में भर्ती करवाया गया। इलाज के दौरान 13 फरवरी को उसकी मौत हो गई। नीरज के पिता मोहन सिंह ने अब इस मामले में केस दर्ज करवाया है। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की जाएगी।

### जनशिकायतों के निस्तारण में गौतमबुद्धनगर कमिश्नरेट अव्वल

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त जनशिकायतों के निस्तारण में गौतमबुद्ध नगर कमिश्नरेट पुलिस ने प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया। इसमें जिले के सभी 27 थाने पहले पायदान पर हैं। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से मंगलवार को फरवरी माह की मूल्यांकन रिपोर्ट जारी की गई। इसमें गौतमबुद्ध नगर कमिश्नरेट पुलिस को पहली रैंक दी गई। पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह ने इस उपलब्धि पर आईजीआरएस टीम प्रभारी, सभी थाने के प्रभारी और ऑपरेटर को सम्मानित करने की घोषणा की। उन्होंने बताया कि आईजीआरएस पोर्टल पर लोग ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराते हैं। शिकायतों की प्रकृति के आधार पर समयसीमा में निस्तारण होता है। वह स्वयं शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए निगरानी करती हैं। हर माह प्रत्येक शुक्रवार को समीक्षा भी की जाती है। इन प्रयासों के चलते पुलिस कमिश्नरेट रैंकिंग में लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। उन्होंने बताया कि गौतमबुद्ध नगर का फरवरी में प्रथम रैंक पर आना बड़ी उपलब्धि है। यह नागरिकों की शिकायतों के समाधान का प्रमाण है। शिकायतों का समाधान सही तरीके से होने से लोगों का शासन प्रशासन पर विश्वास बढ़ता है।

### इंजीनियर पत्नी की हत्या के आरोपी पति की जमानत अर्जी खारिज

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सत्र अदालत ने सिविल इंजीनियर पत्नी की हत्या के आरोप में जेल में बंद आरोपी पति नुरुल्लाह हैदर की दूसरी जमानत याचिका खारिज कर दी। मामला थाना फेस-1 क्षेत्र का है। अभियोजन के अनुसार वादी समद नूर ने 4 अप्रैल 2025 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि घटना वाले दिन सुबह करीब पांच बजे उसके पिता नुरुल्लाह हैदर उसकी मां असमा खान के साथ मारपीट कर रहे थे। सूचना मिलने के बाद मृतका के मायके पक्ष के कई लोग घर पहुंच गए। उस समय आरोपी ने सभी से माफी मांगी। बाद में वादी अपने विश्व. विद्यालय एडमिट कार्ड लेने के लिए चला गया था। जब वह घर लौटा तो देखा कि उसके पिता घर के कमरे से बाहर निकलकर भागने लगे। तभी उसकी 12 वर्षीय बहन घबराकर चिल्लाई कि पिता ने मां की हत्या कर दी है। वादी ने बताया कि जब वह कमरे में पहुंचा तो उसकी मां असमा खान खून से लथपथ हालत में पड़ी थीं और कमरे की दीवारों पर भी खून के छींटे थे। वहीं बचाव पक्ष ने कहा कि आरोपी की उम्र करीब 53 वर्ष है। वह पेशे से इंजीनियर है। आरोपी कई गंभीर बीमारियों से पीड़ित है। शादी को करीब 20 वर्ष हो चुके थे और दोनों के दो बच्चे हैं। वहीं दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद अदालत ने आरोपी को जमानत देने से मना कर दिया।

### पहले लिफ्ट खराब हुई, अब पानी की किल्लत ने लोगों को किया परेशान

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सेक्टर-137 स्थित सुपरटेक ईकोसिटी में लिफ्ट खराब होने के बाद अब पानी की किल्लत हो गई। एओए उपाध्यक्ष ओम दत्त शर्मा ने बताया कि जिम्मेदार रख रखाव कंपनी को 25 मार्च तक व्यवस्था संभालनी है। बावजूद इसके समस्याओं का अंबार लगा हुआ है।

उन्होंने बताया कि ईकोसिटी के बी टॉवर और एलएम टॉवर 19 और 20 तल के टॉवर हैं। इनमें सबसे ज्यादा पानी की दिक्कत आ रही है। उनका कहना है कि पानी की पाइपलाइन लीक होने के कारण यह समस्या इतनी बढ़ी है। इनमें 14वें तल तक तो पानी चढ़ रहा है, लेकिन प्रेशर कम होने के कारण इसके ऊपर नहीं जा पा रहा है। ऐसे में कई परिवार परेशानी में हैं। उनका कहना है कि जब एओए ने इस समस्या को दूर करने का प्रयास किया तो जिम्मेदार रख रखाव कंपनी ने उन्हें काम नहीं करने दिया।

## सीबीएसई के प्रश्नपत्र के क्यूआर कोड से खुला यूट्यूब गाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सीबीएसई की ओर से एप्लाइड मैथमेटिक्स का पेपर सोमवार को आयोजित किया गया। इस प्रश्न पत्र के फ्रंट पेज पर लगा क्यूआर कोड स्कैन करने पर यूट्यूब ओपन हो रहा है, जिस पर फॉरेन म्यूजिक बज रहा है।

जबकि क्यूआर कोड पेपर कोड स्कैन करने के लिए दिया जाता है। सोशल मीडिया पर यह स्टूडेंट्स के बीच चर्चा का विषय बन गया है। शिक्षकों के बीच भी परीक्षा केंद्रों पर इसको लेकर सीबीएसई की खिल्ली उड़ रही है। ऑनलाइन चल रहे पोस्ट के अनुसार, कोड को स्कैन करने पर यूजर्स को रिक एस्टली के 1987 के गाने 'Never Gonna Give You Up' पर रीडायरेक्ट किया गया, जिसे इंटरनेट पर रिकरोलष्मीम के नाम से जाना जाता है।

**सीबीएसई ने कहा - सुरक्षा से समझौता नहीं:** हालांकि इस मामले में सीबीएसई ने स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा है कि प्रश्न पत्रों में कई सुरक्षा फीचर दिए जाते हैं, जिनमें क्यूआर कोड भी शामिल है। कुछ प्रश्न पत्र सेट में एक क्यूआर कोड स्कैन करने पर यूट्यूब वीडियो लिंक खुलने की जानकारी सामने आई है।

सीबीएसई ने स्पष्ट किया है कि सभी प्रश्न पत्र पूरी तरह जेन्युइन हैं और उनकी सुरक्षा में किसी प्रकार की कोई समझौता नहीं हुआ है। बोर्ड ने यह भी कहा कि मामले को गंभीरता से लिया गया है और भविष्य में ऐसी स्थिति दोबारा न हो, इसके लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

# जेवर एयरपोर्ट कनेक्टिविटी को मिलेंगे पंख, 30 किमी लंबे सिक्स लेन एलिवेटेड एक्सप्रेसवे को हरी झंडी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा और आसपास के इलाकों में बढ़ते ट्रैफिक को देखते हुए एक बड़ी योजना पर काम शुरू होने जा रहा है। उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (यूपीडा) यमुना तटबंध के किनारे करीब 30 किलोमीटर लंबा छह लेन का एलिवेटेड एक्सप्रेसवे बनाने की तैयारी कर रही है। इस प्रोजेक्ट को नोएडा प्राधिकरण के बोर्ड से पहले ही मंजूरी मिल चुकी है. अब इस परियोजना को आगे बढ़ाने के लिए यूपीडा की कंसल्टेंट कंपनी ऑलमंड्ज ग्लोबल इंफ्रा के प्रतिनिधि की ओर से मंगलवार को मौके का भौतिक निरीक्षण शुरू किया गया है।

**चार हजार करोड़ की होगी लागत:** इस दौरान कंपनी के विशेषज्ञ पूरे प्रस्तावित रूट का जायजा लेंगे और नोएडा प्राधिकरण तथा यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ बैठक भी करेंगे। निरीक्षण के बाद परियोजना की तकनीकी और डिजाइन संबंधी प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाएगा। यह एलिवेटेड एक्सप्रेसवे करीब 4000 करोड़ रुपये की लागत से बनाया जाएगा।

इस परियोजना की खास बात यह है कि इससे दिल्ली से जेवर में बन रहे नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे तक सीधी और तेज कनेक्टिविटी मिल सकेगी. अभी दिल्ली और नोएडा से एयरपोर्ट तक पहुंचने के लिए लोगों को लंबा रास्ता तय करना पड़ता है, लेकिन इस एक्सप्रेसवे के बनने के बाद सफर काफी आसान और तेज हो जाएगा।

**ट्रैफिक का बड़ा हिस्सा नए रास्ते पर होगा शिफ्ट:** एक और बड़ा फायदा इस परियोजना का यह होगा कि नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर बढ़ रहे यातायात के दबाव को काफी हद तक कम किया जा सकेगा। रोजाना हजारों वाहन इस मार्ग से गुजरते हैं, जिससे कई बार जाम की स्थिति बन जाती है। नया एलिवेटेड एक्सप्रेसवे बनने के बाद ट्रैफिक का बड़ा हिस्सा इस नए रास्ते पर शिफ्ट हो सकेगा।

**कौन वहन करेगा खर्च?:** इस परियोजना के खर्च को नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण मिलकर वहन करेंगे। इस एक्सप्रेसवे के निर्माण में सबसे ज्यादा हिस्सा नोएडा प्राधिकरण का होगा। कुल 30 किलोमीटर लंबे इस ट्रैक में करीब 23 किलोमीटर हिस्सा नोएडा क्षेत्र में पड़ेगा।

**कैसी होगी कनेक्टिविटी?:** यह एक्सप्रेसवे पूरी तरह छह लेन का एलिवेटेड रोड होगा और इसमें तीन प्रमुख लूप बनाए जाएंगे, ताकि अलग-अलग मार्गों से आने वाले वाहनों को आसानी से प्रवेश और निकास मिल सके। पहला लूप सेक्टर-168 में फरीदाबाद-नोएडा-गाजियाबाद (एफएनजी) मार्ग को जोड़ेगा। दूसरा लूप सेक्टर-150 के पास सेक्टर-149ए और सेक्टर-150 के बीच 75 मीटर चौड़ी सड़क से कनेक्टिविटी देगा. वहीं तीसरा लूप ग्रेटर नोएडा के परी चौक से इस एक्सप्रेसवे को जोड़ेगा।

# नोएडा के विभिन्न सेक्टरों का सीईओ ने किया निरीक्षण, सफाई व्यवस्था में लापरवाही पर कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) कृष्णा करुणेश ने सोमवार को शहर के विभिन्न सेक्टरों का निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था, नालों की स्थिति और अन्य नागरिक सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कई स्थानों पर गंदगी और अव्यवस्था मिलने पर संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

निरीक्षण के दौरान सेक्टर-8 के समीप ई-9 क्षेत्र में मलबा पड़ा मिला। इस पर वहां तैनात सफाई कर्मी राहुल और सोनी तथा हेल्थ सुपरवाइजर श्रीप्रकाश मिश्रा की सेवाएं समाप्त करने और अवर अभियंता हर्षित मलिक का 10 दिन का वेतन रोकने के निर्देश दिए गए। सीईओ ने शहर के बड़े नालों को कवर कर उनके ऊपर वॉकिंग जोन विकसित करने की संभावनाओं का परीक्षण कर आगे की कार्रवाई के निर्देश भी दिए। इसके अलावा कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त नालियों की मरम्मत कराने के आदेश दिए गए। सेक्टर-11 में ए-ब्लॉक मार्केट के पास ड्रेन पर प्रीकास्ट स्लैब लगाकर पैदल मार्ग से जोड़ने के निर्देश दिए गए। सेक्टर-55 में ड्राइपॉड क्षेत्र में मलबा मिलने पर तत्काल सफाई कराने के लिए कहा गया, वहीं होटल रेडिसन ब्लू के पास सर्विस रोड की कनेक्टिविटी सुधारने के निर्देश दिए गए। सेक्टर-57 में सी-4 और सी-60 से 63 के आसपास भारी मात्रा में कूड़ा और मलबा मिलने पर वहां तैनात सुपरवाइजर आजाद की सेवा समाप्त करने के निर्देश दिए गए।

इसके अलावा खोड्य के पास सेंट्रल वर्ज में गंदगी मिलने पर सफाई कराने को कहा गया। सेक्टर-62 में सड़क पर पड़े उद्यानिक कचरे को हटाने और सर्विस रोड को नियमित रूप से साफ कर आवागमन के लिए खोलने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान सेक्टर-62 में सड़कों पर बड़ी संख्या में निराश्रित गायें घूमती मिलीं, जिन्हें अभियान चलाकर गोशालाओं में भेजने के निर्देश दिए गए। साथ ही सेक्टर-62 स्थित बारातघर का निरीक्षण कर उसके नवीनीकरण के निर्देश भी दिए गए। निरीक्षण में सेक्टर-62 में फोर्टिस अस्पताल के समीप सड़क के सौंदर्यीकरण के निर्देश दिए गए। वहीं सेक्टर-63 के आंतरिक मार्गों पर उपले और सूखी पेड़ों की टहनियों का कूड़ा पड़ा मिला तथा सेंट्रल वर्ज पर सूखे पत्तों का ढेर पाया गया, जिसकी सफाई कराने को कहा गया। इसी सेक्टर के नाले में अत्यधिक कचरा मिलने से नाला जाम पाया गया। इस लापरवाही पर तैनात सफाईकर्मी धर्मवीर और सुपरवाइजर आकाश की सेवा समाप्त करने, प्रबंधक को चेतावनी जारी करने तथा ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट करने के लिए नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए।

**पांच लाख रुपये की पेनल्टी लगाने के निर्देश:** ग्राम बरौला में हनुमान मूर्ति के सामने 75 मीटर चौड़े मार्ग पर मेट्रो के बीच प्राधिकरण की जमीन पर कुछ लोगों द्वारा झुग्गियां बनाकर अवैध अतिक्रमण किया गया पाया गया। अधिकारियों ने इसे हटाने के लिए नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके अलावा सेक्टर-107 के समानांतर 75 मीटर चौड़ी सड़क के पास नाले की दीवार टूटी मिली और सोसायटी के प्रवेश द्वार पर सरिया निकली हुई पाई गई, जिसे सुरक्षा की दृष्टि से तुरंत ठीक कराने को कहा गया। नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर एक निजी स्कूल की ओर से प्रवेश के दौरान सर्विस रोड की सतह क्षतिग्रस्त पाई गई, जिस पर तत्काल पैच रिपेयर कराने के निर्देश दिए गए।

## 1445 छात्रों ने छोडी यूपी बोर्ड की परीक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जनपद में 60 केंद्रों पर यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा मंगलवार को हुई। परीक्षा दो पालियों में आयोजित की गई। पहली पाली में हाईस्कूल की चित्रकला विषय की परीक्षा हुई और इंटरमीडिएट की कृषि गणित, कृषि रसायन विज्ञान विषय की परीक्षा हुई। दूसरी पाली में इंटरमीडिएट की गृह विज्ञान और व्यवसायिक अध्ययन विषय की परीक्षा हूई। पहली पाली में हाईस्कूल की चित्रकला विषय की परीक्षा में 20963 में से 19706 छात्र मौजूद रहे। 1257 छात्रों ने परीक्षा छोड़ दी। इंटरमीडिएट की कृषि गणित और रसायन विज्ञान विषय की परीक्षा में 246 में से 237 छात्रों ने परीक्षा दी, 9 छात्रों ने परीक्षा नहीं दी।

दूसरी पाली में इंटरमीडिएट की गृह विज्ञान और व्यवसायिक अध्ययन विषय की परीक्षा में 3625 में से 3446 छात्रों ने परीक्षा दी, 179 छात्रों ने परीक्षा छोड़ी। केंद्र से परीक्षा देकर निकल रहे छात्रों ने प्रश्नपत्र को आसान बताया। छात्रों ने बताया कि बहुविक्लपीय प्रश्नों में बेहद आसान थे, लेकिन सेक्शन सी के बड़े प्रश्नों के उत्तर लिखने में समय लगा, हालांकि छात्रों का कहना था कि अधिकांश प्रश्न पाठ्यक्रम के अनुसार आने से आसानी हुई।केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की कक्षा 10वीं और कक्षा 12वीं की कई विषयों की परीक्षा मंगलवार को आयोजित हुई। सीबीएससी में कक्षा 10वीं की फ्रेंच विषय की परीक्षा हुई, जबकि कक्षा 12वीं में कई विषयों की परीक्षा हुई, जिसमें खाद उत्पाद, पुस्तकालय - सूचना विज्ञान, कार्यालय निर्माता - अभ्यास, प्रारंभिक बाल्यावस्था - शिक्षा जैसे विषय शामिल रहें। केंद्र से परीक्षा देकर निकल रहे छात्रों के चहरे पर मुस्कान दिखाई दी। छात्रों ने परीक्षा को आसान बताया।

## युवती से छेड़छाड़ का विरोध किया तो दो दोस्तों को पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर बीटा-1 में चार युवकों ने महिला मित्र पर अश्लील टिप्पणी और छेड़छाड़ का विरोध करने पर छात्र और उसके दोस्त से मारपीट की। आरो. पियों ने छात्र पर धारदार हथियार से हमला भी किया। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुता. बिक बुलंदशहर का रहने वाला अभिषेक नॉलेज पार्क के एक कॉलेज से बीफार्मा की पढ़ाई कर रहा है। अभिषेक और उसका दोस्त गगन सेक्टर बीटा-1 में किराये के मकान में रहते हैं। दोनों दोस्त रविवार की रात करीब 11:00 बजे चाय पीने के लिए जा रहे थे। इसी बीच अभिषेक का एक साथी अपनी महिला मित्र के साथ आ रहा था।

आरोप है कि रास्ते से गुजर रहे चार युवकों ने अभिषेक के दोस्त की महिला मित्र पर अश्लील टिप्पणी और छेड़खानी की।अभिषेक और गगन ने आरो. पियों की हरकत का विरोध किया तो चारों ने मिलकर अभिषेक और गगन को पीटा। अभिषेक पर धारदार हथियार से हमला किया।

## भूखंड दिलाने के नाम पर पांच लाख रुपये हड़पने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** गढ़ी चौखंडी गांव में भूखंड दिलाने के नाम पर पांच लाख रुपये हड़पने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने कोर्ट के आदेश पर दंपति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। गाजियाबाद की खोड़ा कॉलोनी निवासी आबिद ने न्यायालय में दिए प्रार्थनापत्र में बताया कि वह मूलरूप से जिला मेरठ के कस्बा फलावदा निवासी हैं। उन्होंने 30 मार्च 2012 को गढ़ी चौखंडी गांव में 41.08 वर्ग मीटर के भूखंड का बैनामा कराया था। यह भूखंड चौड़ा सादातपुर गांव निवासी सुमन शर्मा से खरीदा था। सुमन शर्मा के खाते में दो लाख 10 हजार रुपये ट्रांसफर किए थे।

इसके अलावा सुमन और उनके पति श्रीनिवास शर्मा को दो लाख 90 हजार रुपये नगद दिए थे। भूखंड खरीदते समय सुमन शर्मा ने बताया था कि इस भूखंड पर कोई सरकारी ऋण नहीं है। दावा किया था कि भूखंड प्राधिकरण के क्षेत्राधिकार में नहीं है, इसलिए इस पर निर्माण कराने के लिए कोई नक्शा पास कराने की जरूरत नहीं है। बैनामा कराने के बाद में जानकारी हुई कि नोएडा प्राधिकरण द्वारा इस जमीन को वर्ष 2007 में ही अधिग्रहण कर लिया गया था। इसके बावजूद आरोपियों ने धोखाधड़ी करके भूखंड बेच दिया। यह बात जब आरोपी दंपति को बताई तो उन्होंने किसी और स्थान पर भूखंड दिलाने का आश्वासन दिया। कई वर्ष बीतने के बाद भी भूखंड नहीं मिला। आरोपियों ने पांच लाख रुपये हड़प लिए। रुपये मांगने पर जान से मारने की धमकी दी। थाना स्तर से सुनवाई न होने पर पीड़ित ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया।

# यमुना प्राधिकरण में किसानों की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**यमुना सिटी।** ग्रेटर नोएडा में मंगलवार को यमुना प्राधिकरण कार्यालय में भारतीय किसान यूनियन (अराजनीतिक मंच) की बैठक हुई। जिलाध्यक्ष पंकज शर्मा हतेवा के नेतृत्व में हुई इस बैठक में जगनपुर-दनकौर इंटरचेंज परियोजना से प्रभावित सैकड़ों किसान शामिल हुए। किसानों ने अधिकारियों के सामने प्लॉट आवंटन, मुआवजा और अन्य लंबित समस्याओं को रखा।

बैठक में यमुना प्राधिकरण के ओएसडी शैलेंद्र कुमार सिंह, सीनियर मैनेजर राजेंद्र भाटी, तहसीलदार सदर अजय सिंह, वीपी सिंह और बिजली विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। ओएसडी शैलेंद्र कुमार सिंह ने किसानों को बताया कि इंटरचेंज परियोजना से प्रभावित कुल 135 किसानों में से 75 को आवासीय प्लॉट आवंटित किए जा चुके हैं। उन्होंने यह भी बताया कि शेष 65 किसानों को एक सप्ताह के भीतर प्लॉट आवंटित कर दिए जाएंगे। जिन किसानों की औपचारिकताएं लंबित हैं, उन्हें संबंधित अधिकारियों द्वारा सूचित कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त, 64.7 प्रतिशत मुआवजे की शेष राशि 15 दिनों के भीतर किसानों के खातों में भेज दी जाएगी।



सीनियर मैनेजर राजेंद्र भाटी ने जानकारी दी कि प्रस्तावित आवासीय भूखंडों के विकास का कार्य मंगलवार से शुरू हो गया है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जिन गांवों में प्राधिकरण द्वारा विकास कार्य चल रहे हैं, उन्हें भी जल्द पूरा कराया जाएगा।

इस दौरान, संगठन के राष्ट्रीय प्रवक्ता दिनेश शर्मा ने अधिकारियों से किसानों की समस्याओं का समय रहते समाधान करने का आग्रह किया। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समाधान नहीं हुआ तो संगठन आंदोलन के लिए बाध्य होगा। राष्ट्रीय संगठन मंत्री बॉबी नागर ने भी कहा कि यदि एक सप्ताह में तहसील से जुड़ी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो तहसील परिसर में बड़ी पंचायत आयोजित की जाएगी। यह बैठक सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। बैठक में धीरज प्रमुख, जगत सिंह, डॉ. ओम प्रकाश, गजराज सिंह, देवेंद्र शर्मा, मोहन शर्मा, वेदपाल शर्मा, रामकुमार शर्मा, राजकुमार नागर, कपिल नागर एडवोकेट, राहुल नागर, विनोद ठाकुर, दुर्गा नागर, सतीश नागर सहित सैकड़ों किसान उपस्थित रहे।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email : parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# मानदेय व ईपीएफ भुगतान की मांग को लेकर रोजगार सेवकों का प्रदर्शन



शाह टाइम्स संवाददाता

**मीरगंज।** रोजगार सेवकों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर मंगलवार को ब्लॉक कार्यालय पर प्रदर्शन किया और खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।रोजगार सेवक महेंद्र पाल ने बताया कि रोजगार सेवकों द्वारा मनरेगा के साथ-साथ एसआईआर और क्रॉप सर्वे जैसे कार्य भी कराए गए हैं, इसके बावजूद जुलाई 2025 से अब तक उनका मानदेय नहीं दिया गया है। साथ ही उनका ईपीएफ भी लंबे समय से लंबित पड़ा हुआ है।

उन्होंने कहा कि मानदेय न मिलने के कारण रोजगार सेवकों की दीवाली और होली भी बेरंग हो गई। आरोप लगाया कि विभागीय अधिकारी कार्य के नाम पर उनका शोषण कर रहे हैं। रोजगार सेवकों ने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन खंड विकास अधिकारी को सौंपते हुए समस्त संविदा एवं आउटसोर्सिंग मनरेगा कार्मिकों के लंबित मानदेय और ईपीएफ का भुगतान प्राथमिकता के आधार पर कराने की मांग की। साथ ही मानदेय की फीडिंग पोर्टल पर प्रत्येक माह की पांच तारीख तक कराने की भी मांग उठाई। ज्ञापन देने वालों में मसूद हसन खां, मुकेश कुमार, ज्योति गंगवार और राजपाल सहित अन्य रोजगार सेवक मौजूद रहे।

# बेटी की शादी के दिन ही मां की मौत खुशियों के घर में पसरा मातम

## भात की रस्म के बाद पड़ा दिल का दौरा, बारात के बीच मचा कोहराम

- रात में फेरे, सुबह हुआ अंतिम संस्कार

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहेड़ी।** कस्बे के मोहल्ला लोधीपुर में एक शादी का घर उस समय मातम में बदल गया, जब बेटी की शादी के दिन ही उसकी मां की अचानक दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। बारात घर पहुंच चुकी थी और भात की रस्म के दौरान घर में खुशियों का माहौल था, लेकिन कुछ ही देर में यह खुशी गहरे गम में बदल गई।



सूना पड़ा शादी के लिए सजाया गया मंडप

लोधीपुर निवासी प्रवीण सक्सेना की पत्नी रजनी सक्सेना की सोमवार दोपहर अचानक तबीयत बिगड़ गई। परिवार के लोगों के मुताबिक दोपहर करीब एक बजे भात की रस्म चल रही थी, और उसी समय गोरखपुर से आई बारात घर पर मौजूद थी। सभी लोग शादी की तैयारियों और रस्मों में व्यस्त थे। इसी बीच करीब दो बजे रजनी सक्सेना को अचानक सीने में तेज दर्द हुआ, और वह बेहोश होकर गिर पड़ीं। परिजन उन्हें अस्पताल ले जाने की तैयारी करने लगे, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। डॉक्टरों ने प्राथमिक तौर पर मौत का कारण दिल का दौरा बताया है। परिजनों के अनुसार उन्हें पहले से लिवर की भी समस्या थी। मां की मौत की खबर मिलते ही घर में चीख-पुकार मच गई और खुशी का माहौल पलभर में मातम में बदल गया। रिश्तेदारों और आसपास के लोगों में भी घटना को लेकर गहरा दुख देखा गया।

परिवार के लोगों ने बताया कि परिस्थितियों को देखते हुए रात में ही बेटी के फेरे और विदाई की रस्म पूरी कराई गई, जबकि रजनी सक्सेना का अंतिम संस्कार मंगलवार सुबह किया गया। यह घटना पूरे इलाके में चर्चा का विषय बनी हुई है।

# एक नजर

## खाली जगह के विवाद में युवक से मारपीट

**चार आरोपियों पर मुकदमा दर्ज, जान से मारने की धमकी देने का आरोप**

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहेड़ी।** थाना क्षेत्र की भुड़िया कॉलोनी में खाली जगह बनाने और पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

भुड़िया कॉलोनी निवासी गनेश बारोई पुत्र दिनेश बारोई ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह रात करीब 11 बजे अपने घर के सामने बैठा हुआ था। उसी दौरान मोहल्ले के ही विपिन वाला, शिव वाला, रविन वाला पुत्रगण नरेश वाला तथा सुमित बारोई पुत्र प्रवीन बारोई वहां आ गए। आरोप है कि आते ही सभी लोग पुरानी रंजिश और खाली जगह को लेकर गाली-गलौज करने लगे। जब गनेश ने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने उसे लात-घूंसों और डंडों से मारना-पीटना शुरू कर दिया। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और बीच-बचाव कर किसी तरह उसे आरोपियों से छुड़ाया। जाते समय आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित का आरोप है कि आरोपी आए दिन गाली-गलौज और मारपीट करने पर उतारू रहते हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर चारों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति ने उसकी नाबालिग बेटी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है।

क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले व्यक्ति ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 4 मार्च को दोपहर करीब एक बजे उसकी 17 वर्षीय बेटी कपड़े खरीदने के लिए नवाबगंज गई थी, लेकिन देर शाम तक घर वापस नहीं लौटी। परिजनों ने आसपास और रिश्तेदारों के यहां काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। पीड़ित का कहना है कि अगले दिन उसके मोबाइल पर एक व्यक्ति का फोन आया, जिसने खुद को अजय का बहनोई बताया और बेटी की शादी के बारे में पूछने लगा। कुछ देर बाद फोन काट दिया गया। बाद में उसकी दूसरी बेटी ने उसी नंबर पर बात की तो सामने वाले ने अपना नाम अजय बताया। इसके बाद उसका फोन स्विच ऑफ हो गया। आरोप है कि अजय उसकी बेटी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। साथ ही वह घर से आधार कार्ड, मार्कशीट और कुछ जेवर भी ले गई है। पुलिस ने पिता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## दहेज में पांच लाख की मांग को लेकर विवाहिता को घर से निकाला

**व्हाट्सएप पर अश्लील मैसेज भेजने का आरोप**

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** दहेज में पांच लाख रुपये की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है

थाना क्योलड़िया क्षेत्र के एक गांव की पीड़िता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका विवाह 16 फरवरी 2023 को हिंदू रीति-रिवाज के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव में हुआ था, विवाह में उसके पिता ने करीब सात लाख रुपये खर्च किए थे, जिसमें दो लाख रुपये नकद, मोटरसाइकिल, अलमारी, बक्सा, टीवी, बेड, बर्तन और अन्य घरेलू सामान उपहार स्वरूप दिया गया था। आरोप है कि शादी के तीन-चार माह बाद से ही पति, सास-ससुर और ननद दहेज में पांच लाख रुपये लाकर नवाबगंज में प्लॉट खरीदने का दबाव बनाने लगे। मांग पूरी न होने पर उसके साथ गाली-गलौज और मारपीट की जाती थी और कई बार घर से निकाल दिया जाता था। पीड़िता का कहना है कि जनवरी 2026 में ससुराल पक्ष के लोगों ने फिर उसके साथ मारपीट की और पांच लाख रुपये की मांग करते हुए उसे घर से निकाल दिया। सूचना पर उसके पिता उसे लेने पहुंचे तो उनसे भी रुपये की मांग की गई। तब से पीड़िता अपने मायके में रह रही है। साथ ही आरोप है कि उसका पति उसके और उसके माता-पिता के खिलाफ सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणियां कर रहा है। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

## एडवोकेट प्रैक्टिशनर्स एसोसिएशन ने कराया रोजा इफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** एडवोकेट प्रैक्टिशनर्स एसोसिएशन की ओर से मंगलवार को सामूहिक रोजा इफ्तार कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में रोजदारों और गणमान्य लोगों ने भाग लिया।



बार हाउस कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में एसोसिएशन के अध्यक्ष शिशुपाल सिंह गंगवार, सचिव पुष्पाल सिंह और कोषाध्यक्ष वीरेंद्र पटेल मौजूद रहे। इस दौरान संगठन के संरक्षक सुधाकर लाल रस्तोगी, पूर्व सचिव जमील अहमद अंसारी, उस्मान अली, मो. ताहिर अंसारी, नवी अहमद अंसारी, हारून अहमद अंसारी, पूर्व सचिव दुष्यंत गंगवार, अमित कुमार और सईद अहमद अंसारी सहित कई लोग शामिल हुए। रोजा इफ्तार के बाद जामा मस्जिद के पेशे इमाम कारी मौलाना फरियाद हुसैन ने नमाज अदा कराई, और देश में अमन-चौन व भाईचारे के लिए दुआ की।

## बाइक सवार दंपत्ति को दूध वाहन ने मारी टक्कर, पत्नी की हुई मौत

शाह टाइम्स संवाददाता



**फतेहगंज पश्चिमी।** थाना क्षेत्र के अगरास-अभयपुर रोड पर पीछे से दौड़ रहे अनियंत्रित दूध के टैंकर की टक्कर से बाइक सवार दंपती घायल हो गये। इलाज के लिए अस्पताल ले जाने पर डॉक्टर ने पत्नी को मृत घोषित कर दिया।जबकि पति घायल है।

मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार दोपहर के बाद करीब 4 बजे थाना शाही के गांव केरा निवासी यशपाल गंगवार और उनकी पत्नी भावना गंगवार (40) गांव से करीब 3 किमी दूर कस्बा सोरहा में दवा लेने गए थे। डॉक्टर से दवा लेने के बाद बाइक पर सवार होकर जैसे ही आगे बढ़े भोजीपुरा से आ रहा अनियंत्रित दूध टैंकर ने पीछे से टक्कर मार दी।बाइक अनियंत्रित होने से पीछे बैठी भावना गंगवार रोड साइड में गिरकर टैंकर के पहिए के नीचे आ गई। पति यशपाल भी चोटिल हो गए।सूचना पर पहुंची पुलिस ने उन्हें एंबुलेंस के द्वारा खिरका सीएचसी भेज दिया। जहां डाक्टर ने भावना को मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुनकर परिजनों में कोहराम मच गया।टक्कर मारकर भाग रहा टैंकर को अगरास मोड़ पर पुलिस ने पकड़कर थाना पर खड़ा कर लिया।पुलिस ने शब को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है।भावना अपने पीछे पति यशपाल और दो बच्चे बेटी व बेटे को छोड़ गई है।

## जंगल में बाघ जैसे वन्य जीव की चर्चा

शाह टाइम्स संवाददाता

**मीरगंज।** गोरा लोकनाथपुर में रामगंगा नदी के पार स्थित जंगल में बाघ जैसे वन्य जीव के होने की चर्चा कई दिनों से चल रही है। इस बीच नदी में मछली पकड़ने गए एक युवक ने गत 6 मार्च को जंगल की ओर जाते एक वन्य जीव का वीडियो बना लिया, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो सामने आने के बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी। वन विभाग की टीम गांव पहुंची और ग्रामीणों के साथ जंगल में कॉबिंग की। रेंजर संतोष मठपाल ने बताया कि टीम गांव पहुंची थी और पूरे दिन जंगल में तलाश की गई, लेकिन बाघ के कोई पदचिह्न नहीं मिले। गांव के लेखराज कश्यप ने बताया कि उनके खेत के पास एक युवक ने चीता जैसे जानवर को देखने की बात कही थी। उन्होंने कहा कि खेतों में खड़ी फसलों के बीच किसी वन्य जीव के पदचिह्न मिलना मुश्किल होता है। उल्लेखनीय है कि गत 15 फरवरी को फतेहगंज पश्चिमी के गांव सिरसा जागीर के जंगल में भी बाघ जैसे वन्य जीव के होने की चर्चा तेज हो गई थी। एक युवक ने उस समय भी वन्य जीव का वीडियो बनाने का दावा किया था।

# चलती कार पर बदमाशों की फायरिंग से मचा हड़कंप

- कॉलेज प्रबंधक के पुत्र पर जानलेवा हमला
- शीशा तोड़ते हुए दरवाजे में धंसी गोली
- दो अज्ञात पर मुकदमा




शाह टाइम्स संवाददाता

**बहेड़ी।** क्षेत्र में सोमवार शाम उस समय सनसनी फैल गई, जब बाइक सवार दो बदमाशों ने चलती कार पर फायरिंग कर दी। गोली कार का शीशा तोड़ते हुए दरवाजे में जा धंसी। गनीमत रही कि कार में सवार युवक बाल-बाल बच गया। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल बन गया। पुलिस ने दो अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार डीएसआर कॉलेज रिछा, जहानाबाद रोड पिपरानानकार के प्रबंधक डॉ. हरीशंकर गंगवार के पुत्र शुभ गंगवार सोमवार शाम करीब 5:30 बजे अपने कॉलेज से घर तुलसीनगर के लिए निकले थे। वह अपनी कार संख्या यूपी 25 ईई 2525 से चालक प्रदीप पटेल के साथ जा रहे थे। बताया जाता है कि जैसे ही उनकी कार गांव सिंधौरा से पहले गैस गोदाम के पास पहुंची, तभी दाहिनी ओर से मोटरसाइकिल पर सवार दो अज्ञात बदमाश अचानक आए और जान से मारने की नीयत से कार पर फायर झोंक दिया। गोली कार के दाहिने शीशे को चकनाचूर करते हुए बाईं ओर के दरवाजे में जा धंसी। अचानक हुई फायरिंग से आसपास के क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। वारदात को अंजाम देने के बाद बाइक सवार बदमाश मौके से फरार हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच-पड़ताल शुरू की। पीड़ित शुभ गंगवार की तहरीर के आधार पर देवरनियां पुलिस ने बाइक सवार दो अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

> तहरीर के आधार पर अज्ञात बाइक सवारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस टीमों को आरोपियों की तलाश में लगाया गया है। जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।
>
> **अरूण कुमार**
> **सीओ बहेड़ी**

# घर में घुसकर सौतेले भाई ने बेल्ट और धारदार हथियार से पीटा

- बीच-बचाव करने पहुंचे ग्रामीण को देखकर आरोपी ने दी जान से मारने की धमकी, मुकदमा दर्ज



शाह टाइम्स संवाददाता

**बहेड़ी।** थाना क्षेत्र के ग्राम पचपेड़ा में खेत की मेढ़ को लेकर हुए विवाद में एक युवक के साथ उसके ही सौतेले भाई ने मारपीट कर दी। आरोप है कि आरोपी ने घर में घुसकर बेल्ट और धारदार हथियार से हमला कर दिया, जिससे युवक घायल हो गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

ग्राम पचपेड़ा निवासी जुगेन्द्र पुत्र राजाराम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह अपने घर पर था। इसी दौरान उसका सौतेला भाई प्रेमपाल पुत्र वीरेंद्र उसके घर में घुस आया और खेत की मेढ़ ठीक करने को लेकर कहने लगा। इस पर जुगेन्द्र ने कहा कि वह मेढ़ ठीक कर देगा, लेकिन इसी बात पर प्रेमपाल आग-बबूला हो गया और गाली-गलौज करने लगा। आरोप है कि गाली देने से मना करने पर प्रेमपाल ने बेल्ट से उसकी पिटाई कर दी, और किसी धारदार हथियार से उसके चेहरे पर वार कर दिया, जिससे उसके होंठ के नीचे खुली चोट आ गई। शोर सुनकर कैलाश पुत्र राजाराम मौके पर पहुंच गए। उन्हें आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया।

पीड़ित ने बताया कि जब वह घर से बहेड़ी की ओर आ रहा था, तभी रास्ते में वीरेंद्र पुत्र होरीलाल ने भी लाठी से मारपीट कर दी, जिससे उसके सीने और पीठ में दर्द है तथा शरीर पर कई जगह चोटें आई हैं। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर आरोपी प्रेमपाल पुत्र वीरेंद्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

# आईजीआरएस जनसुनवाई में बरेली परिक्षेत्र ने प्रदेश में पाया पहला स्थान

**डीआईजी अजय कुमार साहनी के नेतृत्व में चार जिलों के 85 थानों का उत्कृष्ट प्रदर्शन**

## चार जिलों के 85 थानों ने दिलाई प्रदेश में पहली रैंक

आईजीआरएस की फरवरी 2026 की रैंकिंग में बरेली परिक्षेत्र के कुल 85 थानों ने शानदार प्रदर्शन किया। इसमें जनपद बरेली के 28, बदायूं के 19, पीलीभीत के 17 और शाहजहांपुर के 21 थाने शामिल हैं। इन सभी थानों ने जन शिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करते हुए संयुक्त रूप से प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** शासन द्वारा संचालित जनसुनवाई समाधान प्रणाली (आईजीआरएस) के माध्यम से प्राप्त जन शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण में बरेली परिक्षेत्र ने प्रदेश भर में प्रथम स्थान प्राप्त कर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। माह फरवरी 2026 की जारी रैंकिंग में बरेली परिक्षेत्र ने पूरे उत्तर प्रदेश में शीर्ष स्थान हासिल किया है। इस उपलब्धि को पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) अजय कुमार साहनी के प्रभावी नेतृत्व, सख्त मॉनिटरिंग और समयबद्ध समीक्षा का परिणाम माना जा रहा है।

डीआईजी अजय कुमार साहनी लगातार आईजीआरएस के माध्यम से प्राप्त जन शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा करते रहे हैं। उनके निर्देशन में परिक्षेत्र के सभी जनपदों को शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण और तय समय सीमा के भीतर निस्तारण करने के निर्देश दिए गए थे। इसी का परिणाम है कि फरवरी माह की रैंकिंग में बरेली परिक्षेत्र ने पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया। रैंकिंग के अनुसार बरेली परिक्षेत्र के चारों जनपद-बरेली, बदायूं, शाहजहांपुर और



पीलीभीत ने संयुक्त रूप से प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है। इन चारों जिलों के कुल 85 थानों ने भी आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों का बेहतर और समयबद्ध निस्तारण करते हुए संयुक्त रूप से प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जनपद बरेली के 28 थानों ने इस उपलब्धि में अहम भूमिका निभाई है। इनमें अलीगंज, महिला थाना, सुभाषनगर, फतेहगंज पश्चिमी, किला, शेरगढ़, सीबीगंज, विशारतगंज, शाही, बारादरी, इज्जतनगर, देवरनियां, क्योलड़िया, भुता, हाफिजगंज, भोजीपुरा, बहेड़ी, मीरगंज, नवाबगंज, आंवला, भमोरा, शीशगढ़, प्रेमनगर, कोतवाली, सिरौली, फरीदपुर, कैंट और फतेहगंज पूर्वी सहित अन्य थाने शामिल हैं। इसी तरह जनपद बदायूं के 19 थाने, पीलीभीत के सभी 17 थाने तथा शाहजहांपुर के 21 थानों ने भी उत्कृष्ट कार्य करते हुए इस उपलब्धि में योगदान दिया है। अधिकारियों का कहना है कि आईजीआरएस के माध्यम से आने वाली शिकायतों के त्वरित और पारदर्शी निस्तारण से आम जनता का पुलिस पर विश्वास और मजबूत होता है।

डीआईजी अजय कुमार साहनी ने इस उपलब्धि पर परिक्षेत्र के सभी पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों की सराहना करते हुए कहा कि जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि आगे भी इसी तरह गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाएगा, ताकि लोगों को न्याय मिलने में किसी प्रकार की देरी न हो। इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में परिक्षेत्र कार्यालय में कार्यरत आईजीआरएस कर्मियों को भी सम्मानित किया जाएगा। उपनिरीक्षक शालू, कम्प्यूटर ऑपरेटर अमरेन्द्र कुमार और आरक्षी सलिल सक्सेना को उत्कृष्ट कार्य के लिए नगद पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। साथ ही जिन जनपदों या थानों का आईजीआरएस पर शिकायतों के निस्तारण में प्रदर्शन संतोषजनक नहीं रहा है, उनके कार्यों की समीक्षा कर सुधार के निर्देश दिए जाएंगे।

### उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मियों को मिलेगा सम्मान

आईजीआरएस जन शिकायतों के निस्तारण में उत्कृष्ट कार्य करने पर परिक्षेत्र कार्यालय में तैनात उपनिरीक्षक शालू, कम्प्यूटर ऑपरेटर अमरेन्द्र कुमार और आरक्षी सलिल सक्सेना को डीआईजी अजय कुमार साहनी द्वारा नगद पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। अधिकारियों का कहना है कि इस प्रकार के सम्मान से कर्मचारियों का मनोबल बढ़ता है और बेहतर कार्य करने की प्रेरणा मिलती है।

# एक नजर

## सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

**चांदपुर।** आज सुबह चांदपुर के बाईपास रोड पर तहसील एवं देवी मंदिर के बीच बाइक एवं किसी बड़े वाहन के बीच जबरदस्त टक्कर हुई। हादसे में बाइक सवार एक व्यक्ति की मौके पर मौत हो गई तथा दूसरा व्यक्ति घायल है। अज्ञात वाहन चालक अपने वाहन को लेकर फरार हो गया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल पहुंचाया तथा मृतक को पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेज दिया। पुलिस जांच मे मृतक की पहचान सनी कुमार (22 वर्ष) पुत्र राधे निवासी मौहल्ला जाटान बिजनौर जबकि उसकी बाईक पर पीछे बैठा उसका साथी आशु (21 वर्ष) पुत्र मनीराम सिंह के रूप में हुई। दोनों अपनी बाइक पर मंडी धनोरा में एक शादी समारोह से वापस बिजनौर घर लौट रहे थे।

## ग्रामीण की हार्ट अटैक से मौत

**चांदपुर।** गत रात्रि में पुलिस को सूचना मिली कि एक व्यक्ति ग्राम बाबरपुर थाना चांदपुर बिजनौर से ग्राम मसीत की तरफ जाने वाले रोड के किनारे एक व्यक्ति व इसकी मोटर साइकिल पड़ी हुई है। सूचना मिलने पर पुलिस तत्परता दिखाते हुए पहुंची तो पाया कि एक व्यक्ति जिसका नाम राकेश त्यागी पुत्र बालेश त्यागी निवासी ग्राम पैजानिया थाना हल्दौर तस्दीक हुआ है। जमीन पर पड़ा हुआ था व उसकी बाइक भी बगल में पड़ी हुई मिली। पुलिस के अनुसार उक्त ग्रामीण की मौत प्रथम दृष्ठया एक घंटा हार्ट अटेक आने से हुई है। चांदपुर थाना पुलिस द्वारा शव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्याऊ थाना चांदपुर भेजा गया और मृतक के परिजनों को सूचना दी गई। मौके पर परिजन पहुंचे और जानकारी ली। पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## पत्रकार विशाल ने उठाया मुद्दा

**मंडावर।** कस्बे के युवा पत्रकार विशाल कुमार ने मौहल्ला मंगल बाजार में मुख्य मार्ग पर पिछले बीस दिनों से टूटी हुई पुलिया के संबंध में नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी को पत्र देकर इसके निर्माण की मांग की। पुलिया टूटी होने की वजह से यहां से गुजरने वालों को काफी परेशानी हो रही है। दिन में जाम लग जाता है और रात को इसमें गिर कर नागरिक घायल हो रहे हैं। अधिशासी अधिकारी ने इस पर संज्ञान लेते हुए अवर अभियंता को एक सप्ताह में समस्या का निस्तारण करते हुए रिपोर्ट देने के निर्देश दिए है।

## वकीलों के चैंबरों से पंखें चोरी

**नजीबाबाद।** तहसील परिसर में वकीलों के चैंबरों से चोरों द्वारा बिजली के पंखें चुरा लिए गए। नौ व दस मार्च की रात्रि चोरों के द्वारा वारदात को अंजाम दिया गया। चोरों के द्वारा एक पंखा उतार तो लिया गया, लेकिन वह पंखा उतारने के बाद चोर वहीं छोड़कर चले गए। इस संबंध में वकीलों का एक प्रतिनिधिमंडल पुलिस क्षेत्राधिकारी नितेश प्रताप सिंह से उनके कार्यालय में मिला और घटना के संबंध में अवगत कराया। पुलिस क्षेत्राधिकारी द्वारा प्रभारी निरीक्षक को जानकारी दी गई । थाना प्रभारी राहुल सिंह के द्वारा बताया गया कि घटना के संबंध में जानकारी मिली है। सीसीटीवी कैमरों की मदद से चोरों की पहचान की जाएगी।

## सत्रह को रोजगार मेला

**बिजनौर।** राजकीय आईटीआई में 17 मार्च को वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। प्रात: दस बजे से जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में जिला सेवायोजन कार्यालय बिजनौर, राजकीय आईटीआई बिजनौर एवं कौशल विकास मिशन के संयुक्त तत्वावधान में वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। जिसमें 50 से अधिक कंपनियां प्रतिभाग कर युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराएंगी।

## यात्री की ट्रेन से गिरकर मौत

**नगीना।** धामपुर की तरफ के रेलवे ट्रैक पर सुबह सवेरे एक यात्री ट्रेन से गिरकर मौत हो गई। बताया जाता है कि यह घटना ग्राम पुरैनी के निकट खंभा नंबर 1464 के 13 - 15 के बीच हुई। आज तड़के लगभग चार बजे चंडीगढ़ एक्सप्रेस से एक व्यक्ति के गिरने की सूचना पर थाना नगीना की मंझेड़ा चौकी पर तैनात सिविल पुलिस मौके पर पहुंची। घायल को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। मृतक की पहचान बहराइच जिले ग्राम कसेहरी बुजुर्ग के रहने वाले 35 वर्षीय रक्षा राम पुत्र वाले प्रसाद के रूप में हुई है।

# अवैध गैस सिलेंडर कारोबार का खुलासा

- पूर्ति निरीक्षक ने 15 सिलेंडर किए बरामद



शाह टाइम्स संवाददाता

**मीरगंज।** क्षेत्र में घरेलू गैस सिलेंडरों के अवैध कारोबार का मामला सामने आया है। पूर्ति निरीक्षक रवि कुमार सक्सेना की तहरीर पर मीरगंज कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पूर्ति निरीक्षक रवि कुमार सक्सेना ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 9 मार्च को दोपहर करीब 2:30 बजे मुखबिर से उपजिलाधिकारी मीरगंज को सूचना मिली कि ग्राम पंचायत नौसना में नाजिर पुत्र जहीर अहमद घरेलू गैस सिलेंडरों का अवैध कारोबार कर रहा है। सूचना के आधार पर उपजिलाधिकारी के निर्देश पर आपूर्ति लिपिक आयुष शर्मा और थाना मीरगंज के एसआई राजवीर के साथ टीम ने करीब 3:15 बजे मौके पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान नाजिर की दुकान से एचपी कंपनी के कुल 15 गैस सिलेंडर बरामद किए गए, जिनमें 14 भरे हुए और एक खाली था। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह ये सिलेंडर मीरगंज गैस एजेंसी की गाड़ी से लेकर उनका कारोबार करता है, लेकिन कागजात मांगने पर वह कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। जांच में भरे हुए सिलेंडरों का वजन 14.2 किलोग्राम पाया गया। बरामद सिलेंडरों को जय माता दी गैस एजेंसी मीरगंज के सुपुर्द कर दिया गया है। आरोपी नाजिर पुत्र जहीर अहमद निवासी ग्राम पंचायत नौसना के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने के लिए जिलाधिकारी बरेली से अनुमति भी प्राप्त कर ली गई है। मीरगंज कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक संजय तोमर ने बताया कि आरोपी के खिलाफ सुसंगत धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी गई है।

# पूर्व मंत्री ठाकुर यशपाल का निधन

**नूरपुर।** जिला पंचायत सदस्य आयुष चौहान के पिता व पूर्व मंत्री ठाकुर यशपाल सिंह (80 वर्ष) का निधन हो गया। ठाकुर यशपाल सिंह का लखनऊ के मेदांता अस्पताल में ईलाज चल रहा था। उनके निधन की खबर क्षेत्र में जंगल में आग की तरह फैल गई। वह बसपा सरकार में मंत्री थे। वह मिलनसार नेता थे। उनकी गिनती जनपद के कद्दावर नेताओं में होती थी। वह गन्ना समिति के चेयरमैन भी रहे चुके थे। उनकी अंतिम यात्रा में भाजपा विधायक अशोक कुमार राणा, सपा विधायक स्वामी ओमवेश, पूर्व मंत्री अशोक कटारिया, वरिष्ठ सपा नेता दीपक सैनी, पूर्व जिला अध्यक्ष सतपाल सिंह, आदि शामिल रहे।

## एक नजर

### शीतला माता मंदिर पर लगा बसोड़े का मेला

**बिजनौर।** जाटान रोड स्थित मां चामुण्डा धाम से आगे शीतला माता के मंदिर पर आज बसोड़े का मेला आयोजित किया गया। मेले में आई महिला श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर अपने परिवार की सुख शांति की कामना की तथा प्रसाद चढ़ाया। इस अवसर पर लगी दुकानों पर महिलाओं व बच्चों की काफी भीड़ रही। बच्चों ने जहां खेल-खिलौनों की दुकानों पर जमकर खरीदारी की, वहीं महिलाओं व युवतियों ने चाट-पकौड़ी तथा अन्य खाद्य पदार्थों की दुकानों पर पहुंचकर चाट पकौड़ी तथा मिठाइयों का खूब स्वाद लिया। मेले में सुबह से ही महिलाओं की भीड़ उमड़नी शुरू हो गई थी। मेले में महिलाओं की अपेक्षा पुरुष बहुत कम दिखाई दिये।

### विजयी विद्यार्थी सम्मानित

**नजीबाबाद।** पीस मॉडल स्कूल साहनपुर में वार्षिक खूलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ स्कूल प्रबंधक एस. अकरम खान एड. ने गुब्बारे उड़ाकर किया। खेल प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल में गोविंद सिंह कुशवाहा, निशु पाल, नजर परवरीन रहे। 100 मीटर दौड़ में बालक मौहम्मद अफसान प्रथम, मौहम्मद आयान द्वितीय, मौहम्मद जावेद तृतीय स्थान पर रहे। बालिकाएं मेंढ़क दौड़ में इसरा परवीन प्रथम, स्थान हमारा द्वितीय, नमीरा तृतीय रही। मेंढक दौड़ में बालक हम्माद प्रथम, आरव कुमार द्वितीय, रियान तृतीय रहे। विजय छात्र-छात्राओं को स्कूल प्रबंधक एम. अकरम खान एड. ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

### सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली निकाली

**नजीबाबाद।** नगर के रमा जैन कन्या महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर का तृतीय दिवस सड़क सुरक्षा जागरूक अभियान के अन्तर्गत आयोजित किया गया। शिविर में उपस्थित डॉ. सविता वर्मा व डॉ. भावना अरोड़ा ने छात्राओं को यातायात के नियमों का पालन करने के लाभ बताते हुए कहा कि सड़क पर बढ़ती दुर्घटनाओं के पीछे नियमों की अनदेखी व ओवरस्पीड बहुत बड़ा कारण है। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पूनम अग्रवाल के दिशा निर्देशन में स्वयं सेविकाओं द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली निकाली गई।

### महिला दिवस पर कार्यक्रम

**नजीबाबाद।** नगर के साहू छजमल दास राम रक्षपाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज मजीदगंज में महिला दिवस कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता व मुख्य अतिथि के रूप में आचार्य हर प्रसाद शर्मा रहे। उन्होंने राष्ट्र समाज के लिए महिलाओं के योगदान को बताया व रानी लक्ष्मीबाई, दुर्गावती, सावित्रीबाई फुले, अहिल्याबाई होलकर का उदाहरण देते हुए समाज में उनके योगदान को सराहा।

### सुमैया तहरीम को सम्मानित किया

**नजीबाबाद।** नगर कांग्रेस कमेटी की ओर से वरिष्ठ कांग्रेस नेता मरहूम शहजाद साजिद हुसैन की बेटी सुमैया तहरीम के शिक्षा के क्षेत्र में आला मुकाम हासिल कर नगर व जिले का नाम रोशन करने पर नगर अध्यक्ष रईस कुरैशी ने सुमैया तहरीम को मुबारकबाद देते हुए प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। रईस कुरैशी ने कहा कि कांग्रेस नेता नावेद फरीदी व पूर्व सभासद मौहम्मद सालिम की भतीजी सुमैया तहरीम ने महत्वपूर्ण शैक्षणिक उपलब्धि हासिल की है। उनका शोध प्रस्ताव राष्ट्रीय स्तर पर स्पार्क 4.0 कार्यक्रम के अंतर्गत चयनित हुआ है। नगर उपाध्यक्ष अमजद सिद्दीकी व महासचिव नदीम फारूकी ने भी सुमैया के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी।

### दुआ फाउंडेशन ने इफ्तार कराया

**नजीबाबाद।** दुआ फाउंडेशन के बैनर तले सोमवार की शाम नगर के पालोमल कॉलोनी स्थित हाजी शमीम कुरैशी के आवास पर हुए इफ्तार कार्यक्रम का आयोजन कर हिंदू-मुस्लिम एकता का पैगाम दिया गया। इफ्तार में जनप्रतिनिधि, अधिवक्ताओं, पत्रकारों, व्यापारियों के साथ विभिन्न समुदायों के गणमान्य लोगों की विशेष उपस्थिति रही। सभी ने एक साथ रोजा इफ्तार कर देश में अमन-चैन, खुशहाली व तरक्की की दुआ मांगी।

### शतरंज चैंपियनशिप के लिए ट्रायल 12 को

**बिजनौर।** डिस्ट्रिक्ट चेस एसोसिएशन के तत्वावधान में यूपी स्टेट चेस चैंपियनशिप 2026-27 के लिए जिला स्तरीय चयन ट्रायल प्रतियोगिता का आयोजन 12 मार्च को इंदिरा बाल भवन स्थित बिजनौर चेस क्लब में किया जाएगा। प्रतियोगिता में अंडर-7, अंडर-9, अंडर-11, अंडर-13, अंडर-15, अंडर-17, अंडर-19 तथा ओपन वर्ग के बालक और बालिका खिलाड़ी भाग ले सकेंगे। जिला चेस एसोसिएशन के सचिव दुष्यंत कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को आगामी यूपी राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा। प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक खिलाड़ी पंजीकरण या अधिक जानकारी के लिए अनुज चौधरी (मो.नं. 7607303017) से संपर्क कर सकते हैं।

### धूमधाम से मनाया स्थापना दिवस



**बिजनौर।** कुँवर सत्यवीरा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट, कैम्पस स्थित 'रेडियो संदेश 89.6' का स्थापना दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. वरिष्ठ पत्रकार सूर्यमणि रघुवंशी, विशिष्ट अतिथि रेडियो सन्देश सचिव श्रीमति स्वाति वीरा एवं डॉ. (प्रो.) अमित कुमार बंसल, डॉ. एमएस कोरव, कैप्टन विशन लाल, एड प्रशांत गोयल, आकाश अग्रवाल आदि ने संयुक्त रूप से माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया। इस अवसर पर रेडियो का पिछले तीन साल का सफर रेडियो टीम सदस्य मनोज यादव ने विस्तृत रूप से प्रस्तुत किया और साथ ही साथ टैलेंट शो 2.0 के विजेता और उपविजेता को 3100 और 2100 का नगद इनाम अतिथियों द्वारा प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। तदुपरान्त टेलेंट शो 2.0 के प्रतिभागियों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुतियों की गई, जिसमें आनंद मण्डल, लिपिका, अनम पपरवीन, जीनत धारणा राजपूत, मनदीप कुमार, बाबा हीरा सिंह एवं अनेक कवियों संजीव एकल, डा. अशोक शर्मा, केके रंजन, डॉ. अतीक दानिश, आकाश अग्रवाल आदि ने अपनी कविताओं / साहित्यिक रचनाओं द्वारा सभी का मंत्रमुग्ध किया।

### युवती के फोटो वायरल करने की धमकी

**हल्दौर।** थाना क्षेत्र के गांव निवासी एक युवती ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी पहचान हीमपुर दीपा क्षेत्र के गांव निवासी से एक युवक से करीब डेढ़ वर्ष पहले हुई थी। दोनों के बीच बातचीत होने लगी थी, लेकिन बाद में युवती के परिवार वालों ने उसका रिश्ता कहीं और तय कर दिया। आरोप है कि युवती के मना करने के बावजूद युवक ने उसके मोबाइल पर बार-बार कॉल करना शुरू कर दिया। युवती का कहना है कि आरोपी उसके मोबाइल नंबरों पर लगातार फोन कर परेशान कर रहा है और उसकी फोटो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दे रहा है। साथ ही युवती और उसके परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी जा रही है। पीड़िता की शिकायत पर हल्दौर थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# देर से पहुंचे छात्र को परीक्षा देने से रोका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** सीबीएसई की 12वीं बोर्ड परीक्षा के दौरान धामपुर के एक परीक्षा केंद्र पर छात्र को देरी से पहुंचने के कारण परीक्षा देने से रोक दिए जाने का मामला सामने आया है। घटना के बाद छात्र और उसके परिजनों में चिंता और नाराजगी का माहौल है, क्योंकि उन्हें डर है कि इस कारण छात्र का एक साल खराब हो सकता है।

जानकारी के अनुसार धामपुर के खारी कुआं निवासी पंकज विश्नोई का पुत्र नमन पुष्प निकेतन सीनियर सेकेंडरी स्कूल, शुगर मिल परिसर स्थित परीक्षा केंद्र पर गणित की परीक्षा देने के लिए पहुंचा था। परि. जनों के मुताबिक छात्र सुबह समय से घर से निकला था, लेकिन रास्ते में कुछ देर हो जाने के कारण वह परीक्षा केंद्र पर करीब 15 मिनट देरी से पहुंच पाया।

बताया गया कि छात्र ने केंद्र पर पहुंचकर परीक्षा में शामिल होने के लिए काफी प्रयास किया और स्कूल स्टाफ से प्रवेश देने की गुहार भी

#### परिजनों में चिंता व नाराजगी का माहौल

लगाई, लेकिन बोर्ड के नियमों का हवाला देते हुए उसे परीक्षा कक्ष में प्रवेश नहीं दिया गया। इसके चलते छात्र को परीक्षा दिए बिना ही वापस लौटना पड़ा। छात्र के परिजनों का कहना है कि बच्चे ने कई महीनों से इस परीक्षा की तैयारी की थी और सिर्फ कुछ मिनट की देरी के कारण उसे परीक्षा से वंचित कर दिया गया। उनका कहना है कि इस मामले में मानवीय दृष्टिकोण अपनाया जाना चाहिए था। परिजनों ने बताया कि वे इस संबंध में बोर्ड अधिकारियों से शिकायत कर उचित कार्रवाई की मांग करेंगे।

वहीं परीक्षा केंद्र प्रशासन का कहना है कि सीबीएसई के स्पष्ट दिशा-निर्देश हैं कि निर्धारित समय के बाद किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा कक्ष में प्रवेश नहीं दिया जा सकता। इसी नियम के तहत छात्र को परीक्षा देने से रोका गया।

# नरावली नहर पुल से व्यक्ति ने लगाई छलांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** थाना क्षेत्र के ग्राम नरावली स्थित पोषक नहर पुल से बीती शाम एक 55 वर्षीय व्यक्ति के नहर में कूदने का मामला सामने आया है। सूचना मिलते ही पुलिस और रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंच गई और व्यक्ति की तलाश शुरू कर दी गई।

थाना प्रभारी निरीक्षक संजय सिंह ने बताया कि बीती शाम करीब पौने छह बजे डायल-112 के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि एक अज्ञात व्यक्ति ग्राम नरावली स्थित पोषक नहर पुल से नहर में कूद गया है। सूचना मिलते ही पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने पुलिस को बताया कि उक्त व्यक्ति ग्राम बुढनपुर की ओर से साइकिल पर नहर पटरी के रास्ते आया था। वह नरावली पुल के पास साइकिल खड़ी कर कुछ देर तक शराब पीता रहा और इसके बाद अचानक पोषक नहर में छलांग लगा दी। पुलिस को मौके से उस व्यक्ति की साइकिल और चप्पल बरामद हुई



#### रेस्क्यू टीम कर रही तलाश

हैं। रेस्क्यू टीम और स्थानीय गोताखोरों की मदद से नहर में उसकी तलाश की जा रही है। साइकिल और चप्पलों के आधार पर उसके पुत्र अभिषेक ने उसकी पहचान रामचरण सिंह पुत्र स्व. गुलाब सिंह निवासी ग्राम मीरपुर थाना स्योहारा के रूप में की है।

फिलहाल पुलिस और रेस्क्यू टीम द्वारा नहर में लगातार तलाश अभियान चलाया जा रहा है।

# किरतपुर में रोडवेज बस अड्डे को हरी झंडी

## जल्द ही जिला प्रशासन को सौंपी जाएगी भूमि चयन की रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** नगर और आसपास के क्षेत्र के लोगों के लिए एक बड़ी राहत भरी खबर सामने आई है। उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग ने वर्ष 2025 के लिए किरतपुर में एक रोडवेज बस अड्डे की स्थापना को आधिकारिक स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस फैसले के बाद से ही क्षेत्र के व्यापारियों, छात्रों और आम नागरिकों में उत्साह का माहौल है।

परियोजना को अमलीजामा पहनाने के लिए प्रशासन ने कमर कस ली है। बस अड्डे के निर्माण के लिए उपयुक्त भूमि की तलाश लगभग पूरी की जा चुकी है। विभागीय सूत्रों के अनुसार जमीन चयन की प्रक्रिया अपने अंतिम दौर में है और जैसे ही



#### क्षेत्रवासियों में हर्ष की लहर

प्रशासनिक मुहर लगेगी, निर्माण कार्य के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

प्रसिद्ध समाजसेवी एडवोकेट तलहा मकरानी और एडवोकेट हसन अली चौधरी ने इस फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि किरतपुर के लिए रोडवेज बस अड्डा एक पुरानी और बेहद जरूरी मांग थी। उन्होंने बताया कि आज जिलाधिकारी का दौरा प्रस्तावित था, लेकिन किन्हीं कारणों से वह रद्द हो गया। इसके बावजूद वे अपनी मांगों को मीडिया और डाक के माध्यम से प्रशासन तक मजबूती से पहुंचाएंगे ताकि इस प्रोजेक्ट में कोई देरी न हो।

नगरवासियों का मानना है कि बस अड्डा बनने से न केवल परिवहन व्यवस्था सुधरेगी, बल्कि यह किरतपुर के व्यापार और शिक्षा जगत के लिए भी वरदान साबित होगा। बेहतर कनेक्टिविटी से व्यापारिक गतिविधियां बढ़ेंगी और दूर-दराज के शिक्षण संस्थानों में जाने वाले छात्र-छात्राओं का सफर आसान हो जाएगा।

# आशा-आंगनबाड़ी और भोजन माताओं को राजकीय कर्मचारी का दर्जा देने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगीना लोकसभा क्षेत्र से सांसद एडवोकेट चंद्रशेखर आजाद ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर प्रदेश में कार्यरत आशा कार्यकत्रियों, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों/सहायिकाओं तथा विद्यालयों में कार्यरत भोजन माताओं को राजकीय कर्मचारी का दर्जा देने की मांग की है। सांसद ने कहा कि ये महिलाएं प्रदेश में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को जमीनी स्तर पर लागू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं, लेकिन इसके बावजूद उन्हें बेहद कम मानदेय पर कठिन परिस्थितियों में कार्य करना पड़ रहा है।

सांसद चंद्रशेखर आजाद ने अपने पत्र में लिखा कि आशा और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, पोषण, टीकाकरण जैसी योजनाओं को सफल बनाने में अहम योगदान देती हैं। इसके अलावा विद्यालयों में कार्यरत भोजन माताएं भी मध्यान्ह भोजन योजना को सुचारू रूप से संचालित करने में महत्वपूर्ण



भूमिका निभाती हैं। इसके बावजूद इन कर्मचारियों को उनके योगदान के अनुरूप सम्मान और सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं।

उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि हाल ही में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर राज्य सरकार द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के मानदेय में वृद्धि और कैशलेस इलाज जैसी सुविधाओं की घोषणा स्वागत योग्य कदम है। इससे इन महिलाओं का मनोबल बढ़ेगा, लेकिन उनकी स्थिति को देखते हुए अभी भी और ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है।

सांसद ने बताया कि उन्होंने 27 फरवरी 2025 को भी लोकसभा में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और सहायिकाओं के मानदेय में सम्मानजनक वृद्धि तथा उन्हें वेतनमान में शामिल किए जाने का मुद्दा उठाया था। साथ ही इस संबंध में सरकार का ध्यान आकर्षित करने के लिए पत्र भी लिखा था। सांसद चंद्रशेखर आजाद ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि आशा कार्यकत्रियों, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों/सहायिकाओं और भोजन माताओं को राजकीय कर्मचारी का दर्जा दिया जाए। इसके साथ ही उनके वर्तमान मानदेय को सम्मानजनक वेतनमान में परिवर्तित किया जाए तथा उन्हें सामाजिक सुरक्षा, पेंशन, स्वास्थ्य बीमा और अन्य आवश्यक सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएं। सांसद ने कहा कि प्रदेश की लाखों महिलाएं इन सेवाओं के माध्यम से समाज के लिए महत्वपूर्ण कार्य कर रही हैं, इसलिए उनके सम्मान, सुरक्षा और बेहतर भविष्य के लिए सरकार को इस विषय पर सकारात्मक और ठोस निर्णय लेना चाहिए।

## किसान सभा ने सौंपा ज्ञापन

**बिजनौर।** अखिल भारतीय किसान सभा बिजनौर द्वारा प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को दिया गया। जिसमें छह सूत्रीय मांगें शामिल हैं।

किसान सभा के जिलाध्यक्ष तुलाराम एवं जिला सचिव फरीद अहमद के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में कहा गया कि सरकार ने किसानों की आय दो गुनी करने का वादा किया था, जबकि आलू उत्पादक किसानों को लागत का आधा ही वापस हुआ है।

ऐसी स्थिति में आलू उत्पादक किसान आत्महत्या करने को मजबूर होगा। अन्य फसलों के समर्थन मूल्यों की भांति आलू को भी समर्थन मूल्य के दायरे में लाकर फसल तैयार होने पर सरकार द्वारा खरीदारी की व्यवस्था करने की मांग की गई। इसके अलावा स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट को अक्षरशः लागू करने की मांग की गई।

ज्ञापन देने वालों में अमर सिंह सैनी, करन सिंह, बदरूल हसन, महीपाल, विरेन्द्र सिंह, मलखान सिंह भी शामिल रहे।

# प्रियंका मॉडर्न स्कूल के लिए गर्व का पल

## धामपुर के चार खिलाड़ियों ने बनाई बास्केटबॉल टीम में जगह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** प्रियंका मॉडर्न स्कूल के लिए गर्व की बात है कि विद्यालय के चार छात्रों का चयन जिला स्तरीय अंडर-18 बास्केटबॉल पुरुष टीम में हुआ है।

चयन प्रक्रिया जिला बास्केटबॉल एसोसिएशन बिजनौर के तत्वावधान में नेहरू स्पोर्ट्स स्टेडियम, बिजनौर में आयोजित की गई, जिसमें जिले के विभिन्न स्कूलों के 57 खिलाड़ियों ने भाग लिया। चयन के दौरान 12 खिलाड़ियों को जिला टीम के लिए चुना गया, जिनमें प्रियंका मॉडर्न स्कूल के चार छात्र हार्दिक सिंह, हनी सिंह, देवांश सिंह और यथार्थ शामिल हैं।

चयन के बाद खिलाड़ियों के



विद्यालय पहुंचने पर स्कूल में खुशी का माहौल देखने को मिला। विद्यालय के निदेशक राणा प्रियंकर सिंह, स्कूल प्रशासिका अदिति सिंह तथा प्रधानाचार्य डी.एस. नेगी ने खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर खिलाड़ियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया गया।

प्रधानाचार्य डी.एस. नेगी ने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए पढ़ाई के साथ-साथ खेलों का भी विशेष महत्व है। वहीं स्कूल निदेशक राणा प्रियंकर सिंह ने बताया कि विद्यालय में विद्यार्थियों को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न खेल अकादमियों और प्रशिक्षित कोचों की व्यवस्था की गई है, ताकि छात्र-छात्राएं जिला, प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर तक अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें।

इस उपलब्धि में विद्यालय के बास्केटबॉल कोच विश्वजीत और खेल विभागाध्यक्ष मोहित चौहान का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य सतीश चौहान, संयोजक कौशिक, मिस्टर मोहित पॉल, स्पोर्ट्स कोच देवरा, मौ. विवेक, कमलेश चौहान, डी.पी. सिंह, कमल भट्ट, रूपराज सिंह और सतनाम सिंह सहित अन्य शिक्षकों ने भी चयनित खिलाड़ियों को बधाई दी।

## एक नजर

### बीस दिनी तरावीह मुकम्मल



**धामपुर।** रमजानुल मुबारक के मुकद्दस महीने अल्लाह के कलाम को तरावीह नमाज में सुनने और सुनाकर मुकम्मल होने का सिलसिला जारी हे। इस मौके पर शहर इमाम मुफ्ती मौहम्मद कमर कासमी ने रमजान के दूसरे अशरे मे अपने गुनाहों से तौबा करने वाला बताया। उन्होंने आखरी अशरे में मुसलमानों से एतेकाफ का एहतेमाम किये जाने की ताकीद की। नगर के मौहल्ला अफगानान स्थित जामा मस्जिद में मौलाना अहमद अब्दुल्लाह ने बीस दिनी तरावीह नमाज मे कुराने करीम को सुनाया, जिसे बीच बीच मे मुफ्ती फैजान बारी, कारी हस्सान ने संयुक्त तौर से सुनकर गलतियों को दुरुस्त कराया। शहर इमाम मुफ्ती मौहम्मद कमर कासमी ने कहा कि जिस शख्स ने रमजान के महीने तरावीह नमाज को ईमान की हालत लगातार एहतराम व एहतमाम के साथ पढ़ा। अल्लाह ताला उसकी हिफाजत करेंगे और उसके अगले और पिछले गुनाह माफ कर देंगे। जिस अल्लाह के बन्दे ने तरावीह पढ़ी और रोजे रखे वो मुबारकबादी के मुस्ताहिक हैं। उन्होंने मुसलमानों से रमजान के बाद भी रोजाना पांच वक्त की नमाज पाबन्दी के साथ अदा किये जाने की हिदायत दी। उन्होंने देश, दुनिया में अमन, शान्ति और भाईचारा कायम रखने तथा तरक्की की दुआ कराई। इस मौके पर मुफ्ती मौहम्मद कासमी, मुफ्ती मौहम्मद फैजान बारी कासमी, कारी मौहम्मद हस्सान, मौलाना अब्दुल रज्जाक, मुफ्ती फहीम, डा. कमाल अहमद, मौहम्मद शान, शहजाद रफी, डा. आरिफ सैफी, सलाउद्दीन, मौहम्मफ दानिश, मौहम्मद नाजिश, वरिष्ठ पत्रकार फैजान अंसारी, मौहम्मद जाहिद, उस्मान, मौहम्मद हम्माद, आसिफ खान, मुफ्ती नफीस कासमी, हाजी आरिफ खान, हाजी चांद, गुफरान, असलम, शबनूर शम्स, आमीर हसन आदि शामिल रहे।

### किसानों की समस्याओं पर चिंतन



**नजीबाबाद।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक संगठन की मासिक पंचायत पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में आयोजित की गई। जिसमें क्षेत्र के किसानों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं पर विस्तृत चर्चा और चिंतन किया गया। पंचायत का उद्देश्य किसानों की समस्याओं का समाधान कराना तथा भविष्य में उन्हें किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े, इस दिशा में संगठन को और मजबूत बनाना रहा। बैठक को संबोधित करते हुए ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी कुलवीर सिंह ने कहा कि किसानों से गन्ना लगभग 400 रुपए प्रति कुंतल के हिसाब से लिया जा रहा है, जबकि दूसरी ओर चीनी मिलों द्वारा किसानों को नए बीज के नाम पर प्रत्येक आंख लगभग ढाई रुपये के हिसाब से दी जा रही है, जो लगभग 1800 रुपए प्रति कुंतल तक पड़ता है। उन्होंने इसे किसानों के साथ शोषण करार देते हुए कहा कि इस व्यवस्था पर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है। चौधरी कुलबीर सिंह ने संगठन को मजबूत करने पर भी जोर देते हुए सभी कार्यकर्ताओं को संगठन के प्रति सक्रियता से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती से ही किसानों की आवाज प्रभावी ढंग से उठाई जा सकती है और उनकी समस्याओं का समाधान संभव हो सकेगा। इस अवसर पर सरदार इकबाल सिंह, चौधरी कुलबीर सिंह, भोपाल राठी, विजय सिंह, नवीन राजपूत, पुनीत चौहान, गजेंद्र सिंह, प्रशांत चौधरी, श्यामसुंदर राठी, हिमांशु चौधरी, मुनेंद्र सिंह, साबुद्दीन राइन, भूपेंद्र चौधरी, पवन कुमार, सफदर शेख, रूपेंद्र सिंह, दविंदर सिंह उपस्थित रहे।

### 'सशक्त महिलाएं, सशक्त समाज'



**बिजनौर।** कृष्णा कालेज ऑफ लॉ में आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस बड़े उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। इस वर्ष कार्यक्रम का विषय 'सशक्त महिलाएं, सशक्त समाज' रखा गया, जिसका उद्देश्य समाज में महिलाओं की भूमिका और उनके सशक्तिकरण के महत्व को उजागर करना था। कार्यक्रम के दौरान कृष्णा कालेज के संस्थापक राजीव कुमार, चेयरमैन मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, कृष्णा कॉलेज आर्फ लॉ के प्राचार्य डा. परवेज अहमद खां द्वारा किया गया। प्राचार्य परवेज अहमद खान ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज में महिलाओं का स्थान पुरुषों के समान होना चाहिए। उन्होंने महिलाओं की शिक्षा, आत्मनिर्भरता और सम्मान के महत्व पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया और महिला सशक्तिकरण से जुड़े अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम मे प्रथम स्थान बी.ए.एल.एल.बी. प्रथम वर्ष के छात्र अकबर, द्वितीय स्थान एल.एल.बी. प्रथम वर्ष कि छात्रा दामीनी व तृतीय स्थान बी.ए.एल.एल.बी. द्वितीय वर्ष की छात्रा मसीयत ज़ैदी ने प्राप्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कृष्णा कॉलेज ऑफ लॉ के विभागाध्यक्ष प्रदीप कुमार एवं प्रवक्तागण डॉ. एम.ए.खान, शिव कुमार, अभिषेक प्रताप सिंह, दीपिका सिंह, मीनू कोठारी एवं खुशबू रानी का विशेष योगदान रहा। अंत में सभी उपस्थित लोगों ने यह संकल्प लिया कि वे समाज में महिलाओं के सम्मान, समानता और अधिकारों के लिए सदैव प्रयास करते रहेंगे। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक और ज्ञानवर्धक रहा।


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
सलमान अलीमुद्दीन
युवा समाजसेवी
ग्राम मानियावाला
ब्लॉक-अफजलगढ़



मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
आकिब यूनुस एड.
युवा भाजपा नेता
बिजनौर



मुकद्दस रमजान की बधाई
मूल निवासी भीम सिंह
जिला प्रभारी पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेटिक।
विधान सभा 22 बिजनौर से संभावित प्रत्याशी।
भगवती केयर सेंटर विदुर कुटी रोड शक्ति पेट्रोल पम्प के सामने सोमिया मार्केट, बिजनौर।
Mob-9389945824, 8868001224



मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मकसूद अहमद अंसारी
(ठेकेदार)
संभावित प्रत्याशी
प्रधान पद
राजा का ताजपुर



# प्रसूता का शव सड़क पर रख स्टेट हाइवे किया जाम

## निजी अस्पताल में मौत पर परिजनों का हंगामा, अस्पताल पर लापरवाही का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। प्रसव के बाद प्रसूता की मौत से गुस्साए परिजनों ने सोमवार को स्टेट हाईवे पर शव रखकर जाम लगा दिया। परिजन निजी अस्पताल पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा कर रहे हैं। खबर लिखे जाने तक जाम लगा हुआ था और पुलिस परिजनों को समझाने का प्रयास कर रही थी।

नौगावां सादात थाना क्षेत्र के गांव मुनिमपुरा निवासी राजेंद्र ने बताया कि उनकी बहन बबीता की शादी मुंगरा निवासी पुनीत के साथ हुई थी। रविवार को प्रसव पीड़ा होने पर बबीता को नगर के कली चुंगी स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। परिजनों का आरोप है कि सोमवार को प्रसूता की हालत बिगड़ने पर अस्पताल प्रशासन ने उसे दूसरे अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। रास्ते में ही प्रसूता की मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही गुस्साए परिजन शव को स्टेट हाईवे पर रखकर बैठ गए और जाम लगा दिया। इससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। जाम की सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। थाना प्रभारी निरीक्षक अमरपाल सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए और परिजनों को समझाकर जाम खुलवाने का प्रयास कर रहे हैं। पुलिस का कहना है कि परिजनों की शिकायत के आधार पर मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



# मानदेय के भुगतान को गरजे रोजगार सेवक

## विकास भवन व कलेक्ट्रेट में दिया धरना, जमकर की नारेबाजी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। मानदेय व ईपीएफ का भुगतान न होने से खफा रोजगार सेवकों ने बाजुओं पर काली पट्टी बांधकर विरोध जताया।।विकास भवन में धरने के दौरान जमकर नारेबाजी की ,साथ ही चेतावनी दी यदि उनकी समस्याओं का जल्द समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन किया जाएगा।

मंगलवार को उत्तर प्रदेश ग्राम रोजगार सेवक संघ ने विकास भवन में धरना दिया।मानदेय व ईपीएफ का भुगतान न होने से खफा संघ के पदाधिकारियों ने बाजुओं पर काली पट्टी बांधकर जमकर नारेबाजी की,साथ ही बकाया भुगतान जल्द ना होने पर आंदोलन की चेतावनी दी। धरने को संबोधित करते जिलाध्यक्ष कुबेर सिंह ने कहा ग्राम रोजगार सेवक मनरेगा योजना की रीढ़ है,इसके बावजूद भी 8 महीनों से उनका मानदेय लंबित है। जिला महामंत्री मनोज चौधरी ने कहा कई ग्राम पंचायतों में रोजगार सेवकों का आवंटन ना होने के कारण जॉबकार्ड, मास्टररोल, कार्य पंजिका, तथा भुगतान विवरण जैसे अभिलेखों का रखरखाव नहीं हो पा रहा है। कोषाध्यक्ष मुमताज अली ने कहा लंबे समय से मानदेय ना मिलने के कारण रोजगार सेवकों की आर्थिक स्थिति खराब हो चुकी है। प्रदेश उपाध्यक्ष ने कहा रोजगार सेवकों की समस्याओं का यदि जल्द समाधान नहीं किया गया तो रणनीति बनाकर लखनऊ में आंदोलन किया जाएगा। धरना देने वाले मे।पंकज चौधरी, इरशाद, भारत सिंह, मंजू शर्मा, प्रमोद गिरी, विपिन, इब्ने हसन, कामिल खां, चीनू, विजेंद्र, नरेंद्र, मोहित, पुखराम आदि शामिल रहे।

# विदेश भेजने के नाम पर चार लाख की ठगी

## कोर्ट के आदेश पर दो के खिलाफ रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। थाना क्षेत्र के ग्राम पारा खालसा निवासी एक महिला से उसके पति को विदेश भेजने के नाम पर चार लाख रुपये ठगने का मामला सामने आया है। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ग्राम पारा खालसा निवासी गुलिस्ता पत्नी वाजिद अली ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसके पति वाजिद अली दिल्ली में मजदूरी करते हैं। दिल्ली निवासी रिजवान और बिलाल उर्फ शरीफ उनके दूर के रिश्तेदार हैं और घर पर आना-जाना था। दोनों ने वाजिद अली को अजरबैजान देश में हेल्पर की नौकरी दिलाने का झांसा दिया और 70 हजार रुपये प्रतिमाह वेतन मिलने की बात कही। आरोप है कि आरोपियों ने विदेश भेजने के नाम पर करीब चार लाख रुपये खर्च होने की बात कहकर अलग-अलग तारीखों में फोन पे और नकद के माध्यम से रुपये ले लिए। बाद में 20 जुलाई 2025 की फ्लाइट का टिकट दिया, लेकिन जब वाजिद अली एयरपोर्ट पहुंचे तो पता चला कि टिकट फर्जी है। महिला के अनुसार जब उसने रुपये वापस मांगे तो आरोपियों ने टालमटोल की। 25 सितंबर 2025 को गांव में पंचायत हुई, जिसमें आरोपियों ने रुपये हड़पने की बात कहते हुए देने से इंकार कर दिया। विरोध करने पर गाली-गलौज करते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए।पीड़िता का कहना है कि उसने मामले की शिकायत पुलिस और पुलिस अधीक्षक से भी की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद उसने न्यायालय की शरण ली। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के आदेश पर थाना मंडी धनौरा पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# रंजिश के चलते दो पक्षों में मारपीट, रिपोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। होलिका दहन के लिए पूजा करने युवक को चार युवकों ने पकड़कर पीट दिया। इसके दो दिन बाद दूसरे पक्ष के युवक को भी पीड़ित पक्ष ने दौड़ा दोड़ाकर पीटा। दोनों ओर से कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करायी गयी है।

मोहल्ला बटवाल निवासी नकुल का आरोप है कि दो मार्च की रात करीब 12 बजे वह होलिका दहन के लिए पूजा करने गया था। आरोप है कि वहां पहले से मौजूद विक्रांत, प्रशांत, निखिल और साहिल ने गाली-गलौज शुरू कर दी और मना करने पर उसके साथ मारपीट की। जिसमें उसके सिर में गंभीर चोट आई। लोगों को जमा होते देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से फरार हो गए और होली के दिन देख लेने की धमकी दी। वहीं, दूसरे पक्ष के साहिल और हिमांशु का आरोप है कि चार मार्च को साहिल मोहल्ले में चाय की दुकान पर बैठकर चाय पी रहा था। तभी नकुल, प्रियांशु, मोहित और विपिन वहां पहुंच गए और बेवजह गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने साहिल को लाठी-डंडों से पीटा, धारदार हथियार से भी कई वार कर दिए, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। साहिल को बचाने पहुंचे राहुल और हिमांशु से भी आरोपियों ने मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों की ओर से मिली तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# गौकशी का आरोपी पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

## पुलिस पर फायरिंग कर भाग रहा था आरोपी, पैर में गोली लगने के बाद दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बछरायूं**। थाना बछरायूँ पुलिस ने सोमवार शाम मुठभेड़ के दौरान गौकशी के एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की जवाबी फायरिंग में आरोपी के पैर में गोली लग गई, जिसके बाद उसे पकड़ लिया गया। आरोपी के पास से अवैध तमंचा, कारतूस और गोकशी के औजार बरामद हुए हैं।



पुलिस के अनुसार, पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के निर्देशन में क्षेत्र में संदिग्ध लोगों और वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि हाल ही में हुई गौकशी की घटना में शामिल एक व्यक्ति उसी ऑटो से बछरायूँ से ढयौटी होते हुए अपने गांव लिसड़ी खुर्द जा रहा है। सूचना पर पुलिस टीम ने बछरायूँ-ढयौटी रोड पर चेकिंग शुरू कर दी। इसी बीच एक सफेद-नीला ऑटो आता दिखाई दिया। पुलिस को देखकर चालक ने ऑटो खेत की ओर मोड़ दिया और वाहन छोड़कर भागने लगा। भागते समय उसने पुलिस पर फायरिंग कर दी, जिसकी गोली थानाध्यक्ष कुलदीप सिंह तोमर की बुलेटप्रूफ जैकेट में लगी। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी फायरिंग की, जिसमें एक गोली आरोपी के बाएं पैर में लगी और वह गिर गया। पुलिस ने उसे पकड़कर हिरासत में ले लिया। पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम जाकिर पुत्र कल्लू खां निवासी लिसड़ी खुर्द थाना बछरायूँ बताया। उसके पास से एक तमंचा 315 बोर, एक खोखा, एक जिंदा कारतूस, दो छुरियां, एक चापड़, एक सूजा, लकड़ी का गुटखा और ऑटो बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने 7-8 मार्च की रात ढयौटी मोड़ के पास एक आवारा गोवंश का कटान किया था और उसके अवशेष तालाब के पास फेंक दिए थे। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ पहले से भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

**सवा साल पहले किया था प्रेम विवाह, कमरे में पड़ी मिली लाश**

# संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। प्रेम प्रसंग के चलते प्रेमी संग शादी रचाने वाली महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में लाश मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक बेटी की सूरत देखने से मायके वालों ने इनकार कर दिया। पुलिस ने लाश का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

कोतवाली क्षेत्र गांव मिलक निवासी सत्येंद्र सिंह ने पत्नी बबीता के रहते हुए पड़ोसी गांव लुहारी खादर निवासी राखी से सवा साल पहले प्रेम प्रसंग के चलते शादी की थी। इस शादी से बबीता नाराज ना हो इसलिए सतेंद्र ने करीब डेढ़ बीघा अपने हिस्से की जमीन उसके नाम कर दी थी। सत्येंद्र के मुताबिक इसी को लेकर राखी से अक्सर लड़ाई झगड़ा होता रहता था। इस दौरान राखी के 6 माह पहले एक बेटी हुई थी। जबके सतेंद्र की दूसरी पत्नी बबीता के पास कोई संतान नहीं है। मंगलवार की सुबह एक बार फिर पति-पत्नी के बीच कहां सुनी हो गई। सतेंद्र ने राखी की पिटाई कर दी थी। उसके बाद वह बेटी को गोद में लेकर डयरी से दूध लेने चला गया था। कुछ देर के बाद सत्येंद्र जब टीन की चादरों से बने कमरे में पहुंचा तो वहां पर राखी आयु 23 वर्ष की जमीन पर लाश पड़ी हुई थी। सूचना मिलते ही कोतवाल राजेश कुमार तिवारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गये। फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर नमूने लेकर साक्ष्य जुटाये है। मौके पर पहुंचे तहसीलदार परमानंद श्रीवास्तव की मौजूदगी में राखी की लाश का पंचनामा भरकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने राखी के मायके उसकी मौत होने की सूचना भेज दी। लेकिन मायके वालों ने प्रेमी संग शादी रचाने वाली राखी का चेहरा देखने से इनकार कर दिया। पुलिस पति सतेंद्र से पूछताछ कर रही है। सत्येंद्र ने बताया कि वह दोनों पत्नियों के पास रहता था। सतेंद्र ने बताया राखी बबीता को घर से निकालने के लिए दबाव बना रही थी। इसी के चलते रोज-रो उनके बीच लड़ाई होती थी। महिला की लाश घर में मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई।

### बेटी की लाश से मायके वालों ने मुंह फेरा

**शाह टाइम्स ब्यूरो हसनपुर**। राखी की मौत के बाद उसके मायके वालों ने उसके पास आना तक गवारा नहीं समझा। इसका मुख्य कारण था कि उसने परिवार के लोगों की मर्जी के बिना शादी शुदा प्रेमी के साथ ब्याह रचाया था। राखी को बदनसीब ही कहा जाएगा की मां-बाप बेटी को जान से ज्यादा प्यार करते हैं लेकिन जब उनका मान सम्मान ही बेटी खत्म कर दे तो उन्हें भी कठोर निर्णय लेना पड़ता है। राखी के मायके वालों द्वारा उसकी मौत के बाद उसकी तरफ से मुंह फेर लेना इस दौर के उन लोगों के लिए एक नजीर है जो माता-पिता की मर्जी के बिना शादी कर लेते हैं। इसको लेकर गांव में तरह-तरह की चर्चाएं की जा रही हैं। हालांकि बताया जा रहा है कि बाद में मायके वाले मौके पर पहुंच गये थे।

# पत्नी के नाम गिफ्ट डीड, पति ने बेच डाला मकान

## पत्नी की तहरीर पर पति पर मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। पत्नी को गिफ्ट डीड करने के बाद पति ने निर्माणधीन मकान बेच डाला। बैनामा होने की जानकारी पर विवाहिता के होश उड़ गए। अब मामले में पीड़िता की तहरीर के आधार पर शहर कोतवाली पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ धोखाधड़ी समेत अन्य गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

वर्तमान में जोया रोड स्थित आरजू कॉलोनी निवासी शिवानी द्वारा दर्ज कराई गई एफआईआर के मुताबिक 28 अप्रैल 2017 में उनकी शादी अमरोहा शहर में रेलवे स्टेशन के पास स्थित डांक बंगला कॉलोनी के रहने वाले रोहित चंदेल के साथ हुई थी। पिता ने दहेज में सामान के अलावा बीएसए दफ्तर के पास एक 127 गज का प्लॉट भी उपहार स्वरूप दिया था। शिवानी खुद बीएसए दफ्तर में संविदा पर कर्मी है। आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद ही ससुराल पक्ष के लोग मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगे, रिश्ता निभाते हुए शिवानी ने इस बीच एक बेटी को भी जन्म दिया। इसी विवाद के चलते 27 नवंबर 2022 को ससुराल वालों ने शिवानी को घर से निकाल दिया। आरोप है कि इससे पहले मुर्गी-बकरी फॉर्म खोलने के बहाने रोहित ने उपहार में पिता द्वारा दिया गया उसका प्लॉट भी बिकवा दिया और उसकी सारी रकम अपने पास रख ली। इसके बाद शिवानी का ससुराल पक्ष के लोगों से अलग-अलग संपत्ति को लेकर विवाद रहा। आखिर में दोनों पक्षों में हुए समझौते के बाद रोहित ने सन सिटी कॉलोनी स्थित एक प्लॉट की गिफ्ट डीड पत्नी शिवानी के नाम कर दी। ससुराल पक्ष के उत्पीड़न से परेशान शिवानी ने अपनी बेटी के भविष्य को देखते हुए जमा पूंजी से उक्त प्लॉट पर मकान का निर्माण शुरू करा दिया। अभी मकान आधा बनकर ही तैयार हुआ था कि रोहित ने धोखाधड़ी से उक्त निर्माणधीन मकान का बैनामा अमरोहा तहसील क्षेत्र के गांव मऊ मयचक निवासी पवन कुमार की पत्नी सलोनी के नाम कर दिया। निर्माणधीन मकान बेचे जाने की जानकारी पर शिवानी के होश उड़ गए। परेशान पीड़िता ने इस संबंध में शहर कोतवाली में तहरीर दी थी। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी रोहित चंदेल के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पूरे मामले की जांच की जा रही है, तथ्यों के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

























# जंगली कुत्तों के हमले में युवक घायल

## गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नौगांवा सादात**। जंगली कुत्तों के झुंड ने एक युवक पर हमला कर दिया। अचानक हुए हमले से युवक जमीन पर गिर पड़ा। आसपास के लोगों ने मौके पर पहुंचकर उसे बचाया और उपचार के लिए भेजा।

जानकारी के अनुसार मोहम्मद आरिफ (33) पुत्र मसरूर कुरेशी निवासी बुद्ध बाजार, नगर के सभासद राशिद के घर से वापस अपने घर जा रहे थे। कुछ ही दूरी तय करने के बाद रास्ते में 3 से 4 जंगली कुत्तों ने अचानक उन पर हमला कर दिया। कुत्तों के हमले से आरिफ जमीन पर गिर गए और शोर मच गया। मोहल्ले के लोगों ने दौड़कर किसी तरह कुत्तों को भगाया और आरिफ को उनके चंगुल से बचाया। इसके बाद घायल आरिफ को उपचार के लिए भेज दिया गया। घटना के बाद मोहल्ले के लोगों में जंगली कुत्तों के बढ़ते आतंक को लेकर डर और नाराजगी देखी जा रही है। लोगों ने प्रशासन से आवारा कुत्तों पर रोक लगाने की मांग की है।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### मैथ्यू हेडन बने जीटी के बल्लेबाजी कोच

**अहमदाबाद, वार्ता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के लिए गुजरात टाइटंस ने ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज मैथ्यू हेडन को टीम का नया बल्लेबाजी कोच नियुक्त किया है। हेडन टीम के सपोर्ट स्टाफ में मुख्य कोच आशीष नेहरा, क्रिकेट निदेशक विक्रम सोलंकी और सहायक कोच पार्थिव पटेल के साथ काम करेंगे। वह इससे पहले पाकिस्तान पुरुष टीम के साथ बल्लेबाजी सलाहक. ार के रूप में भी काम कर चुके हैं। नियुक्ति के बाद हेडन ने कहा कि अच्छी बल्लेबाजी विपक्ष पर दबाव बनाती है, जबकि बेहतरीन बल्लेबाजी मैच पर नियंत्रण स्थापित कर लेती है, और यही मानक टीम स्थापित करना चाहती है। विक्रम सोलंकी ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हेडन का अनुभव और युवा खिलाड़ियों को मार्गदर्शन देने की क्षमता टीम की बल्लेबाजी को मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभाएगी।

### वनडे सीरीज में नंबर-5 पर बैटिंग करेंगे लिटन दास

**ढाका, वार्ता।** बांग्लादेश के मुख्य कोच फिल सिमंस ने पुष्टि की है कि पाकिस्तान के खिलाफ आगामी तीन मैचों की एक दिवसीय शृंखला में लिटन दास पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे। लिटन ने 2019 क्रिकेट विश्व कप के बाद से वनडे में पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी नहीं की है। सिमंस को उम्मीद है कि मध्यक्रम में उतरने से वह 50 ओवर के प्रारूप में अपनी खोई हुई लय वापस पा सकेंगे। लिटन पिछली आठ वनडे पारियों में दोहरे अंक तक नहीं पहुंच सके हैं। सिमंस का मानना है कि बल्लेबाजी क्रम में बदलाव से टीम के मध्यक्रम को मजबूती मिलेगी, जो लंबे समय से कमजोर कड़ी रहा है। उन्होंने कहा कि विकेट कीपिग करने के बाद सीधे पारी की शुरुआत करना मुश्किल होता है, इसलिए मध्यक्रम में बल्लेबाजी करना लिटन के लिए अधिक अनुकूल हो सकता है।

# अर्शदीप पर लगा मैच फीस का 15% जुर्माना




● **अनुचित और खतरनाक ढंग से गेंद फेंकने से संबधित व अर्शदीप के अनुशासन रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक भी जोड़ा**

**दुबई, वार्ता।** भारतीय तेज गें. दबाज अर्शदीप सिंह पर टी-20 विश्व कप फाइनल के दौरान आईसीसी आचार संहिता के लेवल-1 के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने मंगलवार को यह जानकारी दी। आईसीसी ने एक बयान में कहा कि अर्शदीप को खिलाड़ियों और खिलाड़ी सपोर्ट स्टाफ की आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2-9 के उल्लंघन का दोषी पाया गया।

यह अंतर्राष्ट्रीय मैच के दौरान एक गेंद (या कोई अन्य क्रिकेट उपकरण) किसी खिलाड़ी पर या उसकी दिशा में अनुचित और खतरनाक ढंग से फेंकने से संबंधित है। इसके अलावा अर्शदीप के अनुशासन रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक भी जोड़ा गया है, क्योंकि यह बीते 24 माह में अर्शदीप की पहली गलती है। यह घटना टी-20 विश्व कप के फाइनल में हुई जब अर्शदीप ने अपने ही ओवर में डैरिल मिचेल के शॉट को रोका। जब उन्होंने गेंद पकड़ी तो मिचेल रन लेने के लिए क्रीज से दो कदम आगे आ चुके थे, इसलिए अर्शदीप ने गेंद विकेट की ओर फेंकी। इसी समय गेंद मिचेल के पैड पर जा लगी। उल्लेखनीय है कि अर्शदीप ने मिचेल को गेंद लगने के बाद फौरन माफी मांगी थी। उन्होंने मैच खत्म होने के बाद बताया कि उन्होंने एक बार फिर मिचेल से मिलकर माफी मांगी थी और कहा था कि गेंद गलती से लगी थी। अर्शदीप पर आचार संहिता के उल्लंघन के आरोप फील्ड अंपायर रिचर्ड इलिगवर्थ और एलेक्स वार्फ, थर्ड अंपायर अल्लाहुद्दीन पालेकर और फोर्त अंपायर एड्रियन होल्डस्टॉक ने लगाए थे। अर्शदीप ने आईसीसी मैच रेफरी एंडी पायक्रॉफ्ट द्वारा प्रस्तावित सजा को स्वीकार कर लिया, इसलिए आधिकारिक सुनवाई की जरूरत नहीं पड़ी। लेवल-1 के उल्लंघनों के लिए न्यूनतम दंड आधिकारिक फटकार, अधिकतम दंड खिलाड़ी की मैच फीस का 50 प्रतिशत और एक या दो अवमूल्यन अंक हैं। जब कोई खिलाड़ी 24 महीनों के भीतर चार या अधिक अवमूल्यन अंक प्राप्त कर लेता है, तो उन्हें निलंबन अंकों में परिवर्तित कर दिया जाता है और खिलाड़ी पर प्रतिबंध लगा दिया जाता है। दो निल. बन अंक एक टेस्ट या दो वनडे या दो टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों से प्रतिबंध के बराबर हैं, जो भी खिलाड़ी के लिए पहले पूरा हो। अवमूल्यन अंक खिलाड़ी या खिलाड़ी सहायक कर्मियों के अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में उनके लागू होने की तारीख से 24 महीनों तक बने रहते हैं, जिसके बाद उन्हें हटा दिया जाता है।

# पश्चिम एशिया के संकट के कारण आईसीसी की बैठक रद्द




**कुछ विशेष बैठकें अगले कुछ सप्ताह में ऑनलाइन आयोजित की जाएंगी**

**दुबई, वार्ता।** पश्चिम एशिया में जारी सैन्य संघर्ष के कारण इस महीने के अंत में दोहा में होने वाली आईसीसी बोर्ड और कमेटी की बैठकों को रद्द कर दिया गया है। ईएसपीएन क्रिकइंफो को मिली जानकारी के अनुसार फाइनेंस कमेटी से जुड़ी कुछ विशेष बैठकें अगले कुछ सप्ताह में ऑनलाइन आयोजित की जाएंगी। अप्रैल में आमने-सामने बैठकों की संभावना अभी भी खुली है, लेकिन यह इस बात पर निर्भर करेगा कि क्या हवाई क्षेत्र इतना खुल गया है कि बोर्ड और कमेटी सदस्य सुरक्षित रूप से उड़ान भर सकें। ए बैठकें मूल रूप से 25 से 27 मार्च के बीच तय थीं और इनमें आईसीसी बोर्ड डायरेक्टर्स, चीफ एग्जीक्यूटिव्स, कमेटी सदस्य और आईसीसी के सीनियर लीडरशिप के शामिल होने की योजना थी। चर्चा के लिए तीन मुख्य मुद्दे थे- ग्लोबल ब्रॉडकास्टिग राइट्स, क्योंकि आईसीसी और जियोस्टार के बीच मौजूदा समझौता 2027 में खत्म होने वाला है, अगला एफटीपी और लॉस एंजेलिस 2028 ओलंपिक के लिए क्वालिफिकेशन। इनमें से दूसरे मुद्दे पर अनौपचारिक बातचीत पहले ही शुरू हो चुकी है, जहां कई सदस्य क्रिकेट के अगले चार साल के कैलेंडर की योजना बनाने के लिए आपस में पहले से चर्चा कर रहे हैं। यह पहली बार था, जब आईसीसी की बैठक दोहा, क़तर में होने वाली थी।

# रिंकू सिंह ने इंस्टाग्राम पर भावुक पोस्ट लिख कर पिता को किया याद



● **रिंकू सिंह के पिता का शुक्रवार सुबह ग्रेटन नोएडा के अस्पताल में चौथे चरण के कैंसर से निधन हुआ था**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय क्रिकेटर रिंकू सिंह ने टी-20 वर्ल्ड कप 2026 जीतने के बाद अपने दिवंगत पिता खानचंद सिंह को सोशल मीडिया के माध्यम से भावुक श्रद्धांजलि दी है। रिंकू के पिताजी का शुक्रवार सुबह ग्रेटर नोएडा के एक अस्पताल में चौथे चरण के कैंसर से लंबी लड़ाई के बाद निधन हो गया था।

बाद में उनका अंतिम संस्कार अलीगढ़ में किया गया, जहां बड़ी संख्या में लोगों ने उन्हें अंतिम विदाई दी। रिंकू ने इंस्टाग्राम पर लिखा कि वह अपने पिता से बात किए बिना कभी इतने दिन नहीं रहे और उनके बिना जीवन की कल्पना करना मुश्किल है। उन्होंने कहा कि पिता ने उन्हें सिखाया था कि कर्तव्य सबसे पहले होता है, इसलिए मैदान पर वह हमेशा उनके सपने को पूरा करने की को. शिश करते रहे। रिंकू ने लिखा कि आपसे बात किए बिना इतने दिन कभी नहीं निकले। मुझे नहीं पता आगे कि जदिगी आपके बिना कैसे चलेगी, पर मुझे हर कदम पर आपकी जरूरत पड़ेगी। आपने सिखाया था कि फर्ज सबसे आगे है, तो मैदान पर बस आपका सपना पूरा करने की कोशिश कर रहा था। अब आपका सपना पूरा हो गया है तो बस यही लगता है कि काश आप मेरे पास होते।

हर छोटी बड़ी खुशी में आपकी कमी खलेगी। बहुत याद करूंगा आपको पापा, बहुत ज्यादा। टी-20 विश्व कप 2026 के दौरान पिता जी की तबीयत बिगड़ने पर रिंकू टीम से अलग होकर कुछ समय के लिए घर लौटे थे और बाद में टीम से दोबारा जुड़ गए। टूर्नामेंट में उन्हें सीमित मौके मिले और उन्होंने पांच पारियों में 24 रन बनाए।

# विश्व कप 2026 में भारत ने कई रिकॉर्ड बनाए

● **भारत टी-20 के इतिहास में तीन बार टूर्नामेंट जीतने वाली पहली टीम बनी**

● **दो बार लगातार खिताब जीतने वाली और घरेलू मैदान पर टी-20 विश्व कप जीतने वाली टीम भी बनी**



**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत ने आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप 2026 के फाइनल में न्यूजीलैंड को 96 रन से हराकर खिताब तो अपने नाम किया ही, साथ ही रिकॉर्ड बुक में दर्ज कई रिकॉर्ड तोड़कर उन्हें अपने नाम किए।

भारत टी-20 के इतिहास में तीन बार यह टूर्नामेंट जीतने वाली पहली टीम बन गया और इस दौरान भारतीय टीम ने कई रिकॉर्ड भी बनाए। भारत ने इससे पहले 2007 और 2024 में टी-20 विश्व कप जीता था। मौजूदा चैंपियन बनने के साथ ही भारत लगातार दो बार खिताब जीतने वाली और घरेलू मैदान पर टी-20 विश्व कप जीतने वाली पहली टीम भी बन गई। आईसीसी की वेबसाइट के अनुसार, भारत और श्रीलंका में आयोजित एक महीने लंबे इस टूर्नामेंट के दौरान कई शानदार व्यक्तिगत और टीम प्रदर्शन देखने को मिले, जिनसे प्रतियोगिता रोमांचक बनी और कई नए रिकॉर्ड भी बने। फाइनल में भारत का 255/5 का स्कोर टी-20 विश्व कप फाइनल का अब तक का सबसे बड़ा स्कोर है।

सेमीफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ 253/7 बनाने के बाद टीम लगातार दो मैचों में 250 से अधिक रन बनाने वाली पहली टीम भी बनी। टूर्नामेंट के शुरुआती चरण में भारत ने जिम्बाब्वे के खिलाफ 256/4 का स्कोर बनाया था, जो इस विश्व. कप का सबसे बड़ा टीम स्कोर है। टूर्नामेंट में पाकिस्तान के साहिब. जादा फरहान ने 383 रन बनाकर एक संस्करण में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड बनाया। वहीं भारत के संजू सैमसन ने फाइनल में 89 रन बनाकर टी-20 विश्व कप फाइनल की सबसे बड़ी व्यक्तिगत पारी खेली और पूरे टूर्नामेंट में 24 छक्के लगाए। भारत के अभिषेक शर्मा ने फाइनल में 18 गेंदों में अर्द्धशतक लगाकर टूर्नामेंट का सबसे तेज अर्द्धशतक बनाया। वहीं न्यूजीलैंड के फिन एलन ने 33 गेंदों में शतक लगाकर टी-20 विश्व कप इतिहास का सबसे तेज शतक जड़ा। भारत और इंग्लैंड के बीच सेमीफाइनल में कुल 499 रन बने, जो टी-20 विश्व कप इतिहास में सबसे ज्यादा रन वाला मैच रहा।

# महिलाओं के 10 मी. एयर पिस्टल फाइनल में मनु भाकर ने मारी बाजी



● **ओलंपियन मनु ने नेशनल सेलेक्शन ट्रायल्स टी3 के 10 मी. एयर पिस्टल महिला वर्ग के फाइनल में पहला स्थान हासिल किया**

**नई दिल्ली, वार्ता।** ओलंपियन मनु भाकर ने डा. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में आज समाप्त हुए नेशनल सेलेक्शन ट्रायल्स टी3 (ग्रुप ए) के 10 मीटर एयर पिस्टल महिला वर्ग के फाइनल में पहला स्थान हासिल किया। ट्रायल-2 की विजेता सैन्यम दूसरे स्थान पर रहीं, जबकि ईशा सिंह ने आठ शूटरों के फाइनल में तीसरा स्थान प्राप्त किया। मनु भाकर फाइनल में आखिरी क्वालिफायर के रूप में पहुंची थीं, लेकिन दूसरे सीरीज के बाद उन्होंने बढ़त बना ली और अंत तक उसे बरकरार रखते हुए 246-1 के स्कोर के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। यह स्कोर वर्ल्ड कप फाइनल की रजत पदक विजेता सैन्यम(241-9) से 4-2 अंक अधिक था। एशियन चैंपियनशिप की स्वर्ण और विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता ईशा सिंह 220-6 के स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। एशियन गेम्स चैंपियन पलक गुलिया 200-2 के स्कोर के साथ चौथे स्थान पर रहीं। उनके बाद अंजलि चौधरी (179-8) पांचवें स्थान पर रहीं। सुरभि राव 158-2 के स्कोर के साथ छठे स्थान पर रहीं, जबकि प्रांजलि प्रशांत धुमाल और मुस्कान ने क्रमश: 138-7 और 117-0 के स्कोर के साथ शीर्ष आठ में अपनी जगह बनाई। क्वालिफिकेशन में ईशा सिंह ने 580-21x के स्कोर के साथ पहले स्थान पर रहते हुए फाइनल के लिए क्वालिफाई किया। उनके बाद सुरभि राव ने 578-12x का स्कोर किया। मुस्कान 577-15x के साथ तीसरे स्थान पर रहीं, जबकि अंजलि चौधरी (575-19x), सैन्यम (575-16x), पलक गुलिया (574-14x) और मनु भाकर (574-11x) ने भी फाइनल के लिए क्वालिफाई किया।

# इंडियन वेल्स के चौथे दौर में पहुंचे नोवाक

**इंडियन वेल्स, वार्ता।** सर्बिया के दिग्गज खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने सोमवार को इंडियन वेल्स टेनिस गार्डन में अमेरिका के एलेक्जेंडर कोवासेविक को तीन सेट के मुक. ाबले में हराकर बीएनपी परिबास ओपन के चौथे राउंड में प्रवेश कर लिया। जोकोविच ने सोमवार को एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट के तीसरे राउंड में कोवासेविक को 6-4, 1-6, 6-4 से मात दी।

यह 2017 के बाद इंडियन वेल्स में चौथे राउंड में उनकी पहली मौजूदगी होगी। इस आयोजन में पांच बार के चैंपियन जोकोविच इस हफ्ते की शुरुआत में कामिल माजक्रजाक के खिलाफ अपने शुरुआती मैच में भी तीन सेट तक खेलना पड़ा था। जोकोविच ने मैच के बाद कहा कि एलेक्स का प्रदर्शन बहुत अच्छा था। हम एक-दूसरे को जानते हैं। हम एक ही भाषा बोलते हैं। उनका पूरा परिवार सर्बियाई है। मुझे मैच में आते ही पता था कि अगर वह



● **नोवाक जोकोविच ने इंडियन वेल्स में अमेरिका के एलेक्जेंडर कोवासेविक को तीन सेट मुकाबले में हराया**

अच्छी सर्विस करते हैं और अपनी जगह चुनते हैं, तो उनकी सर्विस को तोड़ना मुश्किल होगा। रोजर फेडरर के साथ सबसे ज्यादा इंडियन वेल्स टाइटल जीतने का रिकॉर्ड साझा करने वाले जोको. विच हाल के सालों में टूर्नामेंट में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं दे सके हैं। उन्हें 2025 में बोटिक वैन डे जैंड्सचुल्प से पहले ही राउंड में चौंकाने वाली हार का स्वाद चखना पड़ा था।

चुनौतियों के बावजूद, जोको. विच ने टूर्नामेंट में अपनी 17वीं बार मौजूदगी के दौरान एक और मुश्किल मुकाबला किया और अब उनका सामना गत चैंपियन जैक ड्रेपर से होगा, जिन्होंने फांसिस्को सेरुंडोलो को 6-1, 7-5 से हराकर चौथे चरण में जगह बनाई है। जोकोविच ने कहा कि ईमानदारी से कहूं तो, मैं हर समय सच में खेल का आनंद नहीं ले पा रहा हूं। आप इन हालात में अच्छा खेलने की कोशिश कर रहे होते हैं जब विरोधी जबरदस्त टेनिस खेल रहा हो लेकिन किसी भी तरह जीतना ही मायने रखता है और मुझे खुशी है कि मैं आज इस चुनौती को पार करने में सफल रहा।

इस जीत के साथ ही जोको. विच 1990 में सीरीज शुरू होने के बाद से एटीपी मास्टर्स 1000 प्रतियोगिता के चौथे राउंड में पहुं. चने वाले दूसरे सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए। उनसे आगे सिर्फ इवो कार्लोविक हैं, जिन्होंने 2019 में इंडियन वेल्स में 40 साल की उम्र में यह कामयाबी हासिल की थी। इस बीच, स्पेन की युवा प्रतिभा अल्काराज ने एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए फ्रांस के आर्थर रिडरकनेच को 6-7(6), 6-3, 6-2 से हराकर बीएनपी परिबास ओपन के चौथे दौर में प्रवेश किया।

### गोल्डन बुलेट्स और सिल्वर बैंडिट्स के बीच होगा फाइनल मुकाबला

**नई दिल्ली, वार्ता।** दिल्ली गोल्फ क्लब में आज इतिहास दो. हराया गया, जब टीम गोल्डन बुलेट्स और सिल्वर बैंडिट्स दिल्ली गोल्फ क्लब गोल्डन मेंबर्स लीग के लगातार दूसरे सीजन के फाइनल में पहुंच गईं। 2025 में लीग के पहले एडिशन में, गोल्डन बुलेट्स ने सिल्वर बैंडिट्स को हराकर शानदार जीत दर्ज की थी। रविवार, 15 मार्च, 2026 को दोनों टीमें अपनी तरह के पहले फाइनल में फिर से भिड़ेंगी। दिन के आखिरी गेम में, अनुज चंद्रा ने सिल्वर बैंडिट्स के लिए पिन से एक फुट की दूरी पर 40-यार्ड का चिप शॉट मारकर सबका ध्यान खींचा, जिससे उनकी टीम फाइनल में पहुंच गई। सेमीफाइनल फोर बॉल बेटर बॉल फॉर्मेट में खेला गया, जहां हर जोड़ी का बेहतर स्कोर होल के हिंसाब से गिना गया। चारों टीमों में से हर एक ने 12 खिलाड़ी मैदान में उतारे थे, जो 6 ग्रुप में खेल रहे थे।

# विंडीज के खिलाफ संजू की पारी टर्निंग पॉइंट थी : गंभीर




● **कहा : विंडीज के खिलाफ कोई ऐसा खिलाड़ी वापसी कर रहा था जिसने जिम्बाब्वे के गेम से पहले चार या पांच मैच नहीं खेले**

**अहमदाबाद, वार्ता।** भारत ने अहमदाबाद में फाइनल में न्यूजीलैंड को आसानी से हराकर अपना तीसरा आईसीसी पुरुष टी-20 वर्ल्ड कप टाइटल जीता। जियोस्टार के 'फॉलो द ब्लूज' पर बात करते हुए, भारत के हेड कोच गौतम गंभीर ने टीम की टाइटल जीत, खिलाड़ियों के अग्रेसिव अप्रोच और टीम के कैंपेन के टर्निंग पॉइंट पर अपने विचार शेयर किए। गंभीर ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि यह कहना बहुत मुश्किल है, लेकिन मेरा अब भी मानना है कि वेस्टइंडीज के खिलाफ संजू की 97 रन की पारी इस कैंपेन का टर्निंग पॉइंट थी क्योंकि फिर से, यह एक वर्चुअल क्वार्टर-फाइनल था और कोई ऐसा खिलाड़ी वापसी कर रहा था जिसने जिम्बाब्वे गेम से पहले चार या पांच मैच नहीं खेले थे।

वर्ल्ड कप गेम में, चाहे ग्राउंड कोई भी हो, वर्चुअल क्वार्टर-फाइनल में 195 रन का पीछा करना कभी आसान नहीं होता। जिस आसानी और शांति से उन्होंने बैटिंग की, मुझे लगता है कि इससे हमें ग्रुप में बहुत कॉन्फिडेंस मिला कि अब, शायद, हम सही रास्ते पर हैं। उससे पहले, बहुत बातें होती थीं कि हम बाइलेटरल मैचों में बहुत एग्रेसिव खेलते हैं लेकिन आईसीसी टूर्नामेंट में नहीं। वेस्टइंडीज गेम के बाद, जब संजू ने अच्छा खेला और ईशान किशन ने नंबर तीन पर बैटिंग की, तो मुझे लगा कि बहुत सी चीजें असल में शेप लेने लगी हैं। उन्होंने कहा कि मैंने कभी नहीं सोचा था कि एक कोच के तौर पर वर्ल्ड कप जीतूंगा।

मैंने कभी नहीं सोचा था कि मुझे इंडियन टीम का हेड कोच बनने का मौका या खास मौका मिलेगा क्योंकि इंडिया की जर्सी फिर से पहनना या देश के लिए कुछ खास करना बहुत बड़ी बात है। जब आपकी मां आपको विश करती है और कहती है 'बहुत बढ़िया', तो आप उसी के लिए खेलते हैं और उसी के लिए जीते हैं। 140 करोड़ भारतीयों को गर्व महसूस कराने से बड़ी और क्या फीलिंग हो सकती है। मैंने हमेशा यही माना है, और मैंने हमेशा लड़कों से भी कहा है, कि उस ड्रेसिंग रूम में होना एक खास मौका है, हक नहीं। हजारों लोग इंडियन टीम के हेड कोच के तौर पर मेरी जगह पर होना चाहेंगे, और कई लोग उस जगह पर होना चाहेंगे जहां खिलाड़ी हैं। टीम के निडर अप्रोच को अपनाने पर उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि जीत से ज्यादा, यह इस बात पर निर्भर करता है कि लड़कों ने हाई-रिस्क, हाई-रिवॉर्ड की आइडियोलॉजी और फिलॉसफी को कैसे अपनाया।

पहले दिन से ही, मेरा पक्का यकीन था कि टी-20 फॉर्मेट इम्पैक्ट के बारे में है। यह माइलस्टोन या इंडिविजुअल परफॉर्मेंस के बारे में नहीं है। यह मैदान पर जाकर इम्पैक्ट डालने के बारे में है, चाहे वह मैदान पर हो, बॉल से हो या बैट से। इस पूरे वर्ल्ड कप में सिपल आइडियोलॉजी यह थी कि अगर हम प्रेजेंट में रह सकें और हर डिलीवरी को कंट्रोल करने की कोशिश कर सकें। जो चला गया वह कभी वापस नहीं आएगा, जो चला गया उसे आप कंट्रोल नहीं कर सकते और जो भविष्य में आने वाला है उसे आप कंट्रोल नहीं कर सकते। आप बस उस एक खास डिलीवरी को कंट्रोल कर सकते हैं। भले ही आपको पांच छक्के लग जाएं, अगली डिलीवरी गेम बदलने वाला पल हो सकती है। आखिरकार, यह कुछ ऐसा हो सकता है। उदाहरण के लिए, इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में, यह सात रन, एक हिट तक सिमट गया। गंभीर ने कहा कि एक बात जो जिंदगी भर मेरे साथ रहेगी, वह यह है कि लड़कों ने कितनी आसानी से बैटिंग पोजीशन को अपनाया और अपनाया। और यह कैप्टन से शुरू हुआ। इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में, शिवम को प्रमोट किया गया और सूर्या को इससे कोई दिक्कत नहीं थी। फाइनल में, हार्दिक को प्रमोट किया गया और कैप्टन को इससे कोई दिक्कत नहीं थी। पहले कई बार हमने देखा है कि लोग एक खास पोजीशन पर बैटिंग करना चाहते हैं, लेकिन इस टीम के साथ ऐसा नहीं था। तिलक ने नंबर तीन से शुरुआत की, फिर उन्होंने पांच, छह और यहां तक

# विंडीज दौरे के लिए सोफी मोलिनेक्स की टीम में वापसी

● **सोफी मोलिनेक्स की चोट के बाद वापसी हुई है, तीन टी-20 और तीन वनडे मैच खेलेगी ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम**

**मेलबर्न, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज दौरे के लिए अपनी महिला टीम की घोषणा कर दी है, जिसमें ऑलराउंडर सोफी मोलिनेक्स की चोट के बाद वापसी हुई है। ऑस्ट्रेलियाई टीम 19 मार्च से शुरू होने वाले इस दौरे पर तीन टी-20 और तीन वनडे मैच खेलेगी। यह सीरीज आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप 2026 की तैयारी का हिस्सा है।

मोलिनेक्स हाल ही में पीठ की चोट के कारण भारत के खिलाफ घरेलू बहु-प्रारूप शृंखला का बड़ा हिस्सा नहीं खेल सकी थीं। उन्हें अब 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है। अनकैप्ड बल्लेबाज ताहलिया विल्सन को भी पहली बार टीम में जगह मिली है, जबकि लूसी हैमिल्टन और निकोल कैरी ने भारत के खिलाफ अच्छे प्रदर्शन के बाद अपनी जगह बरकरार रखी है। ग्रेस हैरिस और एनेबेल सदरलैंड इस दौरे में नहीं खेलेंगी। मुख्य चयनकर्ता शॉन फ्लेगलर ने कहा कि टी-20 विश्व कप से पहले यह सीरीज टीम के लिए महत्वपूर्ण तैयारी का अवसर



होगी। टीम : सोफी मोलिनेक्स (कप्तान), एश्ले गार्डनर (उपकप्तान), ताहलिया मैक्ग्रा (उपकप्तान), डार्सी ब्राउन, निकोल कैरी, किम गर्थ, लूसी हैमिल्टन, अलाना किग, फीबी लिचफील्ड, बेथ मूनी, एलिस पेरी, मेगन शुट, जॉर्जिया वोल, जॉर्जिया वेयरहैम, ताहलिया विल्सन।

# सम्पादकीय

बुधवार, 11 मार्च 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

## पद की गरिमा

गृह मंत्रालय ने पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव से राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के नौवें अंतर्राष्ट्रीय संथाल सम्मेलन में भाग लेने के दौरान कथित लापरवाही के संबंध में विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। यह कथित लापरवाही प्रोटोकॉल, मार्ग सुरक्षा और कार्यक्रम स्थल प्रबंधन से संबंधित हैं। पश्चिम बंगाल में आयोजित इंटरनेशनल संथाल कॉन्क्लेव में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के दौरे से जुड़ा विवाद केवल कार्यक्रम में व्यवस्था तक सीमित नहीं। यह मामला अब संवैधानिक गरिमा, प्रशासनिक जवाबदेही और चुनावी राजनीति का बन चुका है। राष्ट्रपति का खुद सार्वजनिक रूप से खामियों की ओर इशारा करना भी सामान्य बात नहीं है। विवाद की शुरुआत उस समय हुई जब कार्यक्रम स्थल आखिरी समय में बदल दिया गया। स्थानीय प्रशासन का तर्क था कि मूल स्थान भीड़भाड़ वाला था, लेकिन राष्ट्रपति ने खुद उस स्थान का दौरा किया और कहा कि जगह पर्याप्त थी। इसके अलावा प्रोटोकॉल के उल्लंघन और दूसरी लाप. रवाही की बात भी कही जा रही है। भारत में राष्ट्रपति का पद राजनीति से ऊपर माना जाता है। केंद्र और राज्यों में सरकार चाहे किसी की भी हो, लेकिन राष्ट्रपति का कार्यक्रम कभी किसी राजनीतिक विवाद में नहीं पड़ता। यह पद किसी व्यक्ति की नहीं, देश की गरिमा और प्रतिष्ठा से जुड़ा है। ऐसे में अगर राष्ट्रपति खुद यह महसूस करती हैं कि उनके सम्मान का ख्याल नहीं रखा गया, तो कई सवाल खड़े होते हैं। राष्ट्रपति के प्रोटोकॉल को लेकर सख्त नियम है, जिनका पालन हर हाल में करना होता है। राष्ट्रपति को आमतौर पर राज्य के मुख्यमंत्री रिसीव करते हैं या उनकी तरफ से नॉमिनेट उनका कोई मिनिस्टर। बताया जा रहा है कि बंगाल में ऐसा नहीं हुआ। केंद्र सरकार ने इस चुक पर राज्य सरकार से जवाब मांगा है, लेकिन इस घटना से जुड़ा एक दूसरा पहलू भी है, जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता और वह है पश्चिम बंगाल की राजनीति। राज्य में जल्द ही विधानसभा चुनाव होने हैं और मुख्य टक्कर बीजेपी टीएमसी के बीच मानी जा रही। चुनावी मैदान की यही तल्खी अब संवैधानिक परंपराओं में दिख रही है। टीएमसी ने केंद्र पर राष्ट्रपति पद के राजनी. तिक इस्तेमाल का आरोप लगाया है। सीएम ममता बनर्जी कह रही हैं कि कोई प्रोटोकॉल नहीं टूटा। यह कार्यक्रम संथाल आदिवासियों से जुड़ा था। राष्ट्रपति खुद इस समुदाय से ताल्लुक रखती हैं, लेकिन, अब ध्यान मुख्य मुद्दे से हटकर इस विवाद की ओर चला गया। इस मामले से यह भी पता चलता है कि देश में कई बार बड़े आयोजनों तक की तैयारी आखिरी वक्त तक चलती रहती है। अगर राष्ट्रपति के दौरे से जुड़े सारे इंतजाम पहले ही पूरे होते, तो शायद यह विवाद खड़ा ही नहीं होता।

## देश की जनता सच्चाई जान ही जाएगी



मोदी सरकार ने लोकसभा अध्यक्ष नाम की संस्था की आजादी खत्म कर दी है, लेकिन विपक्ष उसे बचाने में लगा है, इसी मसले पर व्यापक चर्चा के मकसद से अविश्वास प्रस्ताव लाया गया है, ये लोग हर संस्था को खत्म करने की कोशिश करते हैं, हम हर उस संस्था को बचाने के लिए लड़ रहे हैं, जिनके ऊपर भारत का लोकतंत्र टिका हुआ है, भाजपा के लोगों को यही बातें पचती नहीं हैं, मेरी दादी इंदिरा जी कहती थीं कि कोई नकली बनने की कोशिश करे या झूठी इमेज दिखाए, देश की जनता उसकी सच्चाई जान ही जाएगी, मेरे भाई राहुल गांधी हमेशा सच बोलते हैं, वो देश में एक ही व्यक्ति हैं, जो मोदी सरकार के आगे झुके नहीं हैं, भाजपा ने उन्हें रोकने के लिए करोड़ों रुपये खर्च कर दिए, सोशल मीडिया कैंपेन चलाए, लेकिन सच्चाई सबके सामने है। **-प्रियंका गांधी, महासचिव कांग्रेस**

# परिसीमन 2026 : लोकतंत्र का संतुलन या राजनीति की नई जंग





**रश्मि चौधरी**

परिसीमन (डेलिमिटेशन) लोकतंत्र की वह महत्वपूर्ण प्रक्रिया है जिसके माध्यम से जनगणना के आधार पर निर्वाचन क्षेत्रों की सीमाएं और प्रतिनिधियों की संख्या तय की जाती है। भारत को 1947 में स्वतंत्रता मिली और 1950 में संविधान लागू हुआ, लेकिन लोकतंत्र की वास्तविक शुरुआत 1952 के पहले आम चुनावों से हुई। इन चुनावों की आधारभूमि 1951 की जनगणना और उसके आधार पर किए गए परिस. ीमन ने तैयार की थी। परिसीमन यह सुनिश्चित करता है कि बदलती जनसंख्या के अनुसार प्रतिनिधित्व संतुलित और न्यायसंगत बना रहे। इसलिए यह केवल प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि लोकतंत्र की संरचना को आकार देने वाली केंद्रीय व्यवस्था है। इस दृष्टि से कहा जा सकता है कि स्वतंत्रता ने राजनीतिक आजादी दी, संविधान ने शासन की रूपरेखा दी, जबकि परिसीमन और 1952 के चुनावों ने भारत में लोकतंत्र को वास्तविक रूप में स्थापित किया।

**परिसीमन की प्रक्रिया: कैसे होता है सीटों का निर्धारण और कौन करता है फैसला**

परिसीमन एक संवैधानिक प्रक्रिया है, जिसकी शुरुआत नई जनगणना के आधिकारिक आंकड़ों से होती है। जनगणना के बाद केंद्र सरकार एक स्वतंत्रप रिसीमन आयोगका गठन करती है, जिसमें आमतौर पर सर्वोच्च न्यायालय के सेवा. निवृत्त न्यायाधीश यानि अध्यक्ष, चुनाव आयोग के प्रतिनिधि और संबंधित राज्यों के चुनाव आयुक्त सदस्य होते हैं। यह आयोग जनसंख्या के अनुपात के आधार पर लोकसभा और विधानसभा क्षेत्रों की सीमाएं तथा सीटों की संख्या निर्धारित करता है, ताकि प्रत्येक प्रतिनिधि लगभग समान जनसंख्या का प्रतिनिधित्व करे। आयोग सार्वजनिक सुझावों और आपत्तियों पर विचार करने के बाद अपनी अंतिम रिपोर्ट राष्ट्रपति को सौंपता है। परिसीमन आयोग के निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होते हैं तथा उन्हें अदालत में चुनौती नहीं दी जा सकती। इसलिए यह प्रक्रिया लोकतांत्रिक प्रतिनिधित्व को संतुलित और निष्पक्ष बनाए रखने की एक महत्वपूर्ण संवैधानिक व्यवस्था मानी जाती है।

**परिसीमन आयोग के फैसलेरू क्यों नहीं दी गई चुनौती की अनुमति?**

परिसीमन आयोग की रिपोर्ट को अदालत में चुनौती न देने का प्रावधान इसलिए बनाया गया है ताकि निर्वाचन क्षेत्रों के निर्धारण की प्रक्रिया न्यायिक विवादों में उलझकर वर्षों तक न अटके और चुनाव प्रक्रिया बाधित न हो। संविधान निर्माताओं ने गहन विचार के बाद परिसीमन आयोग को एक स्वतंत्र और अंतिम प्राधिकरण का दर्जा दिया, जिसकी अधिसूचित रिपोर्ट बाध्यकारी होती है और उस पर न्यायिक हस्तक्षेप नहीं किया जा सकता।

परिसीमन का आधार जनगणना के आंकड़े होते हैं, ताकि जनसंख्या के अनुसार प्रतिनिधित्व संतुलित और न्यायसंगत बना रहे। स्वतंत्रता के बाद यह सुनिश्चित करना भी आवश्यक था कि लो. कतंत्र केवल कुछ प्रभावशाली वर्गों तक सीमित न रह जाए। इसलिए जनसंख्या बढ़ने के साथ प्रति. निधियों की संख्या और निर्वाचन क्षेत्रों का पुनर्निर्धारण किया जाता है, जिससे नए सामाजिक वर्ग, क्षेत्र और आवाजें राजनीतिक प्रक्रिया में शामिल हो सकें। इस प्रकार, परिसीमन आयोग के निर्णयों को अंतिम रखने का उद्देश्य लोकतंत्र को कमजोर करना नहीं, बल्कि उसे स्थिर, निरंतर और अधिक प्रतिनिधिक बनाना है।

**परिसीमन का आम जनता पर प्रभाव: प्रतिनिधित्व, संवाद और लोकतंत्र की सेहत**

परिसीमन का सीधा प्रभाव आम जनता और उनके जनप्रतिनिधियों के संबंध पर पड़ता है। लो. कतंत्र में सांसद और विधायक जनता की आवाज होते हैं, इसलिए यह महत्वपूर्ण है कि एक प्रति. निधि कितनी जनसंख्या का प्रतिनिधित्व कर रहा है। 1970 के दशक में लगभग10 लाख लोगों पर एक सांसदऔरलगभग 1।37 लाख लोगों पर एक विधायकका प्रतिनिधित्व निर्धारित था, ताकि जनता और प्रतिनिधि के बीच संवाद बना रहे, लेकिन दशकों तक सीटों की संख्या स्थिर रहने से आज एक प्रतिनिधि पर पहले की तुलना में कहीं अधिक जनसंख्या का भार है। इससे जनप्रतिनिधि के लिए हर नागरिक या समुदाय तक पहुंचना कठिन हो जाता है और जनता व प्रतिनिधि के बीच दूरी बढ़ जाती है। विशेषज्ञों के अनुसार, जहां प्रति. निधियों और नागरिकों के बीच सीधा संवाद अधिक होता है, वहां लोकतंत्र अधिक मजबूत और जवाबदेह होता है। इसलिए परिसीमन की प्रक्रिया आवश्यक है, ताकि जनसंख्या के अनुसार सीटों का पुनर्निर्धारण हो सके और लोकतंत्र में संतुलित, प्रभावी और उत्तरदाई प्रतिनिधित्व बना रहे।

**परिसीमन और राजनीतिक शक्ति: क्या बदलता है संतुलन?**

परिसीमन को लेकर अक्सर यह सवाल उठता है कि क्या इससे किसी क्षेत्र की राजनीतिक ताकत बढ़ती या घटती है। विशेषज्ञों के अनुसार लोकतंत्र में मूल मुद्दा राजनीतिक ताकत नहीं, बल्किजनता के प्रतिनिधित्व का संतुलनहै। परिसीमन संविधान केअनुच्छेद 82 और 172के तहत निर्धारित एक संवैधानिक प्रक्रिया है, जिसका उद्देश्य बदलती जनसंख्या के अनुसार प्रतिनिधित्व को संतुलित बनाए रखना है। जिस प्रकार जनसंख्या बढ़ने पर देश में हवाई अड्डे, सड़कें, अस्पताल और अन्य बुनियादी ढांचे बढ़ाए जाते हैं, उसी प्रकार राजनी. तिक प्रतिनिधित्व का विस्तार भी आवश्यक माना जाता है। परिसीमन इसी सिद्धांत पर आधारित है कि बढ़ती जनसंख्या के अनुरूप प्रतिनिधियों की संख्या और निर्वाचन क्षेत्रों का पुनर्निर्धारण हो।इसलिए परिसीमन किसी क्षेत्र की राजनीतिक ताकत बढ़ाने या घटाने का साधन नहीं, बल्कि लो. कतंत्र को अधिक संतुलित, उत्तरदाई और प्रभावी बनाने की एक महत्वपूर्ण संवैधानिक व्यवस्था है।

**परिसीमन पर रोक: राजनीतिक कारण या लोकतांत्रिक चिंता?**

स्वतंत्रता के बाद 1952, 1962 और 1972 में परिसीमन की प्रक्रिया नियमित रूप से हुई, जिसका उद्देश्य जनसंख्या के आधार पर निर्वाचन क्षेत्रों और प्रतिनिधित्व को संतुलित बनाए रखना था। परिसीमन केवल सीटों की संख्या ही नहीं, बल्कि निर्वाचन क्षेत्रों की सीमाएं भी बदलता है, जिससे राजनीतिक और सामाजिक समीकरणों में परिवर्तन आता है और नए नेताओं व वर्गों के लिए राजनीति में प्रवेश की संभावना बनी रहती है, लेकिन 1970 के दशक में आपातकाल (1975-77) के दौरान परिसीमन पर रोक लगा दी गई और संविधान संशोधन के माध्यम से लोकसभा और विधानसभा सीटों की संख्या पहले 2001 तक तथा बाद में 2026 तक स्थिर कर दी गई। इसका आधिकारिक कारण यह बताया गया कि जिन राज्यों ने जनसंख्या नियंत्रण में बेहतर प्रदर्शन किया है, उन्हें प्रतिनिधित्व में नुकसान न हो। हालांकि, आलोचकों का मानना है कि सीटों और क्षेत्रों के लंबे समय तक स्थिर रहने से राजनीतिक संरचना में बदलाव कम हुआ। इसलिए परिसीमन पर लगी रोक प्रशासनिक, जनसंख्या-संतुलन और राजनीतिक तीनों कारणों से जुड़ी बहस का विषय बनी हुई है, क्योंकि इसका सीधा प्रभाव लोकतंत्र की गतिशीलता और प्रतिनिधित्व की समानता पर पड़ता है।

**परिसीमन, जनसंख्या और राजनीतिक प्रतिनिधित्वरू आरक्षण, युवा और महिलाओं पर संभावित प्रभाव**

परिसीमन का मुख्य आधारजनसंख्या के आंकड़ेहोते हैं, जिनके आधार पर लोकसभा और विधानसभा सीटों की संख्या तथा निर्वाचन क्षेत्रों की सीमाएं तय की जाती हैं। यदि किसी राज्य में सीटों की संख्या बढ़ती है, तो उसी भौगोलिक क्षेत्र को अधिक निर्वाचन क्षेत्रों में विभाजित किया जाता है, जिससे सीमाओं का पुनर्गठन होता है। परिसीमन का प्रभावअनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति ST के आरक्षण पर भी पड़ता है। वर्तमान में लोकसभा में 131 सीटें एससी/एसटी के लिए आरक्षित हैं और उनका निर्धारण जनसंख्या अनुपात के आधार पर किया गया है। नई जनगणना के बाद परिसीमन होने पर आरक्षित सीटों की संख्या भी बदल सकती है। इसके अलावा परिसीमनयुवाओं की राजनीतिक भागीदारीको भी प्रभावित कर सकता है। शुरुआती चुनावों में 40 वर्ष से कम आयु के सांसदों की संख्या 30 प्रतिशत से अधिक थी, जो अब घटकर लगभग 12.13 प्रतिशत रह गई है। नए निर्वाचन क्षेत्रों और सीटों के बढ़ने से युवा नेतृत्व के लिए अवसर बढ़ सकते हैं। महिला आरक्षण कानूनके क्रियान्वयन से भी परिसीमन जुड़ा हुआ है, क्योंकि नए निर्वाचन क्षेत्रों के निर्धारण के बाद ही महिला आरक्षण लागू किया जा सकेगा। इसलिए परिस. ीमन केवल तकनीकी प्रक्रिया नहीं, बल्कि आरक्षण, युवाओं और महिलाओं के प्रतिनिधित्व सहित लोकतंत्र के व्यापक ढांचे को प्रभावित करने वाली महत्वपूर्ण व्यवस्था है।

**परिसीमन पर रोक: लोकतंत्र पर असर या राजनीतिक आशंका?**

परिसीमन पर संभावित रोक को लेकर देश में बहस जारी है। परिसीमन का उद्देश्य जनसंख्या के अनुपात में निर्वाचन क्षेत्रों और प्रतिनिधियों की संख्या तय करना है, ताकि लोकतांत्रिक प्रतिनिधित्व संतुलित बना रहे। आलोचकों का तर्क है कि यदि इस प्रक्रिया को लंबे समय तक टाला जाता है, तो जनसंख्या और प्रतिनिधित्व के बीच असंतुलन बढ़ सकता है और कुछ क्षेत्रों में राजनी. तिक शक्ति अधिक केंद्रित हो सकती है। भारत में स्वतंत्रता के बाद कई बार परिसीमन हुआ, लेकिन 1970 के दशक में सीटों की संख्या पर रोक लगा दी गई, जिसे बाद में 2026 तक बढ़ाया गया। इसका आधिकारिक कारण यह बताया गया कि जनसंख्या नियंत्रण में सफल राज्यों को प्रतिनिधित्व में नुकसान न हो। कुछ विश्लेषकों का मानना है कि लोकतांत्रिक संस्थाओं को समयानुसार अद्यतन रखना आवश्यक है, अन्यथा राजनीतिक असंतुलन उत्पन्न हो सकता है। इसलिए परिसीमन पर बहस केवल प्रशासनिक नहीं, बल्कि लोकतंत्र की मजबूती और संतुलित प्रतिनिधित्व से जुड़ा महत्वपूर्ण विषय है।

**क्या परिसीमन में सुधार की आवश्यकता है?**

देश में विभिन्न मुद्दों पर समय-समय पर बहस और विरोध होते रहते हैं। परिसीमन के संदर्भ में भी यह प्रश्न उठता है कि क्या मौजूदा व्यवस्था में सुधार की आवश्यकता है। इस पर मतभेद हैं। कुछ विशेषज्ञ मानते हैं कि प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और जनसहभागिता आधारित बनाया जा सकता है, जबकि अन्य का कहना है कि मौजूदा संवैधानिक ढांचा पर्याप्त है और उसका समय पर क्रियान्वयन ही सबसे महत्वपूर्ण है।

**2026 और उत्तर प्रदेश: क्या होगा संभावित प्रभाव?**

2026 के बाद संभावित परिसीमन को लेकर सबसे अधिक चर्चाउत्तर प्रदेशपर हो रही है, क्योंकि यह देश का सबसे अधिक जनसंख्या वाला राज्य है और वर्तमान में इसके पास 80 लोकसभा सीटें हैं। जनसंख्या के अनुपात के आधार पर भविष्य में इसकी सीटों की संख्या बढ़ने की संभावना पर राजनीतिक और अकाद. मिक स्तर पर विचार हो रहा है।यदि सीटों की संख्या बढ़ती है, तो राज्य का भौगोलिक क्षेत्र वही रहेगा, लेकिन उसे अधिक निर्वाचन क्षेत्रों में विभाजित किया जाएगा, जिससे क्षेत्रीय सीमाएं और राजनीतिक समीकरण बदल सकते हैं। हालांकि, परिसीमन के आधार पर किसी राज्य कास्वत: विभाजन नहीं होता राज्य पुनर्गठन एक अलग संवैधानिक प्रक्रिया है, जो संसद के निर्णय पर निर्भर करती है। फिर भी, यदि बड़े राज्यों में विधानसभा सीटों की संख्या बहुत बढ़ती है, तो प्रशासनिक सुविधा और सुशासन के लिए राज्य पुनर्गठन की बहस तेज हो सकती है। इसलिए परिसीमन का मुद्दा केवल सीटों तक सीमित नहीं, बल्कि प्रतिनिधित्व, प्रशासनिक संतुलन और लो. कतंत्र की भविष्य की संरचना से भी जुड़ा हुआ है।

**परिसीमन पर मांग, संभावित विधाई प्रक्रिया और जनता के लिए संदेश**

परिसीमन को लेकर पश्चिम प्रदेश निर्माण मोर्चा कीसरकार सेमुख्य मांग यह है किइस पर लगी रोक को आगे न बढ़ाया जाए। परिसीमन एक संवैधानिक व्यवस्था है जिसे समाप्त नहीं किया जा सकता, केवल अस्थाई रूप से स्थगित किया जा सकता है।यदि परिसीमन पर लगी समय-सीमा को आगे बढ़ाना हो, तो इसके लिएसंसद में विधेयक लाकर उसे पारित करना आवश्यक होगा। वहीं यदि रोक की अवधि समाप्त हो जाती है और उसे आगे नहीं बढ़ाया जाता, तो परिसीमन की प्रक्रिया स्वत: आगे बढ़ सकती है।इसी कारण इस मुद्दे पर पश्चिम प्रदेश निर्माण मोर्चा कीनजर संभावित विधाई कदमों पर है। हमारा उद्देश्य केवल यह सुनिश्चित करना है कि परिसीमन की प्रक्रिया को और आगे न टाला जाए, और यदि रोक बढ़ाने के लिए विधेयक लाया जाता है तो पश्चिम प्रदेश निर्माण मोर्चा द्वाराउसका लोकतांत्रिक तरीके से विरोध किया जाएगा।

**पश्चिम प्रदेश निर्माण मोर्चा का आम जनता के लिए संदेश**


परिसीमन को लोकतांत्रिक ढांचे का एक महत्वपूर्ण अंग माना जाता है। इसका उद्देश्य नागरिकों को उनके जनप्रतिनिधियों से जोड़ना और प्रतिनिधित्व को जनसंख्या के अनुपात में संतु. लित रखना है।लोकतंत्र की मजबूती उसके निरंतर अद्यतन और संस्थागत प्रक्रियाओं के पालन पर निर्भर करती है। किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में यदि प्रक्रियाएं लंबे समय तक स्थगित रहती हैं, तो उसका प्रभाव धीरे-धीरे दिखाई देता है।पश्चिम प्रदेश निर्माण मोर्चा कामानना है कि यदि भारत को वैश्विक स्तर पर एक सशक्त और विकसित राष्ट्र के रूप में स्थापित होना है, तो उसके लोकतांत्रिक ढांचे को भी मजबूत और प्रतिनिधिक बनाना होगा। अधिक व्यापक और संतुलित प्रतिनिधित्व से शासन प्रणाली में विविधता और उत्तरदायित्व दोनों बढ़ते हैं। इस प्रकार, परिसीमन पर चल रही बहस केवल तकनीकी विषय नहीं, बल्कि लोकतंत्र की गुणवत्ता, प्रतिनिधित्व की समानता और भविष्य की राजनीतिक दिशा से जुड़ा व्यापक विमर्श है।

**( लेखक पश्चिम प्रदेश निर्माण मोर्चा, राष्ट्रीय सर्वखाप कोऑर्डिनेटर, राष्ट्रीय बालियान खाप प्रधान हैं, व्यक्त विचार निजी हैं )**

# एक दिन का संकल्प: उम्रभर का स्वस्थ भविष्य



**योगेश कुमार गोयल**



आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में स्वास्थ्य सबसे बड़ा धन है लेकिन दुर्भाग्य से धूम्रपान और तंबाकू की लत इस अमूल्य धन को तेजी से नष्ट कर रही है। हर साल मार्च के दूसरे बुधवार को 'नो स्मोकिंग डे' मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य लोगों को धूम्रपान की आदत छोड़ने के लिए प्रेरित करना और समाज को तंबाकू के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना है। इस वर्ष यह दिवस 11 मार्च को मनाया जा रहा है। यह एक ऐसा अवसर है, जब लोग अपने जीवन में एक नई शुरुआत कर सकते हैं और धूम्रपान मुक्त जीवन की दिशा में कदम बढ़ा सकते हैं। हर वर्ष इस दिन एक विशेष थीम के साथ लोगों को तंबाकू से दूर रहने का संदेश दिया जाता है। इस वर्ष का संदेश है 'धूम्रपान से मुक्त जीवन की शुरुआत एक धूम्रपान-मुक्त दिन से होती है।' इसका अर्थ स्पष्ट है कि यदि कोई व्यक्ति केवल एक दिन भी धूम्रपान से दूरी बना ले तो वह आगे चलकर इसे पूरी तरह छोड़ने की दिशा में पहला कदम उठा सकता है।

तंबाकू और निकोटीन की लत दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य समस्याओं में से एक है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार तंबाकू के कारण हर वर्ष लगभग 80 लाख लोगों की मृत्यु हो जाती है। इनमें से करीब 70 लाख लोग सीधे धूम्रपान करने वाले होते हैं जबकि लगभग 12 लाख लोग ऐसे होते है, जो स्वयं धूम्रपान नहीं करते लेकिन दूसरों के धुएं के संपर्क में आने के कारण गंभीर बीमारियों का शिकार बन जाते हैं। यह स्थिति बताती है कि धूम्रपान केवल करने वाले व्यक्ति को ही नहीं बल्कि उसके आसपास रहने वाले परिवार और समाज को भी प्रभावित करता है। हाल के वर्षों में देखा गया है कि दुनिया के कई देशों में धूम्रपान करने वालों की संख्या में कमी आई है लेकिन इसके बावजूद चिंता का विषय यह है कि युवाओं और किशोरों में तंबा. कू के उपयोग की प्रवृत्ति तेजी से बढ़ रही है।

वैश्विक रिपोर्टों के अनुसार 13 से 15 वर्ष की आयु के लगभग 3.7 करोड़ बच्चे किसी न किसी रूप में तंबाकू का सेवन कर रहे हैं। ई-सिगरेट और अन्य नए निकोटीन उत्पादों ने इस समस्या को और जटिल बना दिया है। आकर्षक पैकेजिंग, फ्लेवर और डिजिटल मार्केटिंग के जरिए इन उत्पादों को युवाओं के बीच लोकप्रिय बनाने की कोशिश की जा रही है। विज्ञापन प्रति. बंधों के बावजूद सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफार्मों के माध्यम से युवाओं को लक्ष्य बनाकर प्रचार किया जाता है। इस कारण किशोरों में तंबाकू की लत तेजी से फैल रही है, जो भविष्य में गंभीर स्वास्थ्य संकट का रूप ले सकती है। तंबाकू के दुष्प्रभाव केवल कैंसर तक सीमित नहीं हैं। यह शरीर के लगभग हर अंग को नुकसान पहुंचाता है। धूम्रपान फेफड़ों के कैंसर का प्रमुख कारण है और दुनिया में होने वाली फेफड़ों के कैंसर से लगभग 85 प्रतिशत मौतें धूम्रपान के कारण होती हैं। इसके अलावा तंबाकू हृदय रोग, स्ट्रोक, दमा, ब्रोंकाइटिस और कई अन्य श्वसन संबंधी बीमारियों को जन्म देता है। लंबे समय तक तंबाकू का सेवन करने से मुंह, गले, पेट, लीवर और आंतों के कैंसर का खतरा भी बढ़ जाता है। तंबाकू की समस्या भारत में भी काफी गंभीर है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट के अनुसार देश में 15 वर्ष या उससे अधिक आयु के 25 करोड़ से अधिक लोग किसी न किसी रूप में तंबाकू का सेवन करते हैं। इनमें अधिकांश पुरुष हैं लेकिन महिलाओं में भी इसका उपयोग तेजी से बढ़ रहा है। भारत में तंबाकू सेवन के कई रूप प्रचलित हैं, जैसे खैनी, गुटखा, पान मसाला, जर्दा और सुपारी के साथ तंबाकू का सेवन। इन उत्पादों की आसान उपलब्धता और कम कीमत के कारण लोग जल्दी इसकी लत के शिकार हो जाते हैं। विभिन्न शोधों में यह भी सामने आया है कि तंबाकू से होने वाली बीमारियों का इलाज बहुत महंगा होता है। यदि तंबाकू के उपयोग को नियंत्रित नहीं किया गया तो आने वाले वर्षों में स्वास्थ्य सेवाओं पर इसका आर्थिक बोझ बहुत अधिक बढ़ सकता है। मुंह के कैंसर के मामलों में भारत पहले से ही दुनिया के कई देशों से आगे है और इसका मुख्य कारण तंबाकू तथा गुटखे का व्यापक उपयोग है। धूम्रपान केवल शारीरिक ही नहीं, मानसिक और सामाजिक समस्याओं को भी जन्म देता है। तंबाकू की लत व्यक्ति को धीरे-धीरे निर्भर बना देती है। कई युवाओं में यह लत अवसाद, चिंता और आत्मविश्वास की कमी जैसी मानसिक समस्याओं को भी जन्म देती है। जब किशोरावस्था में यह आदत लग जाती है तो उसे छोड़ना बेहद कठिन हो जाता है और इसका प्रभाव उनके पूरे जीवन पर पड़ता है। धूम्रपान के खतरों को देखते हुए समाज में व्यापक जागरूकता की आवश्यकता है। सरकारों ने तंबाकू नियंत्रण के लिए कई कानून बनाए हैं, सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान पर प्रतिबंध लगाया है और तंबाकू उत्पादों पर चेतावनी संदेश भी अनिवार्य किए हैं। इसके बावजूद केवल कानून से इस समस्या का समाधान संभव नहीं है। इसके लिए सामाजिक जागरूकता और व्यक्तिगत संकल्प दोनों जरूरी हैं। पत्रकारिता के अपने लंबे अनुभव के दौरान मैंने नशे के दुष्प्रभावों पर व्यापक अध्ययन किया है। वर्ष 1993 में मेरी पुस्तक 'मौत को खुला निमंत्रण' प्रकाशित हुई थी, जिसमें तंबाकू और अन्य नशों से होने वाले भयानक परिणामों का विस्तार से उल्लेख किया गया था। उस समय भी यह चेतावनी दी गई थी कि यदि समाज ने समय रहते नशे के खिलाफ जागरूकता नहीं बढ़ाई तो इसके दुष्परिणाम आने वाली पीढ़ियों को भुगतने पड़ेंगे। आज तीन दशक बाद भी यह चिंता उतनी ही प्रासंगिक दिखाई देती है। बहरहाल, नो स्मोकिंग डे हमें याद दिलाता है कि जीवन का हर पल अमूल्य है और इसे किसी भी तरह की लत के कारण बर्बाद नहीं किया जाना चाहिए। धूम्रपान छोड़ना कठिन अवश्य है लेकिन असंभव नहीं। यदि व्यक्ति दृढ़ निश्चय कर ले और परिवार तथा समाज का सहयोग मिले तो वह आसानी से इस लत से मुक्त हो सकता है। आज जरूरत इस बात की है कि हम स्वयं भी धूम्रपान से दूर रहें और दूसरों को भी इसके खतरों के बारे में जागरूक करें। आखिरकार, एक स्वस्थ समाज की शुरुआत स्वस्थ व्यक्तियों से ही होती है। यदि हम तंबाकू से दूरी बनाकर जीवन को अपनाएं तो न केवल अपना स्वास्थ्य सुरक्षित रख सकते हैं बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी एक बेहतर और सुरक्षित वातावरण तैयार कर सकते हैं। इसलिए इस नो स्मोकिंग डे पर संकल्प लें कि तंबाकू का साथ छोड़कर हर सांस को कीमती बनाएंगे और जीवन को स्वस्थ, सुरक्षित और खुशहाल बनाने की दिशा में कदम बढ़ाएंगे।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)



नई दिल्ली। संसद के बजट सत्र के दूसरे भाग के दौरान आलू की कीमतों को लेकर विरोध प्रदर्शन करती समाजवादी पार्टी।

## तेहरान में इजरायली हमले में कई ऐतिहासिक स्थलों को हुआ नुकसान

**तेहरान।** इजरायली हवाई हमलों में ईरान के इस्घहान में चहेल सोतून पैलेस सहित विभिन्न ऐतिहासिक स्थलों को नुकसान पहुंचा है। उल्लेखनीय है कि सफाविद काल का यह महल इस्फाहान के गवर्नर कार्यालय के पास स्थित है। रिपोर्टों के अनुसार, पास ही हुए बम धमाके के कारण महल परिसर के कुछ हिस्सों को नुकसान पहुंचा है। यह महल अपने भित्ति चित्रों, तालाबों और 17वीं शताब्दी के ऐतिहासिक हॉल के लिए जाना जाता है। इस्फाहान के एक निवासी ने बताया कि चहेल सोतून इमारत और गवर्नर कार्यालय के बीच केवल कुछ ही पेड़ हैं, और स्पष्ट रूप से उन्हें भी नुकसान पहुंचा है।

# ईरान जंग: 9 एशियाई देशों में तेल संकट गहराया

## बांग्लादेश में यूनिवर्सिटीज बंद, थाइलैंड में लिफ्ट इस्तेमाल पर रोक, पाक में मंत्रियों की सैलरी-विदेश यात्रा रोकी

**इस्लामाबाद/ढाका/बैंकाक।** ईरान जंग का असर अब एशिया के कई देशों में दिखाई देने लगा है। तेल और गैस की सप्लाई प्रभावित होने के कारण कम से कम 9 एशियाई देशों में ऊर्जा संकट गहराने लगा है।

हालात ऐसे हैं कि अलग-अलग देशों को ईंधन बचाने और ऊर्जा संकट से निपटने के लिए सख्त कदम उठाने पड़े हैं। बांग्लादेश में सभी यूनिवर्सिटीज बंद कर दी गई हैं, ताकि बिजली और ईंधन की खपत कम की जा सके। वहीं थाइलैंड में सरकारी दफ्तरों में लिफ्ट के इस्तेमाल पर रोक लगाकर कर्मचारियों को सीढ़ियों का उपयोग करने के निर्देश दिए हैं और वर्क फ्रॉम होम लागू किया गया है। दूसरी ओर पाकिस्तान में खर्च कम करने के लिए मंत्रियों की सैलरी और विदेश यात्राओं पर रोक लगा दी गई है, साथ ही सरकारी खर्च और ईंधन उपयोग में कटौती के फैसले लिए गए हैं। दरअसल ईरान और अमेरिका-इजरालय के बीच जंग की वजह से होर्मुज स्ट्रेट बंद है, इसके चलते तेल की सप्लाई ठप्प हो गई है। होर्मुज स्ट्रेट




■ थाइलैंड में सरकारी दफ्तरों में लिफ्ट के इस्तेमाल पर रोक लगाकर कर्मचारियों को सीढ़ियों का उपयोग करने के निर्देश दिए हैं और वर्क फ्रॉम होम लागू किया गया है

दुनिया का बहुत अहम समुद्री रास्ता है। हर साल दुनिया के करीब 20 प्रतिशत तेल की सप्लाई इसी रास्ते से गुजरती है। थाईलैंड में सरकार ने ऊर्जा बचाने के लिए सरकारी कर्मचारियों को वर्क फ्राम होम करने और दफ्तरों में लिफ्ट की जगह सीढ़ियों का इस्तेमाल करने के निर्देश दिए हैं। सरकार के प्रवक्ता के मुताबिक जिन अधिकारियों को सीधे जनता की सेवा देनी होती है, उन्हें इस नियम से छूट दी गई है। थाईलैंड के प्रधानमंत्री अनुतिन चार्नवीराकुल ने सरकारी कर्मचारियों को ऊर्जा बचाने के लिए जरूरी कदम लागू करने को कहा है। सरकार ने विदेश यात्राओं को अस्थायी रूप से रोक दिया है। ऊर्जा बचत के लिए एयर कंडीशनर का तापमान 26 से 27 डिग्री सेल्सियस के बीच रखने का निर्देश दिया गया है। अधिकारियों को सूट-टाई जैसे औपचारिक कपड़ों की जगह शार्ट स्लीव शर्ट पहनने की सलाह दी गई है। ऊर्जा मंत्री के अनुसार देश के पास फिलहाल करीब 95 दिन का ऊर्जा भंडार बचा है। सरकार अमेरिका, आस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका से अतिरिक्त एलएनजी खरीदने की कोशिश कर रही है। सरकार ने चेतावनी दी है कि अगर संकट और गहरा हुआ, तो दुकानों और व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के विज्ञापन बोर्ड की रोशनी कम करने और पेट्रोल पंपों को रात 10 बजे तक बंद करने जैसे कड़े कदम भी उठाए जा सकते हैं। बैंकाक समेत पूरे थाईलैंड में पेट्रोल और डीजल लेने के लिए लाइनें लग रही हैं। चीन ने संभावित ऊर्जा संकट को देखते हुए कच्चे तेल की खरीद बढ़ाकर अपने रणनीतिक भंडार मजबूत करना शुरू कर दिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक चीन ने साल के शुरुआती महीनों में अतिरिक्त कच्चा तेल खरीदा है और इसे रणनीतिक तथा वाणिज्यिक भंडार में रखा जा रहा है। इसके साथ ही सरकार ने रिफाइनरियों को नए फ्यूल एक्सपोर्ट कान्ट्रैक्ट साइन न करने और कुछ तय शिपमेंट को रोकने के निर्देश दिए हैं। सरकार का मकसद घरेलू बाजार में पेट्रोल, डीजल और अन्य ईंधन की पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखना है। एक्सपर्ट्स का कहना है कि अगर मिडिल-ईस्ट में संघर्ष लंबा चला और वैश्विक सप्लाई और प्रभावित हुई, तो चीन अपने रणनीतिक तेल भंडार का उपयोग कर सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### यूएई ने इराक में अपने दूतावास पर हमले की कड़ी निंदा की

**अबू धाबी।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने इराक के कुर्दिस्तान क्षेत्र में अपने महावाणिज्य दूतावास को निशाना बनाकर किए गए एक आतंकी ड्रोन हमले की कड़ी निंदा की है। इस हमले में किसी के घायल होने की खबर नहीं है। यूएई के विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को जारी एक बयान में इस हमले को 'बिना उकसावे वाला आतंकवादी कृत्य' बताया और जोर दिया कि राजनयिक मिशनों को निशाना बनाना अंतर्राष्ट्रीय मानदंडों एवं कानूनों का गंभीर उल्लंघन है।

### ईंधन बचाने के लिए वियतनाम में 'वर्क फ्रॉम होम'

**हनोई।** पश्चिम एशिया बढ़ते तनाव के कारण वैश्विक ऊर्जा बाजार में आई अस्थिरता को देखते हुए वियतनाम सरकार ने देश में ईंधन की खपत कम करने के लिए कड़े कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। वियतनाम के उद्योग और व्यापार मंत्रालय ने मंगलवार को नागरिकों से जहां संभव हो वहां 'रिमोट वर्क' (घर से काम) करने का आग्रह किया है ताकि यात्रा और परिवहन की मांग को कम किया जा सके। वियतनाम समाचार एजेंसी के अनुसार, मंत्रालय ने एक आधिकारिक अपील जारी कर नागरिकों से ईंधन बचाने के विभिन्न उपाय अपनाने को कहा है।

### केन्या में भीषण सड़क हादसा: भीड़ पर चढ़ा ट्रक, 14 की मौत

**वेबुए (केन्या)।** केन्या के वेबुए-किटाले राजमार्ग पर सोमवार रात भीषण सड़क हादसे में कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई और 16 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने मंगलवार को इस दुर्घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। इस हादसे में दो मोटरसाइकिलों के बीच आमने-सामने की जोरदार टक्कर हुई, जिसमें दोनों सवारों की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद जब आसपास के लोग और राहगीर घायलों की मदद के लिए वहां जमा हुए, तभी एक अनियंत्रित ट्रक भीड़ को कुचलता हुआ निकल गया।

# तेल मुद्दे पर ट्रम्प की ईरान को चेतावनी

## कहा: अगर ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य मार्ग को रोकता है, तो उस पर बीस गुना अधिक भयानक हमला होगा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मंगलवार को ईरान को चेतावनी दी कि यदि उसकी सेनाएं होर्मुज जलडमरूमध्य मार्ग से होने वाले तेल के परिवहन को रोकती हैं, तो उन पर 'बीस गुना अधिक भयानक' हमला किया जाएगा। ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कहा कि अगर ईरान ऐसा कुछ भी करता है जिससे होर्मुज जलडमरूमध्य के भीतर तेल का प्रवाह रुकता है, तो अमेरिका उन पर अब तक हुए हमलों की तुलना में बीस गुना अधिक जोर से हमला करेगा। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त, अमेरिका आसानी से नष्ट होने वाले लक्ष्यों को खत्म कर देगा, जिससे ईरान के लिए एक राष्ट्र के रूप में फिर से खड़ा होना लगभग असंभव हो जाएगा।

ट्रम्प ने इस चेतावनी को 'अमेरिका की ओर से चीन और उन सभी देशों के लिए एक उपहार' बताया जो होर्मुज जलडमरूमध्य का काफी उपयोग करते हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस 'पहल' की काफी सराहना की जाएगी। उल्लेखनीय है कि 10 मार्च तक होर्मुज जलडमरूमध्य मार्ग में वाणिज्यिक यातायात लगभग पूरी तरह से ठप हो गया है। हालांकि औपचारिक रूप से इसे बंद करने की कोई घोषणा नहीं की गई है, लेकिन अत्यधिक जोखिमों के कारण बीमा कंपनियों द्वारा बीमा रद्द करने के कारण इस मार्ग पर यातायात प्रभावी रूप से बंद हो गया है। मार्सक, सीएमए सीजीएम और हैपग-लॉयड जैसी प्रमुख परिवहन कंपनियों ने इस मार्ग से आवाजाही को स्थगित कर दिया है और जहाजों को 'केप ऑफ गुड होप' के रास्ते भेज रहे हैं। युद्ध शुरू होने के बाद से ही ड्रोन और मिसाइल हमलों में कम से कम आठ नाविक मारे गए हैं और कई टैंकर क्षतिग्रस्त हुए हैं। छह मार्च को, संयुक्त अरब अमीरात के ध्वज वाली नौका मुसाफा-2 एक विस्फोट के बाद डूब गई, जिससे चालक दल के तीन सदस्य लापता हो गए। सात मार्च को, माल्टा के ध्वज वाले टैंकर 'प्रिमा' पर कथित तौर पर एक ईरानी ड्रोन द्वारा हमला किया गया था। भारत वर्तमान में इस क्षेत्र में फंसे 36 भारतीय ध्वज वाले जहाजों को सुरक्षित बाहर निकालने के विकल्पों पर विचार कर रहा है। फ्रांस ने भी युद्ध की तीव्रता कम होने के बाद जहाजों को सुरक्षित एस्कॉर्ट करने के लिए एक मिशन की तैयारी की घोषणा की है। नाकाबंदी के परिणामस्वरूप, कच्चे तेल की कीमतें 9 मार्च को 120 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल तक बढ़ गईं, जो बाद में घटकर लगभग 88-90 डॉलर पर आ गईं। कुवैत और कतर ने कुछ ऊर्जा अनुबंधों पर 'फोर्स मेज्योर' घोषित कर दिया है क्योंकि टैंकर सुरक्षित रूप से फारस की खाड़ी से बाहर निकलने में असमर्थ हैं। 'फोर्स मेज्योर' एक सामान्य क्लॉज है जो अनिवार्य रूप से दोनों पक्षों को दायित्व या बाध्यता से मुक्त करता है जब पार्टियों के नियंत्रण से बाहर कोई असाधारण घटना या परिस्थिति आ जाती है।



■ ट्रम्प ने इस चेतावनी को 'अमेरिका की ओर से चीन और उन सभी देशों के लिए एक उपहार' बताया

### एक लीटर तेल भी बाहर नहीं जाने देंगे: ईरान

■ कहा: जो देश इजरायल-अमेरिका के राजदूतों को निकालेंगे, उनके जहाज होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने देंगे

**तेहरान।** अमेरिका-इजरायल और ईरान जंग का 11वां दिन हैं। इस बीच ईरान ने कहा है कि वह एक लीटर तेल भी बाहर नहीं जाने देगा। ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट से जहाजों के गुजरने को लेकर एक नई शर्त रखी है। इजरायली मीडिया वाइनेट की रिपोर्ट्स के मुताबिक ईरान की सेना इस्लामिक रेवोल्यूशनरी गार्ड कार्प्स (आईआरजीसी) ने कहा है कि कुछ देशों के जहाजों को इस रास्ते से गुजरने दिया जा सकता है, लेकिन इसके लिए उन देशों को पहले इजरायल और अमेरिका के राजदूतों को अपने देश से निकालना होगा। होर्मुज स्ट्रेट दुनिया का बहुत अहम समुद्री रास्ता है। हर साल दुनिया के करीब 20 प्रतिशत तेल की सप्लाई इसी रास्ते से गुजरती है। हालांकि अमेरिकी चैनल सीएनएन ने कहा है कि ईरान इस रास्ते से गुजरने वाले तेल टैंकरों और व्यापारिक जहाजों पर सिक्योरिटी टैक्स यानी सुरक्षा शुल्क लगाने की योजना बना रहा है, खासकर उन जहाजों पर जो अमेरिका के सहयोगी देशों के हैं।

### हॉर्मुज जलडमरूमध्य में अमेरिकी नौसेना का हमें इंतजार: ईरानी सेना

**तेहरान।** ईरान की सेना के प्रवक्ता ने मंगलवार तड़के कहा कि उनके फौजी हॉर्मुज जलडमरूमध्य में अमेरिकी नौसैनिक बेड़े का इंतजार कर रहे हैं और युद्ध का अंत ईरान के हाथों में है। सरकारी मीडिया में आई जानकारी के अनुसार इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के प्रवक्ता मेजर जनरल अली मोहम्मद नैनी ने यह टिप्पणी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के एक संवाददाता सम्मेलन और हॉर्मुज जलडमरूमध्य की सुरक्षा को लेकर दिए गए हालिया बयानों के जवाब में की है। नैनी ने कहा कि ईरानी सशस्त्र बल हॉर्मुज जलडमरूमध्य क्षेत्र में अमेरिकी नौसैनिक बेड़े और विमान वाहक पोत जेराल्ड फोर्ड का इंतजार कर रहे हैं।

# अमेरिका से अब वार्ता संभव नहीं: अराघची

**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा है कि अमेरिका के साथ बातचीत का अनुभव 'कड़वा' रहा है और अब उसके साथ नए सिरे से कूटनीतिक वार्ता की संभावना नहीं है। अराघची ने पीबीएस को दिए एक साक्षात्कार में अमेरिका पर बार-बार विश्वासघात और सैन्य आक्रामकता का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि मुझे नहीं लगता कि अमेरिकियों से बातचीत या उनके साथ बातचीत करने का सवाल अब एजेंडे में होगा।

हमारे लिए यह अनुभव बहुत कड़वा रहा है। उन्होंने दावा किया कि ईरान ने पिछले वर्ष जून में अमेरिका के साथ अच्छे इरादे से बातचीत शुरू की थी, लेकिन बातचीत के दौरान ही उस पर हमला कर दिया गया। अराघची के अनुसार इस वर्ष भी अमेरिका ने यह भरोसा दिलाया था कि वह हमला नहीं करेगा और ईरान के परमाणु मुद्दे का शांतिपूर्ण समाधान चाहता है। विदेश मंत्री ने कहा कि तीन दौर की बातचीत में प्रगति के बावजूद हालात सुधरने के बजाय और बिगड़ गए। उन्होंने कहा कि अमेरिकी वार्ता दल ने भी प्रगति को स्वीकार किया था, लेकिन इसके बावजूद हमला किया गया। अराघची ने फारस की खाड़ी के देशों को संदेश देते हुए कहा कि क्षेत्र में अमेरिकी ठिकानों पर ईरान के हमले आत्मरक्षा के अधिकार के तहत किए गए हैं। उन्होंने कहा कि यदि अन्य देश अपनी सुविधाओं की सुरक्षा के लिए कदम उठा सकते हैं तो ईरान को भी अपने लोगों की रक्षा करने का अधिकार है। उन्होंने कहा कि यह युद्ध ईरान ने नहीं चुना बल्कि उस पर थोपा गया है और देश केवल अपनी रक्षा कर रहा है। अराघची ने यह भी कहा कि ईरान जरूरत पड़ने तक मिसाइल हमले जारी रखने के लिए तैयार है। उन्होंने क्षेत्रीय देशों के साथ संबंधों को लेकर उठ रही चिंताओं को खारिज करते हुए कहा कि ईरानी जनता की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस बीच पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण वैश्विक तेल कीमतों में तेजी और ऊर्जा आपूर्ति में बाधा की आशंका बढ़ गई है।



■ इस वर्ष भी अमेरिका ने यह भरोसा दिलाया था कि वह हमला नहीं करेगा: अराघची

# लेबनान में उत्पन्न हुआ भीषण मानवीय संकट

**बेरुत/जिनेवा।** लेबनान पर इजरायल के लगातार बढ़ते हमलों के कारण पिछले 24 घंटों में यहां एक लाख से अधिक लोग अपना घर छोड़कर सुरक्षित स्थानों की ओर जाने को मजबूर हुए हैं।

इससे एक गंभीर मानवीय त्रासदी का संकेत मिलता है। लेबनान में संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी उच्चायुक्त (यूएनएचसीआर) की प्रतिनिधि कैरोलिना लिडहोम बिलिग ने जिनेवा में पत्रकारों को बताया कि अब तक लेबनान सरकार के ऑनलाइन पोर्टल पर कुल 667000 से अधिक विस्थापित लोग पंजीकृत हो चुके हैं। उन्होंने चिंता जताते हुए कहा कि पंजीकृत विस्थापितों की संख्या में मात्र एक दिन में एक लाख का इजाफा हुआ है, जो बेहद डरावना है। यूएन प्रतिनिधि ने चेतावनी दी कि वर्तमान में विस्थापन की गति 2024 में इजरायल और हिजबुल्लाह के बीच हुए पिछले युद्ध की तुलना में कहीं अधिक तेज है। इजरायली बमबारी के डर से दक्षिण लेबनान और बेरुत के उपनगरीय इलाकों से लोग सुरक्षित ठिकानों की तलाश में उत्तर की ओर पलायन कर रहे हैं। विस्थापितों की भारी संख्या के कारण राहत शिविरों और आश्रय स्थलों पर अत्यधिक दबाव बढ़ गया है। लेबनान सरकार और अंतर्राष्ट्रीय सहायता एजेंसियां भोजन, दवा और स्वच्छ पानी उपलब्ध कराने के लिए संघर्ष कर रही हैं। मानवीय संगठनों ने तत्काल युद्धविराम की अपील की है ताकि विस्थापितों को आवश्यक सहायता पहुंचाई जा सके। संयुक्त राष्ट्र ने यह भी जानकारी दी है कि लेबनान में रहने वाले सीरियाई शरणार्थी अब वापस अपने देश लौटने को मजबूर हैं। गत दो मार्च से अब तक 80000 से अधिक सीरियाई नागरिक इजरायली हमलों से बचने के लिए लेबनान की सीमा पार कर सीरिया जा चुके हैं। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार विस्थापन की स्थिति इतनी आपातकालीन है कि कई परिवार बिना अपना सामान लिए ही जल्दबाजी में लेबनान छोड़कर निकल गए।



■ एक दिन में एक लाख लोग विस्थापित, कुल संख्या 6.67 लाख के पार पहुंची

# भारत ने की अफगान पर हुए हवाई हमलों की निंदा

## हमलों को अंतर्राष्ट्रीय कानून, संयुक्त राष्ट्र चार्टर व राज्य संप्रभुता के सिद्धांत का 'घोर उल्लंघन' करार दिया

**नई दिल्ली/संयुक्त राष्ट्र।** भारत ने अफगानिस्तान पर हाल ही में हुए हवाई हमलों की संयुक्त राष्ट्र में कड़ी निंदा की है। पाकिस्तान-अफगानिस्तान के बीच बढ़ते सीमा पार संघर्षों के बीच भारत ने इन हमलों को अंतर्राष्ट्रीय कानून, संयुक्त राष्ट्र चार्टर और राज्य संप्रभुता के सिद्धांत का 'घोर उल्लंघन' करार दिया है।

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई प्रतिनिधि पर्वतनेनी हरीश ने महासचिव की रिपोर्ट में उजागर की गई उन चिंताओं का उल्लेख किया, जो सीमा पार हिंसा के कारण हताहत होने वाले नागरिकों से जुड़ी हैं। हरीश ने कहा कि महासचिव की रिपोर्ट में सीमा पार सशस्त्र हिंसा के कारण नागरिकों के प्रभावित होने पर गहरी चिंता व्यक्त की गई है। हम महासचिव के उस आह्वान का समर्थन करते हैं, जिसमें अंतर्राष्ट्रीय कानून और अंतर्राष्ट्रीय मानवीय कानून के तहत दायित्वों का पालन करने और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया है। उन्होंने कहा कि अफगानिस्तान के क्षेत्र पर हुए हवाई हमलों की भारत कड़ी निंदा करता है, जो अंतर्राष्ट्रीय कानून, संयुक्त राष्ट्र चार्टर और राज्य संप्रभुता के सिद्धांत का स्पष्ट उल्लंघन हैं। भारतीय दूत ने इस भू-आबद्ध देश पर आर्थिक दबाव के संबंध में भी चिंता जताई। हरीश ने गंभीर चिंता जताते हुए व्यापार के लिए रास्ता रोकने और चारों तरफ जमीन से घिरे देश की पहुंच को जानबूझकर बंद कर व्यापार और पारगमन आतंकवाद के अभ्यास का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि ऐसी कार्रवाइयों के सामने भू-आबद्ध विकासशील देशों पर संयुक्त राष्ट्र की घोषणाएं खोखली लगती हैं। इन देशों की व्यापारिक और पारगमन संबंधी मजबूरियों को हथियार के रूप में इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए। भारत के रुख की पुष्टि करते हुए हरीश ने कहा कि हम इन कृत्यों की निंदा करते हैं और अफगानिस्तान की क्षेत्रीय अखंडता, संप्रभुता और स्वतंत्रता के लिए अपने समर्थन की भी पुष्टि करते हैं। उन्होंने आतंकवाद के निरंतर खतरे का भी जिक्र किया। उन्होंने यह सुनिश्चित करने के लिए समन्वित अंतर्राष्ट्रीय प्रयासों का आह्वान किया कि आईएसआईएस और अल-कायदा जैसे संगठन अब सीमा पार आतंकवाद को बढ़ावा न दे सकें।



■ भारतीय दूत ने इस भू-आबद्ध देश पर आर्थिक दबाव के संबंध में भी चिंता जताई

# ऑस्ट्रेलिया ने पांच ईरानी महिला फुटबॉलरों को दी शरण

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया ने ईरानी महिला फुटबॉल टीम की उन पांच सदस्यों को मानवीय वीजा प्रदान किया है, जिन्होंने एक मैच से पहले राष्ट्रगान गाने से इनकार करने के बाद यहां शरण मांगी थी।

ईरान ने इन महिला खिलाड़ियों को युद्धकालीन गद्दार करार दे दिया था। ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीस ने कैनबरा में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि ऑस्ट्रेलियाई नागरिक इन बहादुर महिलाओं की स्थिति से बहुत मायूस हैं। उन्होंने कहा कि वे यहां सुरक्षित हैं और उन्हें यहां अपने घर जैसा महसूस करना चाहिए। ऑस्ट्रेलियाई गृह मंत्रालय ने इन पांच टीम सदस्यों के नाम कप्तान जहरा घंबारी, मिडफील्डर फातेमेह पसंदीदेह, जहरा सरबाली अलीशाह, मोना हमौदी और डिफेंडर अतेफेह रमजानीजादेह बताए हैं। ऑस्ट्रेलियाई गृह मंत्री टोनी बर्क ने कहा कि ईरानी टीम की शेष खिलाड़ी, गोल्ड कोस्ट के एक होटल में हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने टीम की अन्य सदस्यों को भी ऑस्ट्रेलिया में रुकने का अवसर दिया है। ईरान की महिला फुटबॉल टीम क्वींसलैंड, ऑस्ट्रेलिया में आयोजित 'एएफसी महिला एशियाई कप 2026' में भाग लेने आई थी। टूर्नामेंट के पहले मैच में दक्षिण कोरिया के खिलाफ टीम की खिलाड़ियों ने ईरान का राष्ट्रगान गाने से इनकार कर दिया और मौन खड़ी रहीं। इस कदम को ईरान सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के रूप में देखा गया। इसके बाद ईरानी सरकारी मीडिया ने खिलाड़ियों को 'युद्धकालीन गद्दार' करार दिया और उनके इस कृत्य को 'अपमान की पराकाष्ठा' बताया। रविवार को टूर्नामेंट से बाहर होने के बाद खिलाड़ियों को वापस ईरान लौटना था, लेकिन उनकी सुरक्षा को लेकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चिंताएं जताई जाने लगीं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ऑस्ट्रेलिया के इनको मानवीय वीजा देने के फैसले का स्वागत करते हुए इसे एक सही कदम बताया है। राष्ट्रपति ट्रम्प ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रुथ सोशल' पर जानकारी दी कि उन्होंने इस बारे में अल्बनीस से सीधी बात की है और वे इस संवेदनशील स्थिति को बेहतर ढंग से संभाल रहे हैं। इससे पहले राष्ट्रपति ट्रम्प ने चेतावनी दी थी कि अगर इन खिलाड़ियों को वापस ईरान भेजा गया तो उनके साथ बुरा बर्ताव हो सकता है या उन्हें मारा भी जा सकता है। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया को आगाह किया था कि खिलाड़ियों को वापस भेजना एक 'भयानक मानवीय भूल' होगी।



■ ईरान की महिला फुटबॉल टीम क्वींसलैंड ऑस्ट्रेलिया में आयोजित 'एएफसी महिला एशियाई कप 2026' में भाग लेने आई थी

# तुर्की में अमेरिकी 'पैट्रियट' मिसाइल सिस्टम तैनात

**अंकारा।** ईरान के साथ बढ़ते क्षेत्रीय तनाव और हालिया मिसाइल उल्लंघन की घटनाओं के बीच, तुर्की ने मंगलवार को कहा कि उसके प्रांत मालत्या में अमेरिका निर्मित 'पैट्रियट' हवाई रक्षा प्रणाली तैनात कर दी गई है। तुर्की के रक्षा मंत्रालय के अनुसार, यह कदम उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के 'उन्नत वायु और मिसाइल रक्षा' उपायों के तहत उठाया गया है।

रक्षा मंत्रालय ने सोशल मीडिया पर जानकारी देते हुए कहा कि क्षेत्र में हाल के घटनाक्रमों को देखते हुए, अपनी सीमाओं और हवाई क्षेत्र को सुरक्षित करने के लिए नाटो सहयोगियों के साथ परामर्श कर आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। मालत्या में तैनात पैट्रियट सिस्टम को परिचालन के लिए तैयार किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि मालत्या में नाटो का महत्वपूर्ण 'कुसेरिक रडार स्टेशन' भी स्थित है। यह तैनाती तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप अर्दोगन के ईरान को दी गई कड़ी चेतावनी के बाद हुई है। रिपोर्टों के अनुसार, ईरान से दागी गई एक बैलिस्टिक मिसाइल तुर्की के हवाई क्षेत्र में प्रवेश कर गई थी, जिसे पूर्वी भूमध्य सागर में तैनात नाटो रक्षा प्रणालियों ने नष्ट कर दिया। मिसाइल का मलबा गाजयिानटेप इलाके की खाली जमीन पर गिरा। यह पांच दिनों के भीतर इस तरह की दूसरी घटना है। राष्ट्रपति अर्दोगन ने कैबिनेट बैठक के बाद कहा कि ईरान द्वारा उकसावे वाले कदम उठाना जारी है, जो हमारे सदियों पुराने पड़ोसी संबंधों पर छाया डाल सकते हैं। हमने उसे आवश्यक चेतावनी दे दी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि तुर्की अपनी सुरक्षा के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार है।

■ तुर्की के रक्षा मंत्रालय ने उठाया ईरान से बढ़ते तनाव के बीच नाटो का बड़ा कदम

यौन समस्याएं



यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें

डा. सम्राट

नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।

नावल्टी सिनेमा चौक

मुजफ्फरनगर (यू.पी.)

M-9412211108